स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
29 अप्रैल, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -247 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



विराट एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज

## श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को पद्मश्री अवार्ड से किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई सेरेमनी में 4 पद्म

**पद्म अवॉर्ड्स 2025**

विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। 19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है। 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाना है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। पद्म अवॉर्ड के लिए इस बार 30 गुमनाम हस्तियों को चुना गया है। उनमें 100 साल की लीबिया लोबो सरदेसाई भी शामिल हैं, जिन्होंने गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लीबिया 1955 में पुर्तगाली शासन के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए एक जंगली इलाके में एक अंडर ग्राउंड रेडियो स्टेशन - वोज दा लिबरडेबे (स्वतंत्रता की आवाज) की को फाउंडर रही हैं।



शेखा अली | हृदय नारायण दीक्षित | पीआर श्रीजेश | आर अश्विन

ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विजयलक्ष्मी देशमाने को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री अवॉर्ड मिला। पैरा एथलेटिक्स कोच डॉ. सत्यपाल सिंह को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी से पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 96 साल की कठपुतली आर्टिस्ट भीमाव्वा डोड्डाबलप्पा शिलेक्याथारा को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। सिंगर जसपिंदर नरूला को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिकता पर अपने लेखन के लिए मशहूर अमेरिकी लेखक और शोधकर्ता स्टीफन नैप को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वैदिक स्कॉलर गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री से सम्मानित किया। इन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा का शुभ समय तय किया था। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हुआ। पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म भूषण अवॉर्ड दिया। क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ। योग शिक्षा में अग्रणी, कुवैत की शेखा शेखा अली अल-जबर अल-सबा को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार मिला। एक्टर और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार ग्रहण किया।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 36° |
| न्यूनतम तापमान | - 27° |
| सूर्योदय | - 05:31 |
| सूर्यास्त | - 06:36 |

बादल छाये रहेंगे।

## यूपी से बाहर किए गए सभी पाकिस्तानी नागरिक

### ऐसा करने वाला देश में पहला राज्य बना | 24 घंटे के अंदर की गई कार्रवाई | सीएम योगी ने खुद की मॉनिटरिंग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से ही केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को चुन-चुन कर देश से बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही पूरे देश में उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है, वहीं अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उसपर नजर रखी जा रही है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिया। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिये। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हे उनके देश रवाना किया जाए।




### बिलावल कर रहे बचकानी बातें : ओवैसी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जारी प्रदर्शन में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी पहुंचे। यहां उन्होंने वक्फ को लेकर सरकार के फैसले का विरोध किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र के कदमों का समर्थन किया। पहले उन्होंने कहा कि यह अधिनियम हमारे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इस अधिनियम को लाने का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को बचाना नहीं, बल्कि मुसलमानों से उन्हें छीनना है। इस दौरान उनसे जब पहलगाम हमले के बाद बिलावल भुट्टो जरदारी के 'खून बहेगा...' वाले बयान पर सवाल किया गया तो ओवैसी ने कहा कि बचपनें की बातें नहीं करना। उनकी मां को उनके ही देश में पल रहे आतंकवादियों ने मार डाला। क्या उन्हें पता भी है कि वे क्या कह रहे हैं? इससे पहले ओवैसी ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर हमला बोला था।



## पाकितान के कई चैनल भारत में ब्लॉक

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने भड़काऊ, सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे नैरेटिव, गुमराह करने वाली गलत सूचनाओं के लिए भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों को बदनाम करने वाली सामग्रियों की वजह से पाकिस्तान के कई चैनलों को देश में ब्लॉक किया है। इन चैनलों में डॉन न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, जियो न्यूज जैसे यू-ट्यूब चैनल शामिल हैं। इनके अलावा पाकिस्तान के कुछ पूर्व क्रिकेटरों और स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स के चैनल भी ब्लॉक हुए हैं। जिन यू-ट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया है उनमें से कुछ पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों के हैं। ऐसे प्रमुख यू-ट्यूब चैनलों में शोएब अख्तर, पूर्व तेज गेंदबाज तनवीर अहमद और पूर्व क्रिकेटर बासित अली का चैनल भी ब्लॉक है।

### अब शाहिद आफरीदी ने दिया घटिया बयान

**नई दिल्ली।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले पर बेहद घटिया बयान देते हुए कहा है कि भारत खुद ही अपने लोगों को मरवाता है और फिर खुद ही कहते हैं कि वो जिंदा हैं। शाहिद अफरीदी ने इस आतंकी हमले पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें वो भारत से इस हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के सबूत मांगते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भारत आरोप लगाने से पहले साबित करे कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ था।

### पाक को अब फारूक अब्दुल्ला ने सुनाई खरी-खरी

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि वह पहले पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में थे, लेकिन अब वह चाहते हैं कि केंद्र सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि इस तरह के हमले फिर कभी न हों। एएनआई ने अब्दुल्ला के हवाले से कहा, मैं हमेशा पाकिस्तान के साथ बातचीत का पक्षधर रहा हूं। हम उन लोगों को क्या जवाब देंगे जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? क्या हम न्याय कर रहे हैं? बालाकोट नहीं। आज, राष्ट्र ऐसी कार्रवाई चाहता है ताकि इस तरह के हमले कभी न हों। दो राष्ट्र सिद्धांत पर बात करते हुए अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 1947 में इस सिद्धांत को खारिज कर दिया था और आज भी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। अब्दुल्ला ने कहा, हमें अफसोस है कि हमारा पड़ोसी आज भी यह नहीं समझ पा रहा है कि उसने मानवता की हत्या की है। अगर उन्हें लगता है कि ऐसा करने से हम पाकिस्तान के साथ चले जाएंगे, तो हमें उनकी गलतफहमी दूर कर देनी चाहिए। हम 1947 में उनके साथ नहीं गए थे, तो आज क्यों जाएंगे? हमने उस समय दो राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था।



### संक्षिप्त समाचार

#### कूनो में चीते के पांच शावकों का जन्म

**श्योपुर।** कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में चीता नीरवा ने पांच शावकों को जन्म दिया है। इन पांच शावकों के जन्म के बाद प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित केएनपी में चीतों और शावकों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। इस महीने की शुरुआत में दो चीतों को गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किया गया था। इस प्रकार, मध्यप्रदेश में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 31 हो गई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''कूनो में नए मेहमानों का स्वागत है...अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है।

#### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से प्रतिबंधित संगठनकांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शगोलशेम लेम्बा मेइती और शगोलशेम रोमेन मेइती अपनी पार्टी के लिए धन जुटाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें रविवार को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने शनिवार को तेंगनौपाल जिले के टी मिनौ क्षेत्र से छह आईईडी बरामद किए और इन विस्फोटक उपकरणों को उसी दिन बम निरोधक दल द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया।

#### शेयर बाजार में फिर आई बहार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 456.05 अंक चढ़कर 79,668.58 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 112.85 अंक की बढ़त के साथ 24,152.20 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में तीन प्रतिशत की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टूब्रो और एनटीपीसी के शेयर भी सबसे अधिक मुनाफे में रहने वालों में शुमार रहे। एचसीएल टेक, टेक महिन्द्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस, बजाज फाइनेंस और नेस्ले के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की 225, और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहे।

## तहव्वुर राणा की रिमांड 12 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए की अर्जी पर सोमवार को कोर्ट ने

### एनआईए ने की थी मांग

फैसला सुनाया। राणा को उसकी 18 दिन की एनआईए हिरासत की समाप्ति पर कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया।
वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेन्द्र मान द्वारा चैम्बर कार्यवाही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा। इससे पहले 11 अप्रैल को कोर्ट ने राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा था। इस दौरान एनआईए ने उससे 2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ की। बता दें कि इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक घायल हुए थे। मुंबई आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। राणा को लेकर दिल्ली पहुंची राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष टीम में तीन अधिकारियों का सबसे अहम रोल रहा।

## भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्ते के बीच भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए

### पाक से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हालांकि, हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद मेगा अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक स्वीकृति दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) जेट विमानों के निर्माता डसॉल्ट एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे। राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं।



## भारत का सैन्य खर्च 7.19 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) का कहना है कि 2024 में दुनिया के

### 2024 में यह 1.6 प्रतिशत बढ़ा

### यह पाक से 9 गुना ज्यादा

पांचवे सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6 प्रतिशत बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रुपए रहा। सोमवार को जारी ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर 2024 रिपोर्ट के मुताबिक भारत अपनी सेना पर पाकिस्तान से 9 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सैन्य खर्च करने वाले दुनिया के टॉप 5 देश अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत हैं। इन पांचों का कुल सैन्य खर्च 1635 बिलियन डॉलर यानी 136.52 लाख करोड़ रुपए है। चीन का सैन्य व्यय 7.0 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 314 बिलियन डॉलर हो गया, जो लगातार तीन दशकों की बढ़ोतरी दिखाता है। रूस का सैन्य व्यय 2024 में अनुमानित 149 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह रूस की जीडीपी का 7.1 प्रतिशत और रूसी सरकार के सभी व्यय का 19 प्रतिशत है।

## कामकाजी महिलाओं के लिए बनेंगे 15 श्रमजीवी छात्रावास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सस्ती आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए 15 श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण मौजूदा वित्त वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू की गई योजनाओं के तहत प्रदेश में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सस्ती आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की निदेशक संदीप कौर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कामकाजी महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित व गरिमापूर्ण वातावरण मिले।

## जेएनयू छात्रसंघ के तीन पदों पर लेफ्ट काबिज

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन चुनाव में लेफ्ट ने 4 में 3 पदों पर जीत हासिल की है। प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट और जनरल सेक्रेटरी पद पर लेफ्ट समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स असोसिएशन (आइसा) के कैंडिडेट जीते हैं। आरएसएस समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 9 साल बाद सत्ता में वापसी करते हुए जॉइंट सेक्रेटरी पद जीता है। आइसा के नीतीश कुमार ने प्रेसिडेंट पद पर जीत दर्ज की है। डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) की मनीषा ने वाइस प्रेसिडेंट और मुन्तहा फातिमा ने जनरल सेक्रेटरी पद पर जीत हासिल की।

## इलाहाबादिया को वापस मिलेगा पासपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से पॉडकास्टर रणवीर इलाहबादिया को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करने के लिए रणवीर का पासपोर्ट लौटाने की अनुमति दे दी है। कोर्ट की पीठ ने असम और महाराष्ट्र सरकारों द्वारा रणवीर के खिलाफ जांच पूरी होने की बात कहने के बाद शर्त में ढील दी है। पीठ ने इलाहबादिया से कहा कि वह अपना पासपोर्ट लौटाने के लिए महाराष्ट्र साइबर पुलिस ब्यूरो से संपर्क करें। शीर्ष अदालत ने इलाहबादिया की ओर से पेश अभिनव चंद्रचूड़ से यह भी कहा कि वह उनके मुवक्किल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने और अगली सुनवाई पर इसे एक जगह लाने की उनकी प्रार्थना पर विचार करेगी।

## पाक के हवाई क्षेत्र बंद करने की हो रही समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने पर कहा कि सरकार हालात की समीक्षा कर रही है और उसके बाद ही कोई फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे विभिन्न एयरलाइंस के साथ मिलकर इस मुद्दे का हल निकालने के लिए चर्चा कर रहे हैं। आशंका है कि एयरलाइंस हवाई किराए में बढ़ोतरी कर सकती हैं। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। नायडू ने पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने पर कहा कि सरकार हालात की समीक्षा कर रही है।

### वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका शीर्ष अदालत में खारिज

## हम सैकड़ों याचिकाएं नहीं सुन सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ कानून के खिलाफ दायर की गई नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हम इस मुद्दे से जुड़ी सैकड़ों याचिकाओं को नहीं सुन सकते। केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। याचिकाकर्ता हस्तक्षेप आवेदन दायर करें। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सैयद अलो अकबर के वकील से कहा कि वह लंबित पांच मामलों में हस्तक्षेप आवेदन दायर करें, इन याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पांच मई को सुनवाई होगी। पीठ ने कहा कि आप याचिका वापस लें। हमने 17 अप्रैल को एक आदेश पारित किया था। इसमें कहा गया था कि केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। सीजेआई ने कहा कि याचिकाकर्ता के लिए लंबित याचिकाओं में आवेदन दायर करने की छूट होगी। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 17 अप्रैल को पीठ ने कुल याचिकाओं में से केवल पांच पर सुनवाई करने का फैसला किया और मामले का शीर्षक इन रीःवक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 रखा था। वक्फ कानून के खिलाफ एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, कर्नाटक राज्य एयूक्यूएएफ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनवर बाशा, अधिवक्ता तारिक अहमद, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद सहित करीब 72 याचिकाएं दायर की गई थीं।



## 'पहलगाम पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें कांग्रेसी'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को अपने पार्टी नेताओं से पहलगाम आतंकी हमले पर ऐसी कोई टिप्पणी न करने को कहा जो इस मुद्दे पर पार्टी के आधिकारिक रुख से अलग हो। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने निर्देश दिया, पहलगाम मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग बयान न दें। कांग्रेस की ओर से यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस हमले पर पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान भी शामिल है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार डोडा में 13 ठिकानों पर छापे

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का

### सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है। पहलगाम हमले के बाद से घाटी की सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है। साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए। पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है।









# अधूरी निर्माण परियोजनाओं को जल्द करें पूरा : डीएम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, यूपी पीसीएल, सीएंडडीएस, यूपी सीएलडीएफ, यूपी आरएनएसएस द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने सभी निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने लागत धनराशि के सापेक्ष परियोजना हेतु अवमुक्त अभी तक धनराशि की समीक्षा की तथा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कराए गए कार्यों, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों से ली गई। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, तत्पश्चात महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिसके क्रम में कार्यवाही संस्था के संबंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में ड्राइंग एवं डिजाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा पायलिंग का कार्य प्रगति पर है। कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विशुनपुरा परिसर में छात्रावास का निर्माण कार्य समीक्षा दौरान बताया गया कि अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाना था, फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है तथा अभी कुछ कार्य अवशेष है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार थाना तरया सुजान व सेवरही के कार्य की भी जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत हाटा स्थित कर्मह मठ, दिरजभर जैन मंदिर फाजिलनगर, रामकोला स्थित चेड़माई मंदिर परिसर में मेडिटेशन हाल, खिरकियां एवं शिव मंदिर में पर्यटन विकास कार्य, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के ईको पर्यटन विकास कार्य, रामाभार स्तूप के सक्रिकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण, सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों अंतर्गत कार्य में प्रगति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त रामपुर सोहरौना स्थित पर्यटन विकास कार्य, बनकटा बाजार स्थित काली मंदिर का कार्य साइनेज का कार्य, हाटा बस स्टैंड के नव निर्माण कार्य, कुशीनगर के अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य, राम जानकी मंदिर कसया के कथा मंडप, धर्मशाला एवं अतिथि गृह, गो संरक्षण केन्द्र कोहरवालिया, पशुचिकित्सालय कप्तानगंज, नेबुआ नौरंगिया की प्रगति की जानकारी दी गई। रामाभार स्तूप के सक्रिकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य की जानकारी लेते पूर्ण परियोजना का ले आउट डिजाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, श्रवण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे ।



## डीएम ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानो को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य विंदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व्यास नारायण उमराव, ईवीएम के नोडल अधिकारी तथा प्रधान सहायक सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक मुरलीधर शुक्ल, ब्रजभूषण प्रजापति, मकसूद अहमद कनिष्ठ सहायक, शशि कुमार मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर करें फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार ने 26 अप्रैल को राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद में फार्मर रजिस्ट्री को अभियान चलाकर पूर्ण कराए जाने एवं फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों के बारे में किसान भाइयों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया था। बैठक में उप कृषि निदेशक डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री अभियान के अन्तर्गत किसान की अलग-अलग खतौनी एक जगह पर एकत्र हो जाती है।

फार्मर रजिस्ट्री में कृषक व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटा में किसान का अंश, मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड संख्या एवं ईकेवाईसी का विवरण दर्ज किया जायेगा। उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि यह अभियान गत वर्ष 26 नवम्बर 2024 से जारी है जिसमें अब तक जनपद में 42.56 प्रतिशत प्रगति हुई है एवं राज्य का औसत प्रगति 46.56 प्रतिशत है और अधिकतम प्रगति वाले जनपद का प्रतिशत 56 है अन्य जनपदों के अपेक्षाकृत अपने जनपद की प्रगति संतोषजनक नहीं है। कैम्प मोड में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसे शासन ने 30 अप्रैल तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये है। फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से अधिक हो रही है जबकि किसान या किसी अन्य सहायक के माध्यम से अपने खतौनी की रजिस्ट्री फार्मर रजिस्ट्री अभियान के अंर्तगत कर सकता है। उन्होंने बताया कि किसानों का फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि ही नही बल्कि केसीसी, फसल बीमा जैसी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त होगा।

# वित्त राज्य मंत्री ने अधिवक्ताओं संग किया संवाद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** सोमवार को भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जिला बार एसोसिएशन, दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत मतदाता एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों के लिए मतदान कर सकेंगे, हालांकि पूरे देश में मतदान कई चरणों में हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य चुनावी प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों को कम करना, चुनावी खर्च को घटाना और बार-बार चुनावों के कारण शासन और प्रशासन में उत्पन्न होने वाले व्यवधानों को समाप्त करना है। पंकज चौधरी ने बताया कि भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट वर्ष 2024 में जारी की गई थी। इस रिपोर्ट की सिफारिशों को 18 सितंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, जो चुनाव सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली से न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी बल्कि नीति निर्माण और क्रियान्वयन में निरंतरता भी आएगी। पंकज चौधरी ने जोर देकर कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में शासन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में सामने आई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए व्यापक विचार-विमर्श और सभी पक्षों की आम सहमति आवश्यक है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष करुणाकर पति त्रिपाठी, अनूप सिंह, इन्द्रासन सिंह, हमीदुल्लाह खान, सुरेंद्र पांडेय, ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, देवेंद्र पाण्डेय, रमेश मिश्रा, प्रमोद श्रीवास्तव, हरेंद्र मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, मानवेंद्र शुक्ला, उपेंद्र द्विवेदी, रविशंकर त्रिपाठी, धनंजय पटेल, दिनेश गुप्ता, बशिष्ठ मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, सचिन चौधरी, बलराम दूबे, उमेश चंद्र तिवारी, अजय बर्मा और धर्मेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।



# आईपीएस बने उत्कर्ष ने बढ़ाया जिले का मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** स्व केशव लाल श्रीवास्तव के पौत्र, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के पुत्र उत्कर्ष श्रीवास्तव के आईपीएस में चयन होने पर शहर के विभिन्न वर्ग के लोगों ने उत्कर्ष श्रीवास्तव का भव्य स्वागत किया गया। पूर्वांचल सिक्ख वेलफेयर सोसाइटी यूपी, चित्रांश क्लब व कायस्थ सेवा ट्रस्ट बस्ती के संयुक्त संयोजन में एक होटल में स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए पूर्वांचल सिक्ख वेलफेयर सोसाइटी के सरदार जगबीर सिंह ने दादा जी और पिता जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन परिस्थितियों में यह परिवार संघर्ष करते हुए इस मुकाम पर पहुंचे हैं, स्वागत करने योग्य हैं। पढ़ाई लिखाई की लगन से आज यह परिणाम दिखाई दिया है, पूरा परिवार प्रशंसा का पात्र है, जगवीर सिंह ने कहा कि हम यही चाहते हैं कि वे शासकीय सेवा में रहकर परिवार, राष्ट्र एवं समाज का नाम रोशन करें। चित्रांश क्लब के संस्थापक राजेश चित्रगुप्त ने कहा कि इस होनहार युवक ने समाज का नाम जो रोशन किया है, यह बधाई के पात्र है। आईपीएस में चयन होने वाले उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि किसी परीक्षा के लिए मेहनत, लगन बहुत आवश्यक है। इस दौरान अमृत पाल सिंह सनम, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त, चित्रांश क्लब के अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव, कायस्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अजय पटेल, राजेन्द्र सिंह काका, अखिलेश कुमार शुक्ला मंटू, नितेश श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, अमर सोनी, दमन प्रीत सिंह, अमृत पाल डिप्टी, सरदार शैंकी सिंह, सर्वजीत सिंह शानू, जी रहमान, शेष नरायन गुप्ता उपस्थित रहे।



# शादी टूटने से बौखलाया युवक होने वाली सास के साथ फरार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक युवक द्वारा अपनी होने वाली सास को लेकर फरार होने की खबर चर्चा में है।

थाना क्षेत्र के भिउरा गांव के एक तेईस वर्षीय युवक की शादी गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव में तय हुई थी और शादी की तारीख तय होने के बाद साजो सामान की पेशगी दी जा चुकी थी। युवक अपनी होने वाली सास से घंटों मोबाइल से बात करने लगा जो दोनों परिवारों को अच्छा नहीं लग रहा था। युवक की हरकत से तंग आकर दोनों परिवारों ने शादी तोड़ दी और लड़की वाले ने लड़की की शादी दूसरे जगह तय कर दी और नौ मई शादी की तारीख तय की। शादी टूटने से युवक बौखला गया और होने वाली सास को लेकर रफूचक्कर हो गया। महिला के घर से गायब होने पर परिवार में सनसनी फ़ैल गई। महिला के पति ने खोड़ारे थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई जिसकी पुष्टि खोड़ारे पुलिस ने की है। महिला के परिजनों ने दुबौलिया थाने पर भी तहरीर देकर युवक राम स्वरूप कहार पर आरोप लगाया है कि महिला को अपने झांसे में लेकर लापता हो गया है फ़िलहाल महिला युवक के घर पर नहीं आई है ऐसा युवक के परिजनों का कहना है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर युवा संवाद का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के दृष्टिगत युवा संवाद का आयोजन एक शिक्षण संस्थान में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सतीश द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव मात्र चुनाव अथवा चुनावी खर्च के संबंध में नहीं अपितु भारत के विकसित राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, व्यापार व अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को साथ लेकर सरकार बिना किसी दबाव के राष्ट्र को विकास के पथ पर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ेगी। एक भारत श्रेष्ठ भारत का युवाओं के मन में भाव ही इस देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र के तरफअग्रसर करेगा व हमारे राष्ट्र भारत के विकास पूर्ण नीतियों में युवाओं का सहयोग होगा। देश का सबसे बड़ा देशभक्त देश का युवा होता है। भारतीय चुनाव में अनुमानित 1 लाख 90 हजार करोड़ रुपए का खर्च कम कर देश की विकासशील योजनाओं को प्रगति दी जा सकती है। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा अलग अलग समय पर चुनाव होने से कई तरह की परेशानी होती रही है, जो हम लोग भी महसूस करते रहे हैं। एक तो ख़र्च बढ़ता है, दूसरा ये कि विकास भी प्रभावित होता है। जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को युवाओं के बीच जा कर चर्चा करना युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को सही दिशा में मोड़ना ही युवा मोर्चा का ध्येय है। संचालन जिला महामंत्री विनय सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री उत्कर्ष शुक्ला, कार्यक्रम सह संयोजक व नगर महामंत्री भाजयुमो पल्लव श्रीवास्तव, राजन कन्नौजिया, दिव्यांशु दुबे, आनंद त्रिपाठी, रवि तिवारी, प्रद्युम्न शुक्ल, विश्वास चित्रांश सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया ।



# होनहार छात्रों को किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुहीराज।** क्षेत्र के डीपी राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुन्नी पट्टी के प्रधानाध्यापक ने सोमवार को विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रिंसिपल राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि कक्षा दसवीं की छात्रा रंजना गुप्ता ने ने 94.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में नौवां स्थान प्राप्त किया है। जबकि वंदना कुशवाहा ने 90.3 प्रतिशत, आशु कुशवाहा 87.8, नूरजन्त 87.3 प्रतिशत, अंजली गुप्ता 86.3 प्रतिशत, निधि 86 प्रतिशत, मधु गुप्ता 84.67 प्रतिशत, दयालु गुप्ता 86 प्रतिशत प्रतिशत, सोनाली कुशवाहा 84.4 प्रतिशत, किरन गुप्ता 84 प्रतिशत व अमीर अंसारी ने 82 प्रतिशत के साथ परीक्षा पास कर विद्यालय परिवार और अपने परिजन को खुशी का मौका दिया है। इस अवसर पर सुमंत मिश्र, राजू कुशवाहा, कालीचरण शुक्ला, ब्यास प्रसाद, विपिन पांडेय और विजयमल चौहान ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। अभिभावक ने बताया कि विद्यालय में पठन पाठन इतना अच्छा हुआ है कि बच्चों को कोचिंग करने की जरूरत नहीं पड़ी।

# वक्फ सुधार जनजागरूकता कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** सोमवार को भाजपा कार्यालय सभागार में वक्फ सुधार जनजागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम का मूल उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वक्फ विधेयक को लेकर अल्पसंख्यकों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के हित में लाया गया है। सहजानंद राय ने कहा कि भारत में करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से अधिकांश का लाभ वास्तविक हकदारों को नहीं मिल पा रहा है। कई वक्फ संपत्तियों पर बाहुबलियों ने कब्जा कर लिया है।



उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार हेतु मोदी सरकार द्वारा किए गए संशोधन कांग्रेस शासनकाल में गठित समितियों की सिफारिशों 1976 की वक्फ जांच रिपोर्ट, सच्चर समिति रिपोर्ट और के रहमान खान रिपोर्ट – पर आधारित हैं। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने भी कहा कि मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग वक्फ सुधार विधेयक का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग गरीब व जरूरतमंद मुसलमानों के कल्याण के लिए होना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी, अरुण शुक्ला सहित कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुरसेद अंसारी ने किया। संयोजक गौतम तिवारी और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक इल्ताफ अंसारी रहे।

# वर्तमान पीढ़ी ही कल का भविष्य



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** योग संस्कार और सामाजिक चेतना के लिए प्रतिबद्ध वसुधैव कुटुंब सरिता द्वारा चार दिवसीय योग ध्यान संस्कार और गीता प्रचार कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। जो चार दिन तक केडी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सहित रामेश्वरपुरी मे किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा, कर्नल केसी मिश्रा, संस्कार भारती की लता सिंह, ओपी पांडेय, उर्मिला पांडेय रहे। सरिता शुक्ला ने बताया कि आमंत्रित किए गए योग गुरु राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित तथा पतंजलि योगपीठ के वालंटियर हैं। सरिता शुक्ला ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं। योग गुरु बृजेश सारस्वत ने कहा कि नशा मुक्ति हरित क्रांति का चरित्रवान भारत हमारी वर्तमान पीढ़ी कल का भविष्य है। इस दौरान निदेशिका मधु चतुर्वेदी, सूर्यांश, जूली, सरिता शुक्ला, प्रधानाचार्य गोविंद सिंह, बालिका प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह, राहुल श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, प्रीति, राधिका, शुभ्रा सिंह उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बिछड़ी बेटी को मां से मिलाया

**महराजगंज।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के चौराहे पर रविवार को बाजार करने आई महिला की मासूम बेटी भीड़भाड़ के दौरान हाथ छूटने से बिछड़ गई। भेड़िया गाँव निवासी संगीता अपनी बेटी काव्या के साथ बाजार आई थीं, इसी दौरान यह घटना हुई। बेटी के गुम होने से घबराई संगीता बिलखती हुई सिंदुरिया थाने पहुंचीं और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में कांस्टेबल आनंद यादव व महिला कांस्टेबल रीमा चौहान की टीम सक्रिय हुई और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया।बेटी को पाकर संगीता की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। संगीता ने सिंदुरिया पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि वह इस मदद को जीवनभर नहीं भूलेंगी। पुलिस की तत्परता की लोगों ने भी सराहना की।

# अपना दल ने मनाई डॉ. अम्बेडकर की जयंती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** अपना दल एस ने विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम पंचायत कटरा बुजुर्ग में अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष निसार अहमद की अध्यक्षता में सविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया।

जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने कहा कि बाबा साहब के समय देश में ऊंच नीचए छुआ.छूत एवं सामाजिक विषमता चरम पर थीए जिसका दंश स्वयं बाबा साहब को भी झेलना पड़ाए बाबा साहब ने मानवता पर आधारित समता मूलक समाज की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव संजय सिंह पगार ने कहा कि बाबा साहब के आन्दोलन को मंजिल तक पहुंचाने के लिए हम लोगो को राजनैतिक रूप से सशक्त होने की जरूरत है। जयंती समारोह में प्रसिद्ध बिरहा गायिका सीमा सरगम एवं मोहित पटेल ने अपने गीत.संगीत के माध्यम से बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। आयोजक निसार अहमद एवं शिव कुमार चौधरी उपस्थित जन मानस के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन जिला मीडिया सचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राम नयन पटेल, झिनकान चौधरी, राजमणि पटेल, वन्दना पटेल, राकेश कन्नौजिया, किशन मौर्य, राम गोपाल कन्नौजिया, सईद खान, राम सिंह पटेल, बाबा राम जियावन दास, रामजीत पटेल, संजय चौधरी, अजीत वर्मा, संतराम पटेल, गंगेश्वर पटेल, राम चंद्र पटेल, राम पाल पटेल, लालचंद्र पटेल, सुरेंद्र पटेल, गीता देवी, राजेश्वरी शर्मा, विद्यावती शिवेंद्र पटेल, अमरनाथ चौधरी, लतीफ अंसारी, अमित चौधरी, रामचंद्र गुरु, राम तौल आदि मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## स्वर्ण व्यावसायियों ने दी श्रद्धांजलि




**बस्ती।** रविवार की शाम को पहलगाम शहीदों के श्रद्धांजलि के लिए कैंडल मार्च का आयोजन करुआ बाबा से दक्षिण दरवाजा तक किया गया, जो सर्राफा एवं स्वर्ण व्यावसायिक संघ के नेतृत्व में किया गया, सभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही सरकार से मांग की गई कि इस घटना में शामिल आतंकियों को व उनके सहयोगियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कुंदन लाल वर्मा, मनोज सर्राफ विश्वनाथ वर्मा, प्रभात सोनी, आर्यन, ओम प्रकाश आर्या, सूर्य प्रकाश शुक्ला, डब्बू श्रीवास्तव, विश्वनाथ सोनी, इम्तियाज, मोनू, उत्कर्ष, संजय सोनी, मनोज सोनी, सानू जैसवाल, रत्नेश तिवारी, विजेंद्र वर्मा, जितेंद्र सोनी, अबूलाल, विक्की अग्रवाल, बंटी गुप्ता, अंकुश, संजय, जगन्नाथ सोनी, सपन, पप्पू सर्राफ रामकृष्ण सोनी, पंकज, शुभम, कुलदीप अग्रहरि, ओमी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

मेडल पा कर छात्रों व छात्राओं के खिले चेहरे ।

## होनहार बच्चों को किया गया सम्मानित



**समउर बाजार, थाना तमकुही।** गंगुआ बाजार में सभी उत्तीर्ण छात्रों एवं छात्राओं को ग्राम प्रधान गंगुआ अख्तर अली ( गुड्डू ) के द्वारा मेडल दे कर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए।साथ ही उन्हें और आगे बढ़ने और मेहनत करने की प्रेरणा भी मिली। इस अवसर पे 70 त्नसे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राओं को ,सोनू ज्वेलर्स समउर बाजार के सोनू वर्मा द्वारा चांदी का कलम दे कर सम्मानित किया गया। वहां उपस्थित एक शिक्षक सुनील सर ने बताया कि अगर बच्चे पढ़ने को तत्पर हैं तो हम पढ़ाने में पीछे नहीं हटते।

# शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ रहा टैबलेट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कप्तानगज कुशीनगर।** विकास खण्ड कप्तानगंज के भगवन्त पाण्डेय महाविद्यालय में सोमवार को पीजी कक्षा के छात्र छात्राओं में समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि तथा सांसद विजय कुमार दूबे के हाथों टेबलेट वितरीत किया गया । टैबलेट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री दूबे ने माँ शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांसद विजय कुमार दूबे ने पीजी के दर्जनों छात्रों में टैबलेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद दूबे ने उपस्थित शिक्षकों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा देश की उन्नति के लिए शिक्षा,चिकित्सा तथा कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ना होगा। देश प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरन्तर आगे बढ रहा है ।भारत ने चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान - 3 को सफलता पूर्वक पहुंचाकर दुनिया को आश्यर्यचकित कर दिया है। जनपद में नवनिर्मित अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट तथा मेडिकल कालेज ने काम करना शुरू कर दिया है। प्रवन्ध अखिलेश पाण्डेय ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया । प्रबन्धक पाण्डेय ने कहा तीन फेज में पीजी के 373 छात्र छात्राओं में टेबलेट का वितरण किया जाना है । पहले फेज में 96 छात्र, छात्राओं में वितरण होना है। संचालन प्राचार्य डा, सुनील पाण्डेय ने किया। इस दौरान डॉ. विपिन बिहारी पाण्डेय बीएड प्राचार्य अवध किशोर प्रवक्ता पुण्डरीक मिश्र जय हिन्द यादव मेनका सिंह अनुराधा उपाध्याय के अलावा श्रीराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम गोरखपुरी विजय कुमार विचित्र मणि पांडेय राजकमल मद्धेशिया संजय यादव रविन्द्र प्रसाद अवधेश गिरी आनन्द मिश्र राजेश गुप्त निखिल उपाध्याय उपस्थित रहे है।



# आईएएस के घर चोरी

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बगही निवासी आईएएस अधिकारी के घर रविवार के दिन ताला तोड़ कर चोरों ने घर खंगाल दिया था। इस मामले में सी ओ तमकुही व फॉरेन्सिक टीम ने रबिवार की देर शाम तक मकान का जायजा लिया। थाना क्षेत्र के गाव बगही निवासी आईएएस अधिकारी मनोज कुमार राय जो वर्तमान में विशेष सचिव लखनऊ में तैनात हैं। उनके पैतृक गाव बगही में घर का ताला तो-ड़ कर चोरों ने पूरे घर को खंगाल दिया था। गांव में पैतृक मकान है जिसमे ताला बन्द है। रविवार के दिन दोपहर में गाव के लोगो ने सूचना दिया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। समान अस्त ब्यस्त बिखरा हुआ और फेका पड़ा है। सीओ अमित सक्सेना ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

# प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कसया/कुशीनगर।** श्रीराम जानकी मठ मंदिर परिसर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में संस्कार भारती द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के 56 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं लंच बाक्स देकर पुरस्कृत किया गया। महर्षि अरविंद विद्या मंदिर के प्रतिभागी रिया वर्मा, परी, अमृता, सना, अंजलि, श्वेता, आकांक्षा, अपाला, लिहसन बुद्धिस्ट इंटर कालेज के रंजना, निर्जला, अंशिका, श्वेता, सिद्धि, श्रेया, सपना, अर्पिता, स्व. फूलमती इंटर कालेज के अंकित, कृष्ण, अनुज, फैज, साईं कांवेंट स्कूल के अनन्या, अंशिका, रश्मि, नंदिनी, पलक, पूजा व आराध्या, ब्रिलिएंट सेंट्रल एकेडमी के अप्सरा, काजल, साबिया आदि को प्रशस्ति पत्र एवं लंच बाक्स देकर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने सम्मानित किया। त्रिभुवन मणि त्रिपाठी, महंत त्रिशभुवन शरण दास, पुजारी देवनारायण शरणसुंच ने उत्साह बढ़ाया। सुरेश गुप्ता ने कहा कि पुरस्कार जीतना नहीं प्रतियोगिता में सम्मिलित होना महत्वपूर्ण होता है। इंद्रासन प्रसाद, रवि श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता एड. आलोक कुमार श्रीवास्तव ने की व कोषाध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्त ने आभार ज्ञापित किया। संचालन विरेश कुमार राय ने किया। डा अनिल कमार सिन्हा, डा. सीमा गुप्ता, वंदना वेदेही, शिवानी श्रीवास्तव, गुनगुन जायसवाल, शिवराज मणि त्रिपाठी, यशस्वी मिश्र, सलोनी पांडेय, बृजेश कुमार त्रिपाठी, सुमन मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# जिले के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी : मंडलायुक्त

## कमिश्नर ने की सौंदर्यीकरण व नवनिर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त ने आज जनपद में चल रहे सौंदर्यीकरण और नवनिर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की स्थिति जानी और गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आयुक्त सभागार में जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान, मण्डलायुक्त ने प्रत्येक परियोजना की प्रगति, उसमें आ रही बाधाओं और उनके निराकरण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप चल रहे नवनिर्माण व सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों में भूमि अधिग्रहण व रजिस्ट्री व पेड़ कटाई तथा विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्यों में आने वाली बाधाओं को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करउन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों में स्थानीय संस्कृति और का ध्यान रखा जाए ताकि शहर की विशिष्ट पहचान बनी रहे। मण्डलायुक्त ने धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से कार्यों की प्रगति की निगरानी करने और किसी भी समस्या आने पर तत्काल उनके संज्ञान में लाने के लिए कहा। मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में जनपद में संचालित 10 करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त ने जनपद के सौंदर्यीकरण व नवनिर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा के क्रम में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सम्बंधित विभागों से समन्वय बनाकर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करते, उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जनपद के सौंदर्यीकरण और विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। बैठक के अंत में, मण्डलायुक्त ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय और निष्ठा से कार्य करते हुए जनपद को एक सुंदर और विकसित स्वरूप प्रदान करने में सफल होंगे। उन्होंने अगली समीक्षा बैठक की तिथि भी निर्धारित की, जिसमें कार्यों की प्रगति का पुनः आकलन किया जाएगा।

# जिले के दस अधिकारियों का डीएम ने रोका वेतन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने जनपद में जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने समय सीमा के भीतर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित न करने पर कई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया है।

जनपद में लंबित जन शिकायतों की बढ़ती संख्या पर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, कई विभागों द्वारा शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया और निर्धारित समय सीमा के बाद भी उनका समाधान नहीं किया गया। उन्हाने आईजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतों के निस्तारण के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण समय पर करें। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे लंबित शिकायतों की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी भी स्तर पर जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिन अधिकारियो का वेतन बाधित किया है उनके नाम नगर आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य अभियंता विद्युत को नोडल अधिकारी (आईजीआरएस) द्वारा उपरोक्त स्थिति में सुधार करने हेतु, रूचि न लिये जाने के कारण अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करते हुए दो दिवस के भीतर जिलाधिकारी को अवगत कराए इसी प्रकार जिलाधिकारी ने सचिव गोरखपुर विकास प्राधिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, तहसीलदार बांसगांव एवं गोला, अधिशासी अभियंता जलकल, जिला आबकारी अधिकारी का उपरोक्त स्थिति में सुधार करने हेतु, रूचि न लिये जाने के कारण अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित किया है।

# विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान की असीम संभावना : प्रो. जोशी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने आईसीएमआर)-आरएमआरसी का शैक्षिक भ्रमण कर वहां के विविध लैबों में जाकर जरूरी जानकारी हासिल की। क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र गोरखपुर के निदेशक प्रो. हरि शंकर जोशी ने विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान की असीम संभावना है। जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के विद्यार्थियों में अन्वेषकीय दृष्टि है। वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र का गठन 2008 में हुआ है। इंसेफेलाइटिस के प्रकोप से निपटने में आरएमआरसी के अनुसंधान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैज्ञानिक डॉ राजीव सिंह, डॉ. बृज रंजन मिश्रा इस केंद्र की प्रयोगशाला के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. अमन अग्रवाल, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. एसपी बेहरा, डॉ. रोहित बेनीवाल ने भी विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

# एकाग्रता से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है : उत्कर्ष



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** राप्ती नगर फेज एक निवासी उत्कर्ष श्रीवास्तव के यूपीएससी क्रेक कर आईपीएस रैंक हासिल कर पहली बार घर पहुंचते ही मुहल्ले में उत्सव जैसा माहौल रहा। मुहल्ले के लोगों ने छतों से फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

घर में मौजूद उत्कर्ष के पिता सुभाष लाल श्रीवास्तव माता बबिता श्रीवास्तव, बहन रूपल श्रीवास्तव, शालू श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया। सुभाष लाल श्रीवास्तव व बबिता श्रीवास्तव अपने पुत्र की सफलता पर गौरवान्वित थे। उत्कर्ष ने

**घर पहुंचते ही फूलों की वर्षा कर उत्कर्ष का किया स्वागत**

बताया कि उनकी सफलता में परिजनों के अलावा मित्र हर्षित श्रीवास्तव, उत्कर्ष पाण्डेय, हेमंत चंद्रा, हर्षिका पांडेय, वैष्णवी भट्ट का विशेष योगदान रहा जो उनका मनोबल बढ़ाते रहे। उत्कर्ष ने बताया कि सीमित संसाधनो में भी एकाग्रता से कोई भी सफलता हासिल किया जा सकता है। सिद्धार्थनगर जनपद के मूल निवासी उत्कर्ष की पढ़ाई गोरखपुर से हुई है। ग्रेजुएशन में कम अंक मिलने के बाद भी उत्कर्ष ने हिम्मत नही हारी और अपने लक्ष्य पर अडिग रहे।

# डीडीयू के हीरक जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह की श्रृंखला में शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा शनिवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया। प्रतियोगिता का विषय था सर्व शिक्षा अभियान एवं भारत। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. मीतू सिंह ने प्रस्तावना प्रस्तुत कर किया। उन्होंने छात्रों को विषय की महत्ता से अवगत कराया और निबंध लेखन के शैक्षिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए निबंध लेखन को व्यक्तित्व विकास और चिंतन क्षमता को बढ़ाने वाला माध्यम बताया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें इस तरह के अकादमिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रोफेसर सुनीता दुबे, डॉ. ममता चौधरी, डॉ. दुर्गेश पाल, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. ज्योति बाला, डॉ. मुकेश सिंह एवं डॉ. अर्जुन सोनकर ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सफलता में योगदान दिया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और सर्व शिक्षा अभियान की विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और ज्ञानवर्धक रहा।

# शत-प्रतिशत हिंदी में ही निष्पादित हो कार्यालय के कार्य : सौम्या माथुर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 28 अप्रैल को महाप्रबन्धक सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड एवं पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य सम्पादन करने के लिये शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में अपर महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल सहित गोरखपुर नगर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों, निगमों एवं उपक्रमों के प्रतिनिधि तथा राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने कहा कि वे जागरूकता बरतते हुए छोटी-छोटी कमियों को दूर करें और आगामी वर्षों में राजभाषा शील्ड प्राप्त करने का प्रयत्न करें। सुश्री सौम्या माथुर ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत हिन्दी संघ सरकार की राजभाषा है। इसके अनुपालन को ध्यान में रखते हुए हमें अपने समस्त कार्यालयी कार्यों को शत-प्रतिशत हिन्दी में ही निष्पादित करना चाहिए। सदस्य कार्यालय अपनी रिपोर्ट नियमित रूप से गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा दिये गये निर्धारित प्रारूप में राजभाषा पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करें। उन्होंने कहा कि राजभाषा प्रयोग के सभी प्रावधानों को अपने कार्यक्षेत्रों में लागू करने के प्रति निरन्तर सजग रहें। महाप्रबंधक ने कहा कि आप सभी के सम्मिलित प्रयासों से गोरखपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को एक उत्कृष्ट समिति के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मूल पत्राचार में शत-प्रतिशत हिन्दी का प्रयोग करें तथा राजभाषा सम्बंधी तिमाही बैठकों, हिन्दी कार्यशालाओं एवं राजभाषा के प्रचार-प्रसार के अन्य कार्यकलापों का नियमित रूप से आयोजन सुनिश्चित किया जाये। इसके पूर्व, पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के प्रति जागरूकता बनाये रखने की आवश्यकता है। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के डॉ. राजीव कुमार ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अनुसंधान केन्द्र द्वारा किये जा रहे गतिविविधयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। संचालन करते हुये राजभाषा अधिकारी व वरि. कार्मिक अधिकारी गोपाल प्रसाद गुप्ता ने की

# वैज्ञानिकों ने गन्ने की बीमारियों का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** गन्ना शोध संस्थान सेवरही के वैज्ञानिकों का एक दल चीनी मिल,तथा गन्ना समिति पिपराइच के अधिकारियों संग सोमवार को चीनी मिल परिक्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांव में बोये गये गन्ने का भौतिक सत्यापन किया। गन्ने में लगने वाले बीमारियों की जांच किया। बीमारी रोकने के सफल प्रयास पर चीनी मिल तथा गन्ना समिति के प्रयासों की सराहना की।

जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चन्द्र यादव के देखरेख व सेवरही कुशीनगर के कीट वैज्ञानिक डॉ विनय मिश्र के नेतृत्व में पादप रोग विशेषज्ञ योगेन्द्र भारती,शस्य वैज्ञानिक सत्येंद्र कुमार चीनी मिल व गन्ना समिति अधिकारियों संग क्षेत्र के ग्राम इस्लाम पुर, महुंअवा,पकड़ी ,मगडीहा आदि गांवों में बोये गये गन्ने का निरीक्षण किया। जड़ ,तना, पत्ते, सहित गन्ने के विकास का विश्लेषण किया। पकड़ी गांव के एक खेत में बोये गये गन्ने के कुछ पौधे में एकाध पौधे में शुरूआती टाप बोरर बीमारी की शिकायत मिली। एकाध को छोड़कर पूरे खेत में कोई बड़ी बीमारी नहीं मिला। खुशी जाहिर करते हुए चीनी मिल व गन्ना समिति के जिम्मेदारों के प्रयासों की सराहना किया। किसानों से गन्ने के बीज, बुआई की विधि, रख रखाव, खाद व कीटनाशक दवाओं आदि के बारे में गह गह जानकारी भी दिया ।तथा किसानों को सुझाव दिया कि खेत में यदि कोई पौधा रोग ग्रस्त मिले तो उस पौधे को खेत से निकाल दें तथा अगली फसल के लिए किसी रोग ग्रसित पौधे का प्रयोग बीज के रूप में कदापि न करें। जांच के दौरान चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक जगत राज,महा प्रबंधक गन्ना श्रीधर दूबे, एजीएम शिव कुमार त्रिपाठी,एस सीडीआई सुनील यादव, सचिव गोपाल प्रसाद, उप प्रबंधक अरविन्द मिश्र, सीडीओ उत्कर्ष मद्धेशिया, समिति के गन्ना पर्यवेक्षकों सहित गन्ना किसान वृषभान, सिब्बन, बद्री, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से मिलेगा ऋण

**कौड़ीराम।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत राज्य का कोई भी नागरिक जिसका आयु 18 से 40 के बीच होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत जो युवा रोजगार करना चाहता है, उसको 5 लाख तक का लोन ब्याज मुक्त मिलेगा, जिससे वह अपना व्यापार कर सके।

इसके लिए युवा को कोई बैंक गारंटी नहीं देनी होगी यही नहीं पहले 6 माह तक किस्त भरने की जरूरत नहीं है। अगर आप आठ वीं पास है तो इस योजना के तहत लोन प्राप्त कर सकते हैं। इसमें युवा के पास रंगीन फोटो, डिजिटल हस्ताक्षर, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना रिपोर्ट, तथा जिस बैंक में लोन के ले रहे हैं उसे बैंक का पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट, का होना अनिवार्य है।

# मेधावी छात्रों का बढ़ाया हौसला



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** कोआपरेटिव इंटर कॉलेज पिपराइच में सोमवार को हाई स्कूल व इंटर के टापर छात्रों को सम्मानित किया गया। 91.16 प्रतिशत अंक हासिल करने के बाद भी टाप टेन में जगह न बना पाने वाले दुखी छात्र सूर्यांश विश्वकर्मा के साथ अन्य मेधावी छात्रों का भी हौसला अफजाई किया गया।

प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र वर्मा ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पास होने वाले सभी छात्र बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर विद्यालय व परिवार का राम रौशन करने वाले हाई स्कूल मे 91.16 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र सूर्यांश विश्वकर्मा तथा दूसरे स्थान पर 88.50 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले आलोक कुमार,तथा इंटर गणित में 87.80 प्रतिशत रोशन मौर्य, 86.60 प्रतिशत अंक पाने वाले अभिषेक सिंह को उपहार,माला आदि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्यप्रकाश सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# द्वितीय जिला टॉपर अनन्या हुईं पुरस्कृत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** प्रतिभा सुविधा की मोहताज नहीं होती, यह साबित किया है बड़हलगंज कस्बा निवासी मनोज एवं वर्षा जायसवाल के पुत्र समर और पुत्री अनन्या जायसवाल ने।

अनन्या ने जहां 94.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान तो भी उसके भाई समर ने भी 90 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने में सफलता हासिल किया है। इस सफलता पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर सहित जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी ने सोमवार को मनोज के घर पहुंच कर उनकी प्रतिभाशाली बिटिया और पुत्र को सम्मानित किया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी दूरभाष पर अनन्या और उसके भाई समर को उनके शानदार प्रदर्शन की बधाई दिया। इस अवसर पर सभासद दीपक शर्मा, संजय कसेरा, उमेश यादव, विकास गौड़, हिमांशू गौड़, मनमोहन पटवा, ओम प्रकाश शर्मा, रजनीकांत मिश्र, सुरेश उमर, विनय ने भी बधाई दी।

# दहेज रहित विवाह समाज में ला सकता है सकारात्मक परिवर्तन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बडहलगंज।** मानव शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को गजपुर सीयर में गांव में दहेज रहित सामूहिक विवाह में 20 जोड़े गृहस्थ जीवन में कदम रखते हुए एक दूसरे के हम सफर बने। इस दहेज रहित विवाह संस्कार का गवाह बनने के लिए क्षेत्र जवार की भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल जीवन की कामना की।

नवयुगलों के लिए दुल्हन की तरह सजे पण्डालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता ने कहा कि दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है जिससे हमें लड़ना होगा। सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से हम दहेज रहित विवाह को बढ़ावा दे सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे दहेज रहित विवाह को अपनाएं और समाज को दहेज मुक्त बनाने में योगदान दें। भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता ने कहा कि दहेज हत्या जैसी कुप्रथाओं को रोकने में दहेज रहित सामूहिक विवाह सशक्त माध्यम है। बेटियों के पिता के दर्द को समझा और अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। संस्था के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता ने कहा कि दहेज रहित विवाह कराने में समस्याएं आती हैं, लेकिन समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से अब तक 500 से ज्यादा दहेज रहित विवाह संपन्न हो चुके हैं। मेरा संकल्प है कि हर महीने 21 बेटियों की शादी करायेंगे। संस्था की प्रिया गुप्ता ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक राय ने किया।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राम आशीष राय, दिग्विजय राय,अनीता, राजन सिंह, नेहा सिंह, विहिरप के जिलाध्यक्ष अभिषेक राय, भूपेन्द्र दीक्षित, अभिषेक राय, मंगेश तिवारी, पंकज यादव, विनोद नायक, सुरेश राय, सर्वेश पासवान, सहित अन्य लोग मौजूद थे। संस्था द्वारा वर वधुओं को उपहार में बेड, कुर्सी, आलमारी, कपड़े, बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान दिया गया। शादी में शामिल सभी लोगों के लिए भोजन का भी इंतजाम था। विवाह संपन्न कराने के लिए जनसेवा के दो सौ से अधिक कार्यकर्ता सक्रिय थे।

# युवा ही देश की दिशा तय करते हैं : पुष्पदंत जैन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल युवा के तत्वाधान में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात नवगठित युवा इकाई के महानगर कार्यकारिणी की विधिवत्त घोषणा की गई। बैठक के बीच में ही प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात भी सुनी गई। संचालन संगठनमंत्री दिलीप जायसवाल व आशीष शर्मा ने की। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मुख्य अतिथि पुष्पदंत जैन ने कहा कि युवा ही देश की दिशा दशा को तय करते हैं और युवा व्यापारी समाज देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। व्यापारिक क्षेत्र में युवाओं के बल पर भारत नीत या नए-नए निर्माण और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल युवा गोरखपुर इकाई निश्चय ही शहर के 42 व्यापारिक संगठनों में सबसे बेहतरीन और मजबूत संगठन उभर कर व्यापारिक हितों में महत्वपूर्ण योगदान का निर्वहन करेगी। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष मणिनाथ गुप्ता व उपाध्यक्ष शिवराज मलकानी ने कहा कि व्यापारी अपनी शक्ति का दुरुपयोग कभी नहीं होने देता है। पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए अशोक गुप्ता ने कहा इजराइल हमले की तर्ज पर पहलगाम में धर्म पूछ कर गोली मारने वाले पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को भारत सरकार कड़ा दंड देने की दिशा में बढ़ चुकी है। आदित्य गुप्ता ने नवगठित महानगर कार्यकारिणी युवा मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्वास और मनोयोग के साथ अपने व्यापार को सुचारू ढंग से व्यवस्थित रखते हुए कुछ समय बचाकर देशहित, समाजहित, व्यापारी हित में लगाना। उपाध्यक्ष प्रमोद अवस्थी, राजेश शिलाकुर, विंध्यवासिनी अग्रहरि, महामंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्रीगण अंबिके प्रजापति,अमर चौबे,प्रदीप यादव, मीडिया प्रभारी आकाश चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी इं विनीत मिश्र, आशीष शर्मा कार्यकारिणी सदस्यगण बलवंत दिवाकर,सचिन गुप्ता, मनोज गुप्ता, रवि गुप्ता आशीष गुप्ता रवि महतो, शिवनाथ, अनिल चौहान कौशल चौहान, सुमित तिवारी का गठन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पार्षद अशोक मिश्र, आफताब अहमद,विनय बुधवानी केके वर्मा, इरफान अहमद,जितेंद्र श्रीवास्तव,केके मिश्रा, अक्षय लाल, मुन्ना सिंह चौहान, सुभाष चौहान,विपिन बिहारी पांडेय, वैभव सिंह, गोरख उपस्थित रहे।

# नरहन गांव में बंदरों का आतंक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** उपनगर गोला के ग्राम सभा नरहन में बंदरों का आतंक लगभग एक महीने से बना हुआ , पूरा गांव दहशत के माहौल में जीने को हुआ मजबूर हैं। बीते एक महीने से नरहन गांव में काले बंदरों का आतंक मचा हुआ कई लोगों के घरों के पानी का प्लास्टिक टैंक बंदरों द्वारा तोड़ दिया गया और गांव में मनोज पांडेय का खपरैल का पुराना मकान है जिसको बंदरों ने खपरैल उजाड़ दिया है जब भी कोई भी ग्राम वासी बंदरों को भागने के लिए जाता है तो बंदर उस पर हमला कर देते है ग्राम वासी परेशान होकर इसकी सूचना फोन के माध्यम से बन विभाग को दिए तो वहां से कोई उचित आश्वासन नहीं मिल बल्कि उनको कहा गया कि हमारे पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जब गांव वाले ने प्राइवेट बंदर पकड़ने वालों से संपर्क किया तो उनकी फीस इतनी ज्यादा थी कि गांव के लोग फीस वाहन करने में असमर्थ है इस स्थिति में गांव वासी तहसील की तरफ जाने की सोच रहे जहां से उनको कुछ उम्मीद दिख रही। उनमें प्रमुख रूप से अरुण पाण्डेय, श्रीश पांडेय, मनोज पांडेय, डिंजू पाण्डेय, विनोद पांडेय , कृष्णा नंद पांडे आदि है।

# परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर होंगे कार्यक्रम

**गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष व्यंकटेश्वर नाथ तिवारी एडवोकेट ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की 30 अप्रैल को परशुराम जयंती के पूर्व संध्या पर 29 अप्रैल को सायंकाल 4 बजे कलेक्ट्रेट कचहरी निकट अधिवक्ता सभागार पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी।

# विद्यालय की टॉपर निगहत परवीन हुईं सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गगहा/गोरखपुर।** जनता इंटर कॉलेज मुजरी, हाटाबाजार के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल और इण्टर में अपने स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय का कुल रिजल्ट बेहतरीन रहा है। विद्यालय के कक्षा 12 वीं की छात्रा निगहत परवीन ने सर्वाधिक 406 अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉपर बनी। द्वितीय स्थान पर छात्रा अर्पिता प्रजापति जिसके 398 अंक है। तृतीय स्थान पर दो बालिकाएं सोनाली मौर्य और सोनाली साहनी रही जिन दोनों के बराबर 390 अंक है।

इसके अतिरिक्त छात्रा दामिनी गौंड के 381 और छात्र सचि सिंह के 378 अंक मिले है। कक्षा 10 वीं में दो छात्रों ने बराबर अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिनमें बंटी प्रजापति 496 अंक तथा ज्योति गौंड के भी 496 अंक ही है। द्वितीय स्थान पर रानी साहनी के 490 अंक है। तृतीय स्थान पर प्रीति प्रजापति के 481 अंक है। इनके अतिरिक्त ब्यूटी यादव के 475 और सुंदरम यादव तथा सृष्टि प्रजापति के बराबर 474 अंक है विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह गुड्डू सिंह ने इन बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह इन बच्चों की तथा विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और लगन का परिणाम है कि इन बच्चों ने पिछली बार की तुलना में इस बार ज्यादा अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक राजदेव तथा विद्यालय के प्रवक्ता प्रभुत्व श्रीवास्तव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा कहा कि विद्यालय का अध्यापन का स्तर काफी अच्छा हो गया है। पुरस्कार वितरण के समय विद्यालय के अध्यापकगण सत्येंद्र प्रजापति, कन्हैया लाल गौंड तथा अध्यापिकाएं प्रियंका त्रिपाठी, प्रीति यादव, खुशबू विश्वकर्मा, कंचन भारती, महिमा मौर्य,खुशी मौर्य आदि उपस्थित थे ।

## नीट परीक्षा : 2025 के सम्बन्ध में डीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**स्वतंत्र भारत,बहराइच ।** जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाली छम्म्ज् ;न्ळद्ध.2025 परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि 29 अप्रैल की शाम तक सभी परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जाय?ा लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों में प्रकाश तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाय। डीएम मोनिका रानी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्ट्रेटों की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा केन्द्रों पर यदि कोई कमी पायी जाती है तो उसे दुरूस्त कराएं। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि नीट परीक्षा-2025 हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय।बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल को लेकर सचेत करते हुए कहा कि शासन द्वारा नकल कराने पर रू. 01 करो? का जुर्माना तथा आजीवन कारावास की सजा का प्राविधान किया गया है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक नकल को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील रहेंगे। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी तथा जिला मुख्यालय पर कमाण्ड सेन्टर स्थापित किया जायेगा। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा संचालन के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान कर दी जाय। कालेज में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को संचालित करके देख ले सभी कैमरे फोकस्ड हों। डीएम ने कहा कि परीक्षा की सुचिता प्रभावित न हो इसके लिए किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कैलकुलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घ?ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## अवैध मदरसों के विरूद्ध तीसरे दिन भी हुई कारवाई

**स्वतंत्र भारत श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज कार्यवाही के तीसरे दिन तहसील भिनगा अन्तर्गत मदरसा अहले सुन्नत गुलशने रजा हरिहरपुररानी, मदरसा अरबिया अहले सुन्नत समसुल उलूम मे?किया, मदरसा गाजिया गुलशन रजा फाउंडेशन ब?ईपुरवा शाहपुर पूरे शिवदीन एवं मदरसा यतीम खाना गुलशाने रजा भरथा कला को मान्यता के सम्बन्ध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने के कारण बन्द कराया गया। तहसील जमुनहा के अन्तर्गत मदरसा इस्लामिया दारूल उलूम मन्तुरी फतेहपुर बनगई, मदरसा रिजविया अनवारूल कुरान कथरा बाजार दा0 कथरामाफी, मदरसा नूरिया कमरूल उलूम भगवानपुर भैसाही, मदरसा जामिया अरबिया इस्लामिया गौसुलवरा मैकूपुरवा भगवानपुर भैसाही, मदरसा इस्लामिया अरबिया बाबुल फुर्कान भगवानपुर भैसाही एवं मदरसा नूरिया इस्लामिया तालिमुल कुरआन कुण्डा को मान्यता के सम्बन्ध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने के कारण बन्द कराया गया।तहसील इकौना के अन्तर्गत मदरसा अरबिया फैजने मुस्तफा नरपतपुर इकौना, अवैध मदरसा पूरे मंशाराम एवं मदरसा महबूबे सुभाहानि ग्राम पूरे मंशाराम इकौना को मान्यता के सम्बन्ध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने के कारण बन्द कराया गया।इसके प्रकार अबतक की गई कार्यवाही में तहसील भिनगा के अंतर्गत कुल 14, इकौना में 05, एवं जमुनहा अंतर्गत 13 मदरसे बंद कराए गए है।उक्त कार्यवाही सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मदरसों को बन्द कराया गया।इसके अलावा राजस्व वाद की धारा 67 के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाली अवैध पक्के मकान, अवैध अतिक्रमण को मुक्त कराने की कार्यवाही की गई।

## सड़क निर्माण कार्य चढ़ा कमीशन खोरी की भेंट



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**बिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत पंच महुआ के गांव सोन का पुरवा मे नहर पक्की सड़क से गांव तक सड़क नव निर्माण कार्य किया जा रहा है,कुछ जानकारों ने कयास लगाया कि लोक निर्माण विभाग से बन रहा होगा, लेकिन सड़क निर्माण कार्य को देखकर लगता है कि इतना घटिया और मानक दरकिनार कर कार्य सिर्फ और सिर्फ जिला पंचायत से हो सकता है। कोई प्रोजेक्ट बोर्ड या शिलान्यास शिला नही लगा होने के कारण ज्ञात नहीं हो सका है कि कौन विभाग घटिया सड़क नव निर्माण कार्य कर रहा है। सड़क नव निर्माण में जी-3 गिट्टी की कुटाई मानक अनुसार नही किया गया है और उसके बाद जीएसबी गिट्टी तथा पत्थर चूर्ण या लाल मिट्टी से कुटाई नही किया गया है।गलीमत है कि जिला पंचायत के कार्य योगी सरकार मे दिखाई दे रहा है,पूर्व की सरकारों मे तो जिला पंचायत के अधिकतम कार्य कागजों मे सिमट जाया करता था।ठेकेदारों की भी अपनी व्यस्था है,सूत्र बताते है कि 30 प्रतिशत कमीशन देने के बाद 70 प्रतिशत मे लगाई गई पूंजी और खर्च तथा निर्माण कार्य करना होता है। हालांकि यदि जिला पंचायत से सड़क निर्माण कार्य हो रहा हो तो अपर मुख्य अधिकारी नरेन्द्र पाल सिंह गौर फरमाएं और यदि लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 से हो रहा हो तो सहायक अभियंता गौर फरमाएं,गरीबों के गाढ़ी कमाई को यूं न बर्बाद किया जाए।ग्रामीणों ने बताया कि खड़ंजा बिछा हुआ था उसी के ऊपर सड़क बनाई जा रही है, इस तरह से बनाई गई सड़क कितने बरखा झेल पाएगी।

## खबर एक नजर

### सरकारी भूमि पर अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की हुई कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती, ।** सू0वि0। भारत नेपाल सीमा के दायरे में आने वाली सरकारी भूमि पर बने अवैध पक्के मकान, स्थाई/अस्थाई अवैध अतिक्रमण को मुक्त कराने हेतु धारा-67 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित तहसील भिनगा अंतर्गत ग्राम भरथा रोशनग? में स्थित मस्जिद गाटा संख्या 334/0.073 हे0 व गाटा संख्या 335/0.016 हे0 पर निर्मित है तथा आंशिक भाग सरकारी भूमि पर निर्मित है। जिसे हटाये जाने हेतु ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती।** थाना सिरसिया पुलिस' द्वारा भगवानदीन पुत्र श्यामलाल निवासी महासेमरा दा0 चौलाही थाना सिरसिया श्रावस्ती के कब्जे से '10 लीटर' कच्ची शराब बरामद होने के अपराध में थाना सिरसिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल '07' व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंदी हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियरध्चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान '181' वाहनो का मोटर वाहन अधिनियम से ई-चालान कर 'रू0 1,24,600 का शमन किया गया।

### कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में सम्मिलित हुए 113 छात्र

**स्वतंत्र भारत,बहराइच ।** राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच के प्रधानाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि शिक्षण संस्थान परिसर में लैम्बर्ट लाईटिंग प्रोडक्ट्स प्रा.लि. एवं कल्लनी आटोकास्ट प्रा.लि., ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित पूल कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में तथागत गौतम बुद्ध राजकीय पालीटेक्निक सिरसिया श्रावस्ती के 18, राजकीय पालीटेक्निक बहराइच के 60 एवं राजकीय पालीटेक्निक मोहम्मदपुर बहराइच, के 35 कुल 113 छात्र साक्षात्कार में सम्मिलित हुये। प्रधानाचार्य श्री कुमार ने बताया कि नियोक्ता कम्पनी द्वारा चयनित छात्रों की सूची 01 सप्ताह में उपलब्ध करायी जायेगी। प्लेसमेन्ट कार्यक्रम में शिक्षण संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 30 अप्रैल को

**स्वतंत्र भारत,बहराइच ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 30 अप्रैल 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### तहसील महसी से निर्गत आय प्रमाण-पत्र हुआ निरस्त

**स्वतंत्र भारत,बहराइच ।** तहसीलदार महसी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल श्रीमती अर्चना सिंह एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 25 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम गोपचंदपुर, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी अवनीश कुमार पुत्र विजय बहादुर बाजपेयी के पक्ष में तहसील महसी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र आवेदन संख्या 241800010152694 व प्रमाण पत्र संख्या 502241019199 को निरस्त किया जाता है। तहसीलदार महसी ने बताया कि उपरोक्त आय प्रमाण पत्र का उपयोग किसी भी राजकीय योजना के लाभ, व्यवसाय, नौकरी आदि के लिये नही किया जायेगा, यदि आवेदक द्वारा इसका उपयोग किया जाता है तो वह नियमों के विपरीत होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

### तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक वरुण कुमार सिंह मय हमराह सिपाही किशन यादव,अनुज कुमार ने चेकिंग दौरान आजाद सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी भूपियामऊ नूरानी मस्जिद सराय बहेलिया के पास से एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।आजाद सिंह पर 13 अपराधिक मामले दर्ज है।

### पुलिस ने गैंगस्टर आरोपी को भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।**बाघराय थाना के सिपाही राजेन्द्र नाथ तिवारी गैंगस्टर आरोपी का साए की तरह पीछे करते रहे। आरोपी मुकेश पांडेय पुत्र राम लखन पांडेय निवासी कुटिलिया रायगढ़ थाना महेशगंज को नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।बहादुर आरक्षी राजेंद्र नाथ तिवारी को एसपी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### हनुमान मंदिर के 18 वें स्थापना दिवस पर पाठ व भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**महावीर हनुमान मंदिर के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य श्रीरामचरित मानस पाठ और भंडारे का आयोजन अखौवा गांव मे किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होने की अपील की गई है।कार्यक्रम 29 अप्रैल मंगलवार को श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ होगा और बुधवार को पूर्णाहुति,हवन एवं भंडारा संपन्न होगा।आयोजक श्री दुर्गा साड़ी एवं सूट कलेक्शन,मेन रोड पट्टी (सेंट फ्रांसिस स्कूल के बगल) प्रोपराइटर राकेश गुप्ता ने सभी से कार्यक्रम और भंडारे में शामिल होने की अपील की है।इस आयोजन में मुख्य भूमिका रघुनाथ गुप्ता,हरी नाथ गुप्ता,बैजनाथ,मुकुंदीलाल गुप्ता,यदुनाथ,दीनानाथ गुप्ता आदि है।

## बस्ती जलने के चार दिन बाद भी पीड़ितों को कोई राहत नही



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**पट्टी तहसील क्षेत्र के महदहा गांव में 24 अप्रैल को वर्मा बस्ती में अचानक आग लग गई।दिन में लगी आग तेज हवा के कारण उत्तरोत्तर बढ़ती चली गई और कई घरों को अपने आगोश में लपेट लिया जिससे करीब 15 लोगों के आवासीय छप्पर देखते ही देखते जलकर राख हो गए। उसमें रखा पूरा गृहस्थी का सामान खाने-पीने की वस्तुओं सहित संपूर्ण घर जल गया था।मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने 24 घंटे के अंदर सरकारी सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया,लेकिन चार दिन बाद भी लोगों को एक तोला अनाज नहीं मिला और ना ही कोई सहायता मिली।पीड़ित किसी तरह खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे है।पीड़ित उषा देवी इंद्रमणि वर्मा लालमणि वर्मा जीत लाल वर्मा हरीलाल अमर बहादुर संजय राम लखन राजमणि आदि लोगों ने सोमवार को एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए अन्यथा सभी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल से संपर्क किया तो उसने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है ।

## छत्रधारी इंटर कालेज ने तीन छात्रों को दिखाया बाहर का रास्ता

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भावनीगंज जमाने से अनुशासित विद्यालय रहा है, यहां के पढ़े हुए बच्चे आज अपनी सेवाएं विभिन्न क्षेत्रों मे प्रदान कर रहे हैं,कई छात्र लोक सेवक बने है। विद्यालय प्रबंधन ने अनुशासनहीनता कर रहे तीन छात्रों को हमेशा के लिए विद्यालय से बाहर का रास्ता दिखाया है।ये छात्र आए दिन छात्रों से झगड़ा करना,वीडियो बनाना आदि अनुशासनहीनता के कार्य शामिल है।विद्यालय के अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य ने कई बार चेतावनी एवं अभिभावकों को सूचित किया किन्तु असर नही हो रहा था,इसलिए विद्यालय प्रबंधन ने कड़ी कार्यवाही करते हुए इंटर के तीन छात्रों को हमेशा के लिए कालेज से निकाल दिया है।छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र भारत नाम प्रकाशित करने से परहेज करता है।

## खुली बैठक में वन अधिकार समितियों का पुनर्गठन

**स्वतंत्र भारत,बहराइच।** पंचायत भवन सुजौली परिसर में मंगलवार को ग्राम सभा सदस्यों की खुली बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेश कुमार गुप्ता ने की तथा मुख्य अतिथि और सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी जंग हिंदुस्तानी रहे।ग्राम प्रधान राजेश गुप्ता ने बैठक में कहा कि ग्राम पंचायत से सटे वन भूमि पर बसे सुकड़ी पुरवा, श्रीराम पुरवा व सताइस पचपन गांवों के वन निवासियों को वन अधिकार कानून 2006 के तहत अधिकार मान्यता और सत्यापन हेतु ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के पुनर्गठन के लिए यह बैठक बुलाई गई है।ग्राम पंचायत सचिव विजय वर्मा ने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व में गठित समितियों द्वारा किए गए दावा सत्यापन कार्य की निष्पक्षता पर सवाल उठने के चलते अब नए सिरे से समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि कि आज की बैठक में तीनों ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों में 15-15 सदस्य नामित किए गए हैं। समितियों में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है साथ ही समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। आगामी सप्ताह के भीतर समितियां आपसी विचार-विमर्श कर अपने अध्यक्ष और सचिव का चयन करेंगी। इसके बाद 30 दिनों के भीतर दावा सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी जंग हिंदुस्तानी ने जानकारी दी कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के सदस्यों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि सदस्यों को वन अधिकार कानून 2006 की जानकारी दी जा सके।

## अधिशासी अधिकारी के साथ फोन पर हुई अभद्रता व धमकी को लेकर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली पुलिस ने नगर पंचायत लालगंज के अधिशासी अधिकारी के साथ फोन पर की गई अभद्रता व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।प्रयागराज जिले के देव प्रयागम झलवा धूमनगंज निवासी अभय रंजन पुत्र दयाराम यहां नगर पंचायत लालगंज मे अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यरत है।अधिशासी अधिकारी अभय रंजन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नगर पंचायत के सफाई विभाग में ठेका कर्मचारियों के रूप मे चालक पद पर तैनात वृंदावन पाण्डेय ने बीते माह काम छोड़ दिया है।इस पर उन्होंने उसका कार्यालय में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया था।पी?ित अधिशासी अधिकारी का आरोप है कि 25 अप्रैल को आरोपी वृंदावन पाण्डेय ने उससे फोन पर आपत्तिजनक वार्ता की और अभद्रता करते हुए जानलेवा धमकी दी।पी?ित ईओ का यह भी आरोप है कि आरोपी ने फोन पर कहा कि नगर पंचायत कार्यालय उसकी जमीन पर बना है।

## सीओ ने प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के कुशल निर्देशन मे कुंडा सीओ अमरनाथ गुप्ता के द्वारा सई कांप्लेक्स मे सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी, सीडब्लूसी,जे.जे. बोर्ड, एसजेपीयू,एएचटीयू के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्बन्धित को जे.जे. एक्ट-2015 एवं पॉक्सो एक्ट-2012,किशोर न्याय समिति अधिनियम-2015 के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी देते हुए उनके कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए गए।

## एपीओ की मनमानी से ग्राम प्रधान परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।**बिहार ब्लॉक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मिश्रा के करतूतों से ग्राम प्रधान परेशान बताए जा रहे है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर ग्राम प्रधान ने बताया कि एपीओ के द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन करने मे लेट लतीफ करना और ब्लॉक समय से नही आना तथा ब्लॉक आ भी जाएं तो क्षेत्र में नही जाना। पत्रकारों की टीम ब्लॉक पहुंची तो देखा कि एपीओ की कुर्सी खाली पड़ी है।दूरभाष पर सम्पर्क की कोशिश करने पर फोन बन्द बता रहा था।बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लिया है।

## शादी का झांसा देकर किशोरी के अपहरण का केस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**उदयपुर थाना के एक गांव के पी?ित का आरोप है कि शादी का झांसा देकर गांव का ही आरोपी धर्मेन्द्र यादव उर्फ हब्बू पुत्र रामजियावन यादव उसकी 17 वर्षीय किशोरी को अगवा कर ले गया।पी?ित ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका भी जतायी है।एसएचओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष वयस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है।

## दहेज हत्या के तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत** एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली भिनगा पुलिस ने दहेज हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना कोतवाली भिनगा अंतर्गत रेवलिया गांव में शुक्रवार की रात सुषमा देवी उम्र लगभग 23 वर्ष पत्नी देवराज उर्फ गोलू वर्मा की घर के अंदर कमरे में छत के पंखे में रस्सी से फंदे से लटकता संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस और मायके पक्ष वालों को दिया था। मृतका के ससुराल पहुंचे मायके पक्ष वालो ने बेटी को दहेज के लिए मार डालने का आरोप लगाते हुए कोतवाली भिनगा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था पुलिस ने कोतवाली भिनगा पर धारा मु0अ0सं0 0188/2025 धारा 85,80(2) ठछै व 3/4 क्र् ।ब्ज् में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

## जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी नीट की प्रवेश परीक्षा

**बहराइच ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को आयोजित छम्म्ज् ;न्ळद्ध.2025 परीक्षा जिले के जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। किसान पी.जी. कालेज, लखनऊ रोड बहराइच में 02 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। जबकि केन्द्रीय विद्यालय नानपारा की प्रधानाचार्या सुश्री राज कुमारी निगम को सिटी को-आर्डिनेटर नामित किया गया है।यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंदघर के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्रीमती पूजा चौधरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 384 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, छावनी सरकार गेंदघर के लिए प्रधानाचार्या श्रीमती किरन देवी को केन्द्र व्यवस्थापक व अति. मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 360 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र आ?ाद इण्टर कालेज, चांदपुरा चौराहा के लिए प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट महसी अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।इसी प्रकार 408 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज, सिविल लाइन, निकट इंदिरा स्टेडियम के लिए प्रधानाचार्य संतोष चन्द्र शुक्ला को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा लालधर यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र महिला महाविद्यालय, सिविल लाइन के लिए प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक कैसरगंज प्रकाश सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-ए के लिए प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट पयागपुर राकेश कुमार मौर्या को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 480 परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-बी हेतु प्रो. ओम प्रकाश सोनी को केन्द्र व्यवस्थापक व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा संजय कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## पहलगाम घटना पर पोस्ट करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।**जम्मू कश्मीर के पहलगाम घटना को लेकर एक आरोपी द्वारा इंटरनेट मीडिया पर की गयी पोस्ट उसे भारी प?ी।पोस्ट को लेकर लोगों में आक्रोश भी पनप उठा दिखा।इस मामले में सनातन सेना के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सांगीपुर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठायी।मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कडी पूछताछ की।इसके बाद पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।सांगीपुर इलाके में रविवार को इंटरनेट मीडिया पर पहलगाम घटना से जु?ी एक पोस्ट को लेकर आक्रोश पनप उठा।सनातन सेना के कार्यकर्ताओं आलोक सिंह,अतुल मिश्र,शैलेन्द्र सिंह,अटल सिंह,अंकुर सिंह,राहुल सिंह आदि ने सांगीपुर थाने पहुंचकर एसओ को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि आरोपी सीएचसी सांगीपुर में कर्मचारी भी है।कार्यकर्ताओं की ओर से कहा गया है कि उसके द्वारा इंटरनेट मीडिया पर की गयी पोस्ट से धार्मिक उन्माद ब?ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।आक्रोश देख पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि हिरासत में लिया गया आरोपी मो.उमर सीएचसी सांगीपुर में कर्मचारी है।शांतिभंग में उसका चालान किया गया है।तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### नगर पालिका परिषद मे सफाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि सदर बाजार वार्ड में संचारी रोग के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु नाला गैंग के माध्यम से नालियों की साफ-सफाई कार्य कराते हुए सिल्ट आदि का निस्तारण कार्य कराया गया।साथ ही नालियों के आस-पास उगी झाड़ियों की कटाई भी करायी गयी एवं साथ ही हर्बीसाइड का छि?काव कर घासों,झा?ियों को नष्ट कराया जा रहा है,तथा नालियों में एण्टी लार्वा का भी छि?काव कराया जा रहा है।

## यूपी बोर्ड 2025 में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों ने मारी बाजी

**बहराइच।** ग्रामीण क्षेत्र में संचालित बप्पा जी गर्ल्स इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शनहाल ही में जारी हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उत्तर प्रदेश के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जनपद मुख्यालय से सुदूर ग्राम पंचायत चफरिया में संचालित बप्पा जी गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने 2025 की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की। हाईस्कूल की परीक्षा में सौरभ कुमार ने 600 में से 498 अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान अखिलेश कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर हासिल किया और तीसरा स्थान विपिन वर्मा ने 600 में से 476 अंक प्राप्त कर हासिल किया। कालेज का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 97 रहा। इंटरमीडिएट में देवप्रकाश ने 500 में से 425 अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान हासिल किया और कॉलेज टॉपर भी रहा।

## बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स का हुआ सम्मान

**लालगंज, प्रतापग?।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षा में अव्वल रहे मेधावियों का विद्यालय में समारोहपूर्वक सम्मान हुआ। शिक्षकों से सम्मान पाकर मेधावी छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज में सोमवार को समारोहपूर्वक जिले की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाले विद्यालय के मेधावी बच्चों के साथ ही विद्यालय में अव्वल रहे मेधावियों का सम्मान किया। हाईस्कूल यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल के छात्र सत्यम यादव ने पन्चान्वे प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में नौंवा स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी विद्यालय की इण्टर की छात्रा प्रगति तिवारी ने 90.4 प्रतिशत तथा अदिति ओझा ने नब्बे प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में क्रमशः चौथी व छठवीं रैंक हासिल की है। विद्यालय के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र व प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने जिले के टॉपरों तथा विद्यालय के टॉपर मेधावियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उमेशपाल मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, हर्षद शुक्ल, केशवराम ओझा, बसन्त मिश्र, जितेन्द्र सिंह, वैभव त्रिपाठी, सतीश मिश्र आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी क्रम में रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज सगरा सुन्दरपुर में भी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में विद्यालय में अव्वल रही छात्रा हिमानी सिंह, शिवा मिश्रा, प्रिंसी पाण्डेय, लवी पाण्डेय, सृष्टि तिवारी, सृजल यादव, मारिया बानो, हर्ष शुक्ल, आयुषी वैश्य, शाइस्तानाज तथा इण्टर में अव्वल रही छात्रा काजल सरोज, कोमल गौतम, अनामिका धुरिया, गौरव धुरिया, जय शुक्ल, तनुजा शुक्ला, पवन शर्मा, गौरव शर्मा, गीतांजलि तिवारी, अमित यादव को प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा फल अव्वल रहा। संचालन मधु द्विवेदी ने किया।

## शिक्षक संघ ने बैठक कर धरने की रणनीति बनाई

**श्रावस्ती** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मांगोंध्समस्याओं के निराकरण हेतु उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसकी तैयारी के सम्बंध में सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भिनगा में बैठक करके धरने की रणनीति बनाई। जिसमें विनय पांडेय जिलाध्यक्ष, सत्य प्रकाश वर्मा जिला मंत्री,अनूप श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष हरिहरपुररानी सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक मंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ जनपद स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार 29 अप्रैल 2025
# प्रयागराज
कौशाम्बी/ वाराणसी/ भदोही

## प्रयागराज का बीएसएफ जवान गुलाम मोहम्मद शहीद

### पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर ड्यूटी के समय तबीयत बिगड़ी, थोड़ी देर में दम तोड़ा; घर पर लगी भीड़

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** के बीएसएफ जवान गुलाम मोहम्मद शहीद हो गए। पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर तैनात 45 साल के गुलाम मोहम्मद की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी। थोड़ी देर में उन्होंने दम तोड़ दिया। हंडिया के बरौत कस्बे में उनके घर पर लोगों की भीड़ लगी है। सोमवार सुबह जवान के निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक छा गया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच रहे हैं। मुख्तार अहमद के बेटे गुलाम मोहम्मद कई साल से देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे थे। मुख्तार ने बताया- ड्यूटी के दौरान उनके बेटे की तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। रात 12 से सुबह 6 बजे की ड्यूटी थी जवान के पार्थिव शरीर को सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव लाया जाएगा। पूरा गांव अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने की प्रतीक्षा कर रहा है। भाई जियाउल हक ने बताया- सुबह 6 बजेँ एइ की ओर से फोन पर मौत की जानकारी दी गई। बांग्लादेश बॉर्डर पर लाश मिली है। रात में 12 से सुबह 6 बजे तक बॉर्डर पर उनकी तैनाती थी। परिवार वालों ने बताया कि गुलाम मोहम्मद ने 2005 मेँ एइ ज्वाइन किया था। दो दिन पहले परिवार वालों से उनकी बात हुई थी। तब उन्होंने कोई परेशानी नहीं बताई थी। बीमार भी नहीं थे। परिवार कोँ एइ ने पीएम रिपोर्ट में करंट लगने की बात बताई गई है।



## दिन दहाड़े वृद्ध दंपत्ति की धारदार हथियार मारकर हत्या घटना को लेकर सनसनी







**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** नैनी थानांतर्गत पीडीए कालोनी निवासी रिटायर टीसीआई प्रबंधक एवं उनकी पतनी पर घर में घिसकर उस दिन दहाड़े धार दार हथियार से मारकर घायल कर दिया गया। गंभीर दशा में अस्पताल ले जाने पर पति पतनी को मृत घोषित कर दिया गया घटना के समय दोनों घर में अकेले मौजूद थे। पड़ोसियों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के माध्यम से छानबीन शुरू कर दी है। हमलावरों का कुछ पता नहीं चल सका है। मिली जानकारी के अनुसार अरुण कुमार श्रीवास्तव (66) अपनी पतनी मीना श्रीवास्तव (60) के साथ एडीए कॉलोनी स्थित अपने मकान में रहते थे। सोमवार को दंपती की हत्या कर दी गई। घटना के समय दोनों घर में अकेले थे। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को घायला वस्था में एसआरएन अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दंपती को तीन बेटियां और एक बेटा है। तीनों बेटियों की शादी हो गई है। बेटा रीवा मध्य प्रदेश में एसबीआई बैंक में कर्मचारी है। पुलिस ने एक बिजली मिस्त्री समेत दो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## अन्नू विश्वकर्मा ने बोर्ड परीक्षा में अपने को किया साबित

### 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर बढ़ाया क्षेत्र और परिवार का मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** माता-पिता के लिए अपने बच्चे की हर सफलता किसी सौगात से कम नही होती। बच्चे की काबिलियत खुद के साथ माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा करती है। मेजा तहसील क्षेत्र के मांडा पयागपुर गांव के इंदो जीत नारायण विश्वकर्मा की पुत्री अनन्नू विश्वकर्मा ने 10 वीं बोर्ड परिक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार को खुशी दी है। राजकीय हाईस्कूल उल्दा मांडा पयागपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा अनन्नू विश्वकर्मा पुत्री इंदो देवी जीतनारायण विश्वकर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता व परिजनों का मान बढ़ाया है।अनन्नू विश्वकर्मा के पिता जीतनारायण विश्वकर्मा एक मजदूर है । अनन्नू विश्वकर्मा का मूल निवास मेजा तहसील के मांडा विकास खंड के पयागपुर ग्राम सभा है। परिवार व क्षेत्र के लोगों ने उसे बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नात-रिश्तेदारों और परिचितों ने उक्त सफलता पर सोशल मीडिया पर बधाई दी है।



## मां मेरे लिए ईश्वर का स्वरुप थीं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** योगाचार्य धर्मचंद्र जी ने अपनी मां की चौथी पुण्यतिथि पर कहा कि जीवन में मां का स्थान महत्वपूर्ण है। अक्सर जीवन में जब माता-पिता नहीं होते हैं तो हमें उनकी कमी महसूस होती है लेकिन उसके पश्चात बस यादें ही बाकी रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि इंसान कितनी भी शिक्षा प्राप्त कर ले लेकिन बचपन में मां बाप द्वारा दिए गए संस्कारों का प्रभाव आजीवन उसे प्रभावित करता है। इंसान वही होता है जैसे उसकी मां होती है यही कारण है कि मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है। ईश्वर स्वयं इस धरती पर नहीं आ सकता इसलिए उसने मां का निर्माण किया। वीर शिवाजी महाराज, स्वामी विवेकानंद,दयानंद सरस्वती एवं अनेकानेक महान पुरुषों के व्यक्तित्व निर्माण में मां की भूमिका प्रमुख रही। भरत जैसे महान व्यक्तित्व का जन्म शकुंतला जैसी क्षत्राणी ही दें सकती थी। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को देते हैं। मौके पर उपस्थित गायत्री परिवार के बाबा जी ने कहा कि आत्मा का अस्तित्व कभी खत्म नहीं होता यही कारण है कि महान व्यक्तित्व कभी मरते नहीं बल्कि वह अमर होते हैं। मौके पर रामचंद्र गुप्ता, जगतपाल पटेल , राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मोहित, नेहा गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।




## मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय के नये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बने डॉ0 बसंत कुमार सिंह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** जाने-माने आई सर्जन डॉक्टर बसंत कुमार सिंह बने मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय के नये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ बसंत कुमार सिंह ने सोमवार को एमडीआई के सीएमएस का पदभार किया ग्रहण, मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय उत्तर भारत का उत्कृष्ट आई हॉस्पिटल है,

यहां पर आंख के मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है, डॉ बसंत कुमार सिंह ने मरीजों को अच्छी चिकित्सा सेवा मुहैया कराने को प्राथमिकता बताया है, डॉ बसंत कुमार सिंह ने प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और एमएस की पढ़ाई पूरी की है,

मूलत आजमगढ़ के रहने वाले डॉक्टर बसंत कुमार सिंह ने 1994 में एमडीआई में बतौर आई सर्जन कैरियर शुरू किया था, इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एसपी सिंह और एमडीआई की डायरेक्टर डॉ अपराजिता ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं, प्रोफेसर संतोष कुमार,प्रोफेसर विनोद सिंह,डाक्टर आनंद शुक्ला,डाक्टर प्रबोध कुमार,डाक्टर विभूदेश डाक्टर सीतांशु डॉ जितेंद्र सरीन, डॉ विनोद और डॉ जागृति व अन्य स्टाफ ने बुके देकर स्वागत किया।



## सत्य एवं न्याय पथ ही ईश्वर प्राप्ति का मूल साधन है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री राजेश तिवारी

**कोरांव प्रयागराज।**सत्य एवं न्याय पथ ही ईश्वर प्राप्ति का मूल साधन है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं एशोसिएशन बोरिंग टेकनेशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने वरिष्ठ समाजसेवी पं0 शेषमणि शुक्ला से उनके निज निवास सिरखिड़ी मेजा प्रयागराज में उनके नवजात नाती के मूल पूजन एवं ब्रह्मभोज कार्यक्रम के दौरान कही।गौरतलब हो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्री शुक्ला के बीच बहुत ही घनिष्ठतम पारिवारिक सम्बन्ध हैं एवं दोनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख-दुःख में अवश्य सहभागिता करते रहते हैं।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य एवं न्याय पथ ही ईश्वर प्राप्ति का मूल साधन है क्योंकि सत्य ही ईश्वर है एवं न्याय ही उनका निवास स्थल है।जब किसी का जो स्वरुप व निवास स्थल हो उसी पथ पर गमन करने का अर्थ ही यह है उसकी प्राप्ति।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जिला मंत्री श्री शुक्ला के नवजात नाती के मंगलयमय जीवन एवं दीर्घायु जीवन हेतु ईश्वर से विनयवत प्रार्थना भी की और कहा कि ईश्वर इस बालक को सम्पूर्ण जीवन में सदा सुखी रखें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि सत्य पथ ही नारायण रूपी प्रह्लाद की भक्ति है,न्याय पथ ही इस संसार की अमोघ शक्ति है।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी जे0पी0 तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री द्वारा ईश्वर प्राप्ति का बहुत ही सुन्दर एवं सार्वभौमिक सत्यमय वाणी का वर्णन किया गया है।वास्तव में सत्य एवं न्याय पथ ही ईश्वर प्राप्ति का मूल साधन है।



## कौशल विकास देश के विकास के लिए आवश्यक- डॉ शिखा दरबारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** ज्रोटरी एकेडेमिया इलाहाबाद द्वारा संचालित रोज़गार उन्मुख वोकेशनल सेंटर -उडान- का आज प्रथम दीक्षांत समारोह बेनहूर स्कूल एंड कालेज कैंपस में संपनन्न हुआ। इस अवसर पर चीफ कमिशन्र इनकम टैक्स ( रिटायर्ड ) डा0 शिखा दरबारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और रोटरी क्लब के 'उड़ान' सिलाई कार्यक्रम के प्रथम दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई।

डॉ. शिखा जो ग्रामीण युवाओं के उत्थान हेतु अपने अथक कार्यों के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सच्ची प्रगति की आधारशिला हैं, चाहे वह व्यक्ति के लिए हो या राष्ट्र के लिए।उन्होंने रोटरी क्लब के इस सार्थक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की और प्रथम बैच के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, 'उड़ान' केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है; यह हमारी बालिकाओं के लिए नए क्षितिज खोलने का एक मिशन है, और आज पहली बैच को उड़ान भरते देखना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उनके द्वारा रोटरी पदाधिकारियों के साथ 18 महिलाओं को अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र बांटा गया। ज्ञात रहे की उडान सेंटर का यह प्रथम टेलरिंग बैच था जिसका आरम्भ मई 2024 में हुआ था। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने इंटरैक्ट क्लब बेनहूर के 12 इनटरएक्टर्स को उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट सामुदायिक सेवा के लिए सम्मानित किया। रोटरी ग्लोबल ग्रांट के तहत प्राप्त हुई 6 साइकिलें लाभार्थियों को दी गई एवं उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त 11 टैबें ढ्ढच्छ के छात्रों को सुपुर्द किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डा0 शिखा दरबारी ने रोटरी क्लब इलाहबाद एकेडेमिया के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उडान की छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे ज़िन्दगी में ऊँची उडान भरने एवं समाज में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रोटरी एकेडेमिया इलाहबाद के संस्थापक तारिक खान, पूर्व अध्यक्ष डा0 अफ़रोज़ जहाँ , अध्यक्ष आफताब अहमद , आने वाले वर्ष में अध्यक्ष डा0 सय्यद नाज़िम अहमद , सचिव असरा नवाज़ ,इंटरैक्ट एडवाइजर अलीना खान , सबीहा खान , मिनाक्षी सिंह , क्लब के कोषाध्यक्ष परवेज़ अहमद , क्लब ट्रेनर शम्स तबरेज़ , रिज़वानी खान , डा0 आरिज़ क़ादरी , सय्यद सईद अशरफ ,ढ्ढच्छ के अध्यक्ष अहमद मकीन , मो0 अमीन , फरीद अहमद , राहुल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।







## अभिनव' प्रयागराज एवं रानी रेवती देवी विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सृजन श्रृंखला -8 संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** अभिनव प्रयागराज एवं रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में ललित कलाओं के समागम एवं नव कलाकारों को मंच प्रदान करने एवं उनके प्रोत्साहन हेतु दो दिवसीय 'सृजन श्रृंखला-8' विद्यालय के सभागार में संपनन्न हुई त अभिनव प्रयागराज के अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव ने बताया कि रंगकर्म को समझने के लिए ललित कलाओं का समझना आवश्यक है, नयी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए एक मजबूत और प्रभावी प्लेटफॉर्म, सही अवसर, और उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। यह मंच प्रतिभाओं को अपनी कला और कौशल दिखाने के लिए एक जगह प्रदान करना चाहिए, जो उन्हें आगे बढ़ने और अपने करियर में सफल होने में मदद करता है। कार्यक्रम का संयोजन राज्य ललित कला अकादमी के प्रसिद्ध कलाकार रवींद्र कुशवाहा ने चित्रकला का, सांस्कृतिक कार्यक्रम का डॉद अयना बोस चटर्जी, एवं मूर्ति कला का प्रसिद्ध मूर्तिकार शिवम प्रजापति ने किया त कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल, अध्यक्ष बांके बिहारी पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथियों में शरद गुप्त, युगल किशोर मिश्र, मोहन जी टंडन, विजय उपाध्याय, श्याम नारायण राय सहित अन्य सम्मानित अतिथियों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ त कार्यक्रम का सबसे प्रमुख पहलू यह रहा कि समस्त गुरुओं का सम्मान उनके शिष्य एवं शिष्याओं के द्वारा तिलक, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह से किया गया एवं जो भी प्रस्तुतियां संपनन्न हुई सभी में शास्त्रीयता एवं अपनी विलुप्त होती लोक कलाओं के समावेश का भरपूर असर देखने को मिला तदो दिवसीय उक्त कार्यक्रम में विश्व विख्यात प्रसिद्ध नृत्यांगना उर्मिला शर्मा, विद्यालय के संगीताचार्य एवं प्रसिद्ध गायक मनोज गुप्ता,तबला वादक प्रभाकर दयाल, नृत्यांगना प्रीति सिंह, नृत्यांगना संगीता विश्वकर्मा, गायिका अर्चना दास, गायिका उमा दीक्षित, गायिका ज्योति मिश्रा,गिटार शुभाशीष चटर्जी, गायक संतोष पांडे एवं नर्तक राकेश यादव, कलाकार डॉ जाहेदा खानम सहित सभी के शिष्य शिष्याओं ने गायन, वादन, नृत्य ,चित्रकला एवं माटी कला की प्रस्तुतियों एवं प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध करते हुए एक अमिट छाप छोड़ी तदो दिवसीय कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां एवं प्रदर्शन से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई त



## सुख-दुःख में अपनों का सच्चा साथ ही इस संसार की सबसे बड़ी खुशी है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री राजेश तिवारी

**कोरांव प्रयागराज।**सुख-दुःख में अपनों का सच्चा साथ ही इस संसार की सबसे बड़ी खुशी है यह अनमोल वचन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं एशोसिएशन बोरिंग टेकनेशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं किसान यूनियन किसान प्रयागराज मण्डल प्रभारी पं0 रामशिरोमणि तिवारी से उनके निज निवास चौकी मेजा प्रयागराज में उनके भतीजे अंकित तिवारी के व्रतबन्ध एवं तिलकोत्सव के शुभ अवसर पर कही।खबरतलब हो कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री राजेश तिवारी तथा वरिष्ठ समाजसेवी किसान यूनियन किसान प्रयागराज के मण्डल प्रभारी श्री तिवारी के बीच बहुत ही घनिष्ठतम पारिवारिक सम्बन्ध हैं और दोनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख-दुःख में अवश्य सहभागिता करते रहते हैं।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुख-दुःख में अपनों का सच्चा साथ ही इस संसार की सबसे बड़ी खुशी है क्योंकि सुख या दुःख हो उस समय मनुष्य को अपने प्रियजनों की अत्यधिक याद आती है और वे अगर इस सुख-दुःख में साथ रहे तो मनुष्य को संसार की सबसे बड़ी खुशी प्राप्त होती है।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने श्री तिवारी के भतीजे को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए ईश्वर से विनयवत प्रार्थना की कि श्री तिवारी के भतीजे के जीवन में सदैव खुशियाँ ही खुशियाँ रहे एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि सुख-दुःख मैं जो साथ रहे वही सच्चा मित्र है,सुख में हँसे और दुःख में रोए वही साथी पवित्र है।इस अवसर पर उपस्थित किसान यूनियन किसान प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष भैया जी मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री द्वारा एक सच्चे मित्र की सच्ची पहचान बहुत ही सुन्दरता एवं सत्यमयता के साथ वर्णित किया गया है और साथ ही साथ किसान यूनियन किसान मण्डल प्रयागराज युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंह चंदेल ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा एक सच्चे मित्र का परिचय बहुत ही सुन्दर एवं अकाट्य सत्य वाणी में वर्णित किया है



## इफको फूलपुर इकाई की टीम द्वारा स्थानीय गाँव- महुलिया में जाकर किसान चौपाल लगाया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई की टीम ने स्थानीय गाँव- महुलिया में जाकर किसान चौपाल लगाया जिसमें किसानों को धान की फसल पर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि के बारे में बताया। टीम ने छिड़काव की विधि, इसकी मात्रा तथा इसके लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि आगामी धान की फसल में जमीन के एक हिस्से में खेती नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी से ही करें तथा अंतर देखे। अतः इसका अधिक से अधिक प्रयोग करें। इस वर्ष इफको की तरफ से निःशुल्क ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा कोर्डेट की टीम किसानो को ड्रोन विधि से छिडकाव का प्रशिक्षण देगी। चौपाल में किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रति उत्साह दिखाया। इस दौरान कार्डेट के प्राचार्य डॉ हरिश्चंद्र, उमेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण),प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी,जन सम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, मुकेश तिवारी, ग्राम प्रधान कमलाशंकर सिंह, किसान राम प्रताप, विजय सिंह, कुसुम देवी, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

## त्रिभुवन दास महाराज जी ब्रह्मलीन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** झूंसी क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में कुटी बनाकर त्रिभुवन दास महाराजजी ईश्वर की भक्ति करते थे बाबा गांव के लोगो को ईश्वर की भक्ति करके परमार्थ को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते थे। अपने उपदेश में वह कहते थे सच्चाई के मार्ग चल कर मनुष्य की आत्मा परमात्मा से मिलन करके मोक्ष के मार्ग प्रशस्त कर सकती है लेकिन 105 वर्ष के बाद त्रिभुवन दास महाराज जी कल रविवार को शाम 5बजे ईश्वर में ब्रह्मलीन हो गये ग्रामीण लोगो ने त्रिभुवन दास महाराज के निधन पर शोक जताया और गाजे बाजे के साथ क्षेत्रो मे भ्रमण कराने बाद साहिदागंज घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया इस समय सैकड़ो की संख्या मे भक्तगण और ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 223 समर स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन, कुल 4165 फेरे लगाए जाएंगे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस समर सीजन में कुल 223 समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जो यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब तक अप्रैल माह में इन ट्रेनों द्वारा 1280 फेरे सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं।

मई माह में इन समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ाते हुए कुल 1491 फेरे लगाए जाएंगे। जून माह में भी इन ट्रेनों द्वारा 1371 फेरे सफलतापूर्वक संचालित किए जाएंगे। इस प्रकार, अप्रैल, मई और जून तीनों महीनों में कुल 4165 फेरे लगाए जाएंगे।

उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ सुरक्षित, समयनिष्ठ और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। उत्तर मध्य रेलवे अपने उच्च स्तरीय सेवा मानकों को बनाए रखते हुए आगे भी यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## वृद्धि पर अनुमान

आने वाले वर्षों में भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना के दावों के बीच यहां की आर्थिक गतिविधियों के संबंध में व्यक्त किए जाने वाले अनुमान वास्तव में उत्सुकता का विषय हैं। पिछले दिनों आईएमएफ, आर्थिक सहयोग विकास संगठन व विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कटौती की है। यह बहुत विषय तो नहीं लेकिन इस बारे में विचार करने की जरूरत बताता है। ट्रंप के टैरिफ अभियान से पड़ने वाले असर तो हालिया विषय हैं पर पिछले करीब दस वर्षों के दौरान विशेष रूप से दक्षिण एशिया क्षेत्र के देशों के सामने इस मामले को लेकर जैसी चुनौतियां रही हैं, उन्हें देखते हुए वैश्विक संस्थानों-रेटिंग एजेंसियों द्वारा व्यक्त कटौती अनुमान एक तरह से हमें सावधान करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इस तरह के अनुमानों के पीछे के कारणों पर अभी से गंभीरता के साथ ध्यान दिया जाए। आर्थिक प्रगति के बावजूद पिछले कुछ समय से इसे लेकर अनिश्चितता तो छाई ही हुई है, सार्वजनिक पूंजी निवेश भी प्रभावित हुआ है। चिंता का विषय यह भी है कि निवेश और उपभोग को बढ़ावा देने को करों में कटौती व व्यापक बदलावों के बाद भी निजी निवेश रफ्तार नहीं पकड़ रहा है। इसलिए विचार का मुद्दा यह भी है कि उद्योग और व्यापार जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ने के बाद भी आम आदमी का विकास की गतिविधियों से जुड़ाव क्यों नहीं हो पा रहा है। इन गतिविधियों का केंद्र आम आदमी ही है जिसे लेकर और जिसके सहारे इनका संचालन होता है। हालांकि यह कोई बहुत निराशाजनक विषय नहीं है पर इसको लेकर गंभीरता की जरूरत तो है ही जिससे आगे चलकर स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो। फिर भी उम्मीद यही की जानी चाहिए कि देश तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना रहेगा और वैश्विक स्तर पर आर्थिक कामकाज धीमा पड़ने के बावजूद देश की आर्थिक वृद्धि दर साढ़े छह प्रतिशत की दर से तो बढ़ ही सकती है। रिजर्व बैंक ने भी ऐसा ही अनुमान व्यक्त किया है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह अनुमान निराशाजनक भी नहीं माना जा सकता क्योंकि नीतियों के अच्छे ढंग से कारगर होने के लिए अनुकूल वातावरण भी होना तो जरूरी है। इन अनुमानों को एक सबक के रूप में लिया जाना चाहिए।

## दोतरफा नुकसान

सड़क दुर्घटना देश के लिए एक गंभीर समस्या बन गयी है. यह न असमय लोगों की जानें ले रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी हानि पहुंचा रही है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गडकरी ने फिर कहा है कि देश में हर वर्ष 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1.88 लाख लोग मारे जाते हैं. इस कारण भारत को हर वर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन प्रतिशत नुकसान उठाना पड़ता है. यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है. गडकरी ने यह बात नयी दिल्ली में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एएमसीएचएएम) के एक कार्यक्रम में कही. गडकरी ने माना कि देश के लिए सबसे गंभीर समस्या सड़क दुर्घटनाएं हैं. उपरोक्त आंकड़े चिंताजनक हैं, न केवल जन की हानि के लिहाज से, बल्कि इस लिहाज से भी कि इस उम्र के लोग श्रमबल के सर्वाधिक उत्पादक आयु वर्ग के लोग हैं. देश की अर्थव्यवस्था में इसी आयु वर्ग के लोग सर्वाधिक योगदान देते हैं. गडकरी ने यह भी बताया कि इन दुर्घटनाओं में हर वर्ष दस हजार किशोरों को भी अपनी जान गंवानी पड़ती है. केंद्रीय मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं को प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों में से एक माना. सड़क हादसों में मारे जाने वाले या घायल होने वालों में कितने ही लोग अपने घर के अकेले कमाने वाले सदस्य होते हैं, जिसका असर उनके पूरे परिवार पर पड़ता है. कमाने वाले की मौत होने, दुर्घटनाग्रस्त होने या अपंग हो जाने पर घर की आर्थिक स्थिति तो बिगड़ती ही है, स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र पर भी बोझ बढ़ता है. इससे परिवार की क्रय शक्ति प्रभावित होती है, जो अंततः देश की आर्थिकी को भी प्रभावित करती है. केंद्रीय मंत्री ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सलाहकार को सड़क दुर्घटनाओं के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया. कई बार सड़क डिजाइन में कमियों के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं. दुर्घटना के अन्य कारणों में लापरवाही से ड्राइविंग, तेज गति से गाड़ी चलाना, सड़क पर अनियमित गड्ढे, मोड़ और यातायात नियमों की अनदेखी भी शामिल है।



## काँव-काँव



♦♦♦

**आफिस आने जाने में लगते जिंदगी के कई साल**
नौकरी छोड़कर लोग अपनी उम्र बढ़ा सकते हैं!

**पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं-मोदी**
जनता सुरक्षा न दे पाने वालों को दंडित करेगी!

**गंगा एक्सप्रेसवे पर उतरेंगे लड़ाकू विमान-योगी**
बिहार की चुनावी सभाओं में गर्जना सुनाई देगी!

**जबरन वसूली करने में आयकरकर्मी गिरफ्तार**
वसूली के काम को अपना समझ रहा था हुजूर!

**छत्तीसगढ़ में मिली नक्सलियों की रिहायशी गुफा**
देखना, कहीं ध्यान में बैठे हनुमान न मिल जायें!

**मुंबई स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में आग**
विपक्षी दलन को न सताईये, जाकी मोटी हाय!

♦♦♦

# जरूरी था पाकिस्तान का पानी बंद करना

**सिंधु जल संधि पर भारत का फैसला पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के बराबर है, बशर्ते भारत इसे लागू कर सके. सिंधु जल संधि स्थगित करने का असली प्रभाव तभी पड़ेगा, जब हम नदियों की धारा मोड़ सकेंगे या बड़े बांध बना कर उनकी जलधारा को नियंत्रित कर सकेंगे. वैसे में, वहां के बड़े-बड़े शहरों की जलापूर्ति बाधित हो जायेगी.चूंकि यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, ऐसे में, इसके स्थगित होने से पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करेगा। पाकिस्तान में भुखमरी फैलेगी तो कई मानवाधिकार संगठन आगे आयेंगे और भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ेगा। पर अब जब निर्णय ले लिया, तो कदम पीछे नहीं हटाना है।**

**-विवेक शुक्ल**

सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करके भारत ने पाकिस्तान के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है. भारत ने इतना कठोर कदम 1965, 1971 के युद्धों और कारगिल के समय भी नहीं उठाया था, पर 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद देश में इस संधि की समीक्षा करने या इसे रद्द करने की मांग उठी थी. तब भारत ने कहा था कि 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते' और संधि के तहत अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग करने का इरादा जताया था, जिसमें पश्चिमी नदियों पर जलविद्युत क्षमता का विकास और पूर्वी नदियों के पानी का अधिकतम उपयोग शामिल है. पाकिस्तान एक शुष्क देश है, जहां पानी की उपलब्धता सीमित है. संधि के तहत पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों, सिंधु, झेलम और चिनाब का उपयोग करने का अधिकार मिला था. ये नदियां पाकिस्तान में बहने वाले कुल पानी का करीब 80 फीसदी हिस्सा हैं. पाकिस्तान की अधिकांश आबादी और खेती इन्हीं नदियों के पानी पर निर्भर है. उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक कृषि पर आधारित है और 90 फीसदी कृषि सिंचाई पर निर्भर है और सिंचाई का अधिकांश पानी सिंधु, झेलम और चिनाब से आता है. संधि में छह नदियों को दो समूहों में विभाजित किया किया था. पूर्वी नदियों में सतलुज, ब्यास और रावी, जबकि पश्चिमी नदियों में सिंधु, झेलम और चिनाब हैं. पाकिस्तान में गेहूं, चावल, कपास और गन्ना जैसी फसलें सिंधु, झेलम और चिनाब के पानी से सिंचित होती हैं. अब संधि के स्थगित होने से पाकिस्तान की खाद्य सुरक्षा और कृषि निर्यात गंभीर रूप से खतरे में पड़ जायेंगे. पाकिस्तान के लिए पेयजल और अन्य घरेलू जरूरतों का मुख्य स्रोत यही नदियां हैं. वह अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए इन नदियों पर बने बांधों से जलविद्युत उत्पन्न करता है।

मंगला और तरबेला जैसे बड़े बांध इन्हीं पश्चिमी नदियों पर स्थित हैं. उसके दो बड़े प्रातों-पंजाब और सिंध के बीच इन दिनों पानी के बंटवारे को लेकर खूब विवाद चल रहा है. सिंध का दावा है कि पंजाब उसके हिस्से का पानी उसे नहीं देता.


सिंधु जल संधि पर 19 सितंबर, 1960 को कराची में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किये थे. विश्व बैंक ने उस संधि में मध्यस्थ की भूमिका निभायी थी. उस संधि की जड़ें भारत के विभाजन में थीं, जिसने नदियों को भी विभाजित कर दिया था, जो दोनों नवगठित देशों के लिए जीवन रेखा थीं. विभाजन के बाद नदियों के उद्गम स्थल और प्रमुख नहरों के हेडवर्क्स भारत में आ गये, जबकि पाकिस्तान का एक बड़ा कृषि क्षेत्र इन नदियों के पानी पर निर्भर था. हैडवर्क्स दरअसल नदी के किनारे या उसके प्रवाह की शुरुआत में बनाया गया इंजीनियरिंग ढांचा होता है, जो जल नियंत्रण, प्रवाह प्रबंधन और खेती के लिए पानी की आपूर्ति आदि सुनिश्चित करता है. उदाहरण के लिए, भाखड़ा बांध (सतलुज नदी पर) का



हेडवर्क पानी को सिंचाई नहरों में डायवर्ट करता है, तो गंगा नहर का हेडवर्क हरिद्वार में गंगा नदी से पानी को नहर में ले जाता है. कूटनीतिक मामलों के जानकार मानते हैं कि सिंधु जल संधि पाकिस्तान की जल सुरक्षा, कृषि, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा उत्पादन और लाखों लोगों के जीवनयापन के लिए बेहद खास है. इसके बिना पाकिस्तान को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा, जिसका उसके अस्तित्व पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है।

अब संधि स्थगित होने पर भारत इन नदियों के पानी का प्रवाह रोक सकता है, जिससे पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में, जो उसके मुख्य कृषि क्षेत्र हैं, सिंचाई के लिए पानी की भारी किल्लत होगी. इससे पानी पर निर्भर गेहूं, चावल, कपास और गन्ने का उत्पादन प्रभावित होगा, अनाज और अन्य खाद्य पदार्थों की कमी होगी, कीमतें आसमान छूने लगेंगी तथा बड़ी आबादी के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो जायेगा. इससे कपड़ा और चीनी जैसे उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा तथा पशुधन के लिए पीने के पानी और चारे की उपलब्धता पर संकट पैदा होगा. कूटनीति और जल वितरण संबंधी मामलों के जानकार राजकमल गोस्वामी कहते हैं कि सिंधु जल संधि पर भारत का फैसला पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के बराबर है, बशर्ते भारत इसे लागू कर सके. सिंधु जल संधि स्थगित करने का असली प्रभाव तभी पड़ेगा, जब हम नदियों की धारा मोड़ सकेंगे या बड़े बांध बना कर उनकी जलधारा को नियंत्रित कर सकेंगे. वैसे में, वहां के बड़े-बड़े शहरों की जलापूर्ति बाधित हो जायेगी। चूंकि यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, ऐसे में, इसके स्थगित होने से पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करेगा. पाकिस्तान में भुखमरी फैलेगी तो कई मानवाधिकार संगठन आगे आयेंगे और भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ेगा. पर अब जब निर्णय ले लिया, तो कदम पीछे नहीं हटाना है. पाकिस्तान का पानी बंद करना युद्ध छेड़ने से कम नहीं है और उसकी प्रतिक्रिया भी उसी तरह की होगी. पहलगाम के प्रतिकार में भारत सरकार का यह कदम सही दिशा में उठाया गया कदम है जिसकी चोट बहुत गहरी

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

खिलौनों के बाद मिठाइयां आती हैं। किसी ने रेवड़ियां ली हैं, किसी ने गुलाबजामुन, किसी ने सोहनहलुआ। मजे से खा रहे हैं। हामिद उनकी बिरादरी से पृथक है। अभागे के पास तीन पैसे हैं। क्यों नहीं कुछ लेकर खाता ? ललचायी आंखों से सबकी ओर देखता है।

मोहसिन कहता है- हामिद, रेवड़ी ले जा, कितनी खुशबूदार है।

हामिद को सन्देह हुआ, यह केवल क्रूर विनोद है, मोहसिन इतना उदार नहीं है; लेकिन यह जानकर भी वह उसके पास जाता है। मोहसिन दोने से एक रेवड़ी निकालकर हामिद की ओर बढ़ाता है। हामिद हाथ फैलाता है। मोहसिन रेवड़ी अपने मुंह में रख लेता है। महमूद, नूरे और सम्मी खूब तालियां बजा-बजाकर हंसते हैं। हामिद खिसिया जाता है।

मोहसिन-अच्छा, अबकी जरूर देंगे हामिद ! अल्ला कसम, ले जाव।

हामिद-रखे रहो। क्या मेरे पास पैसे नहीं हैं?

सम्मी-तीन ही पैसे तो हैं। तीन पैसे में क्या-क्या लोगे ?

महमूद-हमसे गुलाबजामुन ले जाव हामिद। मोहसिन बदमाश है।

हामिद-मिठाई कौन बड़ी नेमत है। किताब में इसकी कितनी बुराइयां लिखी हैं।

मोहसिन-लेकिन दिल में कह रहे होंगे कि मिले तो खा लें। अपने पैसे क्यों नहीं निकालते ?

महमूद-हम समझते हैं इसकी चालाकी। जब हमारे सारे पैसे खर्च हो जायेंगे, तो हमें ललचा-ललचाकर खायेगा।

मिठाइयों के बाद कुछ दुकानें लोहे की चीजों की हैं। कुछ गिलट और कुछ नकली गहनों की। लडकों के लिए यहां कोई आकर्षण न था। वह सब आगे बढ़ जाते हैं। हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# अब दक्षिण में भगवा फहराने की तैयारी

**-उमेश चतुर्वेदी**

तमिलनाडु का सियासी प्रश्न हल करने की दहलीज पर क्या भाजपा पहुंच गयी है? यह सवाल इसलिए, क्योंकि हाल में भाजपा ने इस राज्य को लेकर दो फैसले किये हैं. पार्टी ने अपने तेजतर्रार राज्य प्रमुख अन्नामलाई को हटाने के साथ अन्नाद्रमुक से समझौता कर लिया है. बीते लोकसभा चुनाव में छोटी पार्टियों के साथ उतरी भाजपा और अन्नाद्रमुक ने जिस तरह एक-दूसरे से परहेज किया, उसकी वजह से लगता नहीं था कि दोनों फिर साथ आ सकती हैं. इसकी बड़ी वजह यह भी रही कि अन्नामलाई अन्नाद्रमुक के धुर विरोधी माने जाते रहे हैं. भाजपा की इस रणनीति के पीछे अमित शाह का सियासी दिमाग काम कर रहा है. जिस तरह उन्होंने गठबंधन की घोषणा की, उससे साफ है कि अन्नाद्रमुक को एनडीए के खेमे में लाने की रणनीति उनकी ही है. वैसे उत्तर भारत की राजनीति की अक्सर जातिवादी सोच के लिए आलोचना की जाती है. पर तमिलनाडु की राजनीति में भी स्थानीय जातियों की अपनी पार्टियां और अपने नेता हैं. राज्य की राजनीति में अरसे से दो ध्रुव रहे हैं, जिनमें से एक का नेतृत्व द्रमुक करता रहा है, तो दूसरे का अन्नाद्रमुक. वर्ष 2024 के पहले तक के चुनावों में भाजपा की बाधा उसकी उत्तर भारतीय सोच और मुद्दे वाली राजनीति रही है. उसकी एक और बाधा राज्य में प्रबल नेतृत्व का न उभर पाना भी रहा है. हालांकि इस राज्य से जना कृष्णमूर्ति भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे. इन बाधाओं को मोदी-शाह की जोड़ी ने समझा और अन्नामलाई का राज्य की राजनीति में उभार इसका प्रतीक बना. भाजपा को इसका लाभ भी मिला. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक के साथ होने के बावजूद भाजपा को महज 3.6 फीसदी वोट हासिल हुए थे, जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में बिना किसी बड़े दल के सहयोग के 11.24 फीसदी वोट हासिल हुए. अन्नाद्रमुक को अपने साथ लाने को भाजपा द्वारा अपनी सीमा समझने और उसमें राह बनाने की कवायद कहा जा सकता है. बीते लोकसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक को 20.46 फीसदी वोट मिले. द्रमुक को 26.93 फीसदी और उसकी सहयोगी कांग्रेस को करीब 10.67 फीसदी वोट मिले थे. यानी तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन कांग्रेस से बेहतर है. एनडीए और अन्नाद्रमुक गठबंधन का वोट प्रतिशत इसी तरह स्थिर रहता है, तो वह द्रमुक गठबंधन पर भारी पड़ सकता है. इसी वजह से भाजपा ने अन्नाद्रमुक की तरफ हाथ बढ़ाया.



तमिलनाडु में अपने पांव जमाने के लिए भाजपा ने अपनी रणनीति बदली और अन्नामलाई की अगुवाई में स्टालिन सरकार के 39 हजार करोड़ के शराब घोटाले, ऊर्जा घोटाले, स्कॉट घोटाले, ट्रांसपोर्ट घोटाले और मनी लांड्रिंग घोटाले को लेकर लगातार हमलावर रही. इन्हीं सब से ध्यान बंटाने के लिए स्टालिन सरकार अक्सर हिंदी और त्रिभाषा फॉर्मूले को लाती रही है. नयी शिक्षा नीति के बहाने हिंदी के विरोध का नया शिगूफा हो या राज्य के बजट से रुपये के हिंदी प्रतीक चिह्न की बजाय तमिल प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल- स्टालिन सरकार स्थानीय मुद्दों को उभारने की कोशिश कर रही है. यह बात और है कि प्रधानमंत्री ने तमिल में मेडिकल की पढ़ाई कराने का स्टालिन से आग्रह करके एक तरह से भाषा विवाद को उन्हीं के पाले में डाल दिया है. मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को स्थानीय स्तर पर कराने की जिद को लेकर भी स्टालिन सरकार सवालों के घेरे में है, जबकि सुप्रीम कोर्ट इसे नकार चुका है. चूंकि तमिलनाडु में ये मुद्दे स्थानीय भावनाओं से जुड़े हैं, इसलिए भाजपा के विरुद्ध उन्हें उभारने में स्थानीय सत्ताधारी दल सफल होते रहे हैं. इस लड़ाई को उत्तर बनाम दक्षिण के जंग में भी बदला जाता रहा है. पर यदि अन्नाद्रमुक भाजपा के साथ रही, तो स्थानीय भावनाएं उभारना स्टालिन के लिए आसान नहीं रहेगा. कई राजनीतिक समीक्षकों की नजर में भाजपा के लिए तमिलनाडु की राह अब भी आसान नहीं है. पर हमारे सामने त्रिपुरा का उदाहरण है. वहां भाजपा ने स्थानीय स्तर पर काम किया, त्रिपुरा की संस्कृति के तार नाथ संप्रदाय के जरिये उत्तर से जोड़ा और नतीजा बदल दिया. बेशक तमिलनाडु में अकेले दम पर ऐसा चमत्कार करना आसान नहीं लगता. पर भाजपा वहां लगी हुई है. उत्तर बनाम दक्षिण की जंग को भोथरा करने और स्थानीय सांस्कृतिक बोध के साथ उत्तर को जोड़ने के लिए मोदी ने काशी-तमिल संगम का विचार दिया, जिसके जरिये वाराणसी के बहाने उत्तर और तमिलनाडु की संस्कृति को नजदीक लाने की कोशिश जारी है. नये संसद भवन में सैंगोल की स्थापना भी तमिल संस्कृति को राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़ने की ही कोशिश रही. भाजपा जिस तरह से चुनावी चक्रव्यूह रचती रही है, उस लिहाज से अन्नाद्रमुक के साथ आ जाने भर से उसे संतुष्ट नहीं होना है. स्थानीय जाति आधारित पार्टियों पर भी उसकी निगाह होगी. अमित शाह जिस तरह से तमिलनाडु में सियासी समीकरण साधने में जुटे हैं, कहा जा सकता है कि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी 'करो या मरो' के लिहाज से मैदान में उतरेगी. इसका लाभ उसे कितना मिलेगा, इसके लिए तब तक प्रतीक्षा करनी होगी।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।

एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।

ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा!

अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?

थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?

मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ?

चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।

चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### जातीय आरक्षण और हिंदू एकता

भाजपा सरकार जब से सत्तारूढ़ हुई है, नारों में हिंदू एकता का ज्वार आ गया है। पहलगाम घटना के बाद तो चरम पर है। इस राजनीतिक दल के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्र वंदना में ही भारत को त्वया हिंदु भूमे सुखं वर्द्धितोऽहं कहा गया है। हालांकि इस दल की हृदयगत भावना पर जब हम विचार करते हैं तो कुछ बेमेल तथ्य सामने आते हैं। जन प्रतिनिधि चुनने से लेकर नौकरियों तक में जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था के चलते हिंदू तीन स्पष्ट भागों में विभाजित है : सामान्य या सवर्ण, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित या दलित। तीनों के हित अलग अलग हैं। ऐसे में सिर्फ वोटों के ध्रुवीकरण के लिये हिंदू हिंदू चिल्लाना विधवा विलाप से अधिक कुछ नहीं है। भाजपा के शलाका पुरुष अटलबिहारी बाजपेयी सदा आर्थिक आधार पर आरक्षण की बात करते थे और भाजपा की जन्मदात्री पार्टी जनसंघ का बहु प्रचारित नारा था, सब हैं भारत मॉ के लाल, आरक्षण का कौन सवाल। काल के प्रवाह और राजनीतिक सुविधा देखते हुए इस दल के लोग समय समय पर बदलते रहे। कभी संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिये तो कभी कहा हिंदू मुस्लिम सबका डीएनए एक है। हिंदू के प्रबल पक्षधर प्रधानमंत्री मोदी ने सीना ठोककर कहा कि हमारे रहते भला आरक्षण कैसे खत्म होगा, तो कभी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने के लिये पशमादा मुस्लिम कार्ड खेला। जहॉं जरूरी समझा वहां वसुधैव कुटुम्बकम भी कहा। ये सब परस्पर विसंगतिपूर्ण कथन हैं। जब पृथ्वी ही कुटुम्ब है,तब फिर हिंदू-मुस्लिम वर्ग भेद और बात बात में पाकिस्तान को कोसना कैसे सही ठहराया जा सकता है। मैं तो यही कहूंगा कि नेतागण अपने को सुपर विस्डम (अति चतुर) न समझें। जनता उनकी छठी पसनी जानती है।बात किसी वर्ग विशेष की एकता की नहीं, राष्ट्रीय एकता/अखण्डता की होनी चाहिए।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# घर में सुख-शांति के लिए रखें हनुमान जी की ये खास तस्वीरें

हमारे घरों में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने के लिए वास्तु शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं। इन्हीं उपायों में भगवान हनुमान जी की तस्वीरें भी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। हनुमान जी को संकटमोचक कहा जाता है, और उनकी पूजा से न केवल कठिनाइयों का नाश होता है, बल्कि घर में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता भी बनी रहती है। यहां जानें, किस तरह भगवान हनुमान की तस्वीरों को सही दिशा में रखने से आप अपने जीवन में शांति और खुशहाली ला सकते हैं।





**मानसिक शांति और क्रोध पर नियंत्रण के लिए (शांत मुद्रा में हनुमान जी की तस्वीर)**

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में मानसिक शांति बनी रहे और घर के सदस्यों का क्रोध नियंत्रण में रहे, तो हनुमान जी की ध्यान मुद्रा वाली तस्वीर घर के उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। हनुमान जी की इस तस्वीर को देखकर मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। ध्यान मुद्रा में हनुमान जी का चित्र आत्मसंयम और शांति का प्रतीक है। यह चित्र आपको धैर्यवान और शांतचित्त रहने में मदद करता है।

**अच्छे स्वास्थ्य के लिए (संजीवनी बूटी ले जाते हुए हनुमान जी की तस्वीर)**

अगर घर के सदस्यों को बार-बार स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो हनुमान जी की वह तस्वीर लगाएं जिसमें वे संजयवनी बूटी ले जाते हुए दिखाई देते हैं। यह तस्वीर भी घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगानी चाहिए। यह न केवल घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी दूर करती है। यह चित्र स्वस्थ जीवन और बल का प्रतीक है।

**बुरी शक्तियों और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के लिए (पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर)**

अगर आप अपने घर को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों से बचाना चाहते हैं, तो पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं। पंचमुखी हनुमान जी की यह तस्वीर सुरक्षा और शक्ति का प्रतीक मानी जाती है। इसे घर में लगाने से घर पर कोई भी नकारात्मक शक्ति प्रभाव नहीं डालती और घर का हर सदस्य सुरक्षित महसूस करता है। यह चित्र शत्रुओं से बचाने और जीवन में साहस बनाए रखने में भी मदद करता है।

**धन और समृद्धि के लिए (सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर)**

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में धन और समृद्धि बनी रहे, तो सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण दिशा में लगाएं। सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर से घर में धन का प्रवाह बना रहता है और सभी कार्यों में सफलता मिलती है। यह तस्वीर जीवन में प्रगति और समृद्धि का प्रतीक है।

**तस्वीरें लगाने में ध्यान रखने योग्य बातें**

1. तस्वीर को साफ-सुथरी जगह पर लगाएं और उसके आस-पास गंदगी न रखें।
2. हनुमान जी की तस्वीर को रोजाना प्रणाम करें और अगर संभव हो तो दीपक जलाएं।
3. तस्वीर को हमेशा सकारात्मक भावना और श्रद्धा के साथ लगाएं।
4. तस्वीर को ऐसी जगह पर लगाएं जहां हर कोई आसानी से देख सके और वह दिशा वास्तु के अनुसार सही हो।

भगवान हनुमान की तस्वीरें केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखतीं, बल्कि वास्तु और सकारात्मक ऊर्जा के दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। अगर आप इन तस्वीरों को सही दिशा और सही भावना के साथ अपने घर में लगाते हैं, तो यह आपके जीवन में सुख-शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और सुरक्षा लाने में मददगार साबित होगी।

# लड्डू गोपाल की सेवा में होने वाली 4 प्रमुख गलतियां, जिनसे बचना चाहिए

लड्डू गोपाल, भगवान श्री कृष्ण का बाल रूप हैं, जिनकी पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और आशीर्वाद मिलता है। घर-घर में लोग लड्डू गोपाल की पूजा करते हैं, लेकिन कई बार उनकी सेवा में कुछ गलतियाँ कर दी जाती हैं, जिनका असर पूजा पर पड़ सकता है। यदि आप लड्डू गोपाल की सही सेवा करना चाहते हैं तो इन गलतियों से बचना आवश्यक है। आइए जानते हैं, लड्डू गोपाल की सेवा करते समय कौन सी गलतियां सबसे ज्यादा की जाती हैं।





**लड्डू गोपाल को जल्दी न उठाएं**

लड्डू गोपाल की सेवा में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि जैसे बच्चों की नींद का ध्यान रखा जाता है, वैसे ही लड्डू गोपाल की नींद का भी ध्यान रखना चाहिए। उनकी नींद में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। हालांकि, सुबह कब उन्हें उठाना चाहिए, यह मौसम और दिन के अनुसार बदल सकता है। आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि वे रात को देर से सोए हैं, तो उन्हें थोड़ी देर सोने का समय दिया जाए। जल्दी उठाना उनके लिए सही नहीं होता।

**लड्डू गोपाल को हर जगह लेकर न जाएं**

यह एक सामान्य गलती है, जो कई लोग करते हैं। लड्डू गोपाल को हर जगह लेकर जाना, जैसे कि बाज़ार, पार्टी या शोर-शराबे वाले स्थानों पर, उन्हें परेशानी में डाल सकता है। लड्डू गोपाल को शांतिपूर्ण और पवित्र स्थानों पर रखना चाहिए, ताकि उनकी पूजा सही तरीके से हो सके। घर में अपनी पूजा जगह पर ही उनका ध्यान रखें, ताकि उनकी ऊर्जा और आशीर्वाद बरकरार रहे।

**लड्डू गोपाल के लिए रात में पानी जरूर रखें**

रात के समय जब हम सोते हैं, हमें भी प्यास लगती है। ठीक उसी तरह लड्डू गोपाल को भी रात में प्यास लग सकती है। इसलिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि आप रात को सोते वक्त उनके पास पानी का बर्तन रखें। कई लोग इस बात को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, लेकिन अगर आप उनके पास पानी रखेंगे तो यह उनका ध्यान रखेगा और पूजा के फल में वृद्धि होगी।

**लड्डू गोपाल के कपड़े रात में जरूर बदलें**

बहुत से लोग यह गलती करते हैं कि वे लड्डू गोपाल को स्नान कराने के बाद जो कपड़े पहनाते हैं, उन्हें रात भर पहनने देते हैं। ऐसा करना सही नहीं है। लड्डू गोपाल के कपड़े रात के समय बदलने चाहिए। रात के मौसम के अनुसार उन्हें आरामदायक और ठंडे कपड़े पहनाएं। यह उनका सम्मान और देखभाल करने का एक तरीका है, जो उनकी सेवा में अनुकूलता लाता है। लड्डू गोपाल की सेवा में सावधानी और श्रद्धा की आवश्यकता होती है। यदि आप इन छोटी-छोटी गलतियों से बचते हैं और सही तरीके से उनकी पूजा करते हैं, तो आपको लड्डू गोपाल से आशीर्वाद और सुख-समृद्धि प्राप्त होगी। उनकी पूजा में पूरे ध्यान और श्रद्धा के साथ सेवा करें, ताकि उनकी कृपा हमेशा आपके साथ बनी रहे।

# क्या महिलाएं भी धारण कर सकती हैं रुद्राक्ष ?

रुद्राक्ष पहनना हिन्दू धर्म में बहुत ही पवित्र और शुभ माना जाता है। हालांकि, इसके पहनने के बाद कई नियमों का भी पालन करना पड़ता है, तभी इसका फल मिल पाता है। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल आता है कि क्या महिलाएं भी रुद्राक्ष पहन सकती हैं या नहीं। दरअसल, शास्त्रों में ऐसा कहीं नहीं लिखा कि महिलाओं को रुद्राक्ष पहनने से मना किया गया है। मतलब साफ है कि महिलाएं भी बिना किसी झिझक के रुद्राक्ष पहन सकती हैं और इसके सारे फायदे पा सकती हैं।

**महिलाओं के लिए ऐसे है फायदेमंद**

रुद्राक्ष पहनने से महिलाओं को बहुत फायदा होता है। इससे दिमाग शांत रहता है, तनाव कम होता है और सेहत भी अच्छी बनी रहती है। आजकल के समय में, जब चिंता और भागदौड़ बहुत बढ़ गई है, रुद्राक्ष पहनना महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे न सिर्फ मन मजबूत होता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है और जिंदगी में पॉजिटिविटी आती है।

**इन बातों का रखें खास ध्यान**

रुद्राक्ष पहनते वक्त कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इसे हमेशा साफ-सफाई और श्रद्धा के साथ पहनना चाहिए। कुछ परंपराओं में ऐसा कहा जाता है कि महिलाएं मासिक धर्म के दौरान रुद्राक्ष न पहनें, लेकिन यह पूरी तरह से उनकी आस्था और विश्वास पर निर्भर करता है।

# अक्षय तृतीया पर इन 3 खास जगहों पर दीपक जलाएं

## घर में छाएगी लक्ष्मी की कृपा

अक्षय तृतीया हिंदू पंचांग के अनुसार एक अत्यधिक शुभ दिन माना जाता है जो हर साल विशेष रूप से मई या अप्रैल के महीने में आता है। यह दिन विशेष रूप से शुभ कार्यों, विवाह, नए व्यापार की शुरुआत, और पूजा-पाठ के लिए आदर्श होता है। इस दिन को लेकर कई मान्यताएं और परंपराएं हैं, जिनमें दीपक जलाना प्रमुख है। अगर इस दिन कुछ खास स्थानों पर दीपक जलाए जाएं तो यह आपके जीवन में समृद्धि, सुख और सकारात्मकता का प्रवेश करवा सकता है।





आइए जानते हैं कि अक्षय तृतीया पर घर में दीपक कहां लगाना चाहिए, ताकि आपको भाग्य का साथ मिले और घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो।

**भाग्योदय के लिए मुख्य द्वार पर दीपक लगाएं**

अक्षय तृतीया का दिन विशेष रूप से भाग्य के अच्छे संकेत लेकर आता है। घर के मुख्य द्वार पर दीपक लगाने से यह माना जाता है कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और जीवन में अच्छे भाग्य की शुरुआत होती है। यह दीपक घर के प्रवेश द्वार पर रखें ताकि घर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ शुभ और सकारात्मक ऊर्जा आए। इस दिन मुख्य द्वार पर दीपक रखने से जीवन में समृद्धि, सुख, और खुशियों का प्रवाह होता है।

**कौन सा दीपक लगाएं?**

मुख्य द्वार पर दीपक जलाने के लिए घी का दीपक सबसे शुभ माना जाता है, क्योंकि यह दीपक प्रकाश और शुद्धता का प्रतीक होता है। इसे घर के मुख्य द्वार के पास रखें, जिससे ऊर्जा का प्रवाह सकारात्मक हो और घर के सदस्य भी सुखी रहें।

**पितृ और लक्ष्मी कृपा के लिए पूजा स्थल पर दीपक लगाएं**

अक्षय तृतीया को पितृ और देवी लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन पितरों की कृपा प्राप्त करने और देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद लेने के लिए दीपक जलाना बेहद फायदेमंद होता है। आप घर के पूजा स्थल या मंदिर में दीपक रख सकते हैं। इससे न केवल पितरों का आशीर्वाद मिलता है, बल्कि देवी लक्ष्मी की कृपा भी घर में बनी रहती है।

**कैसे दीपक लगाएं?**

पूजा स्थल पर दीपक लगाने के दौरान ये ध्यान रखें कि दीपक हमेशा साफ-सुथरे स्थान पर हो और उसकी लौ बिना किसी विघ्न के जलती रहे। इस दीपक के साथ यदि आप विशेष रूप से देवी लक्ष्मी और पितरों की पूजा करते हैं, तो इसका फल अधिक मिलेगा और घर में समृद्धि का वास होगा।

**नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति के लिए घर के कोनों में दीपक लगाएं**

अक्षय तृतीया का दिन घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए बहुत उपयुक्त है। घर के प्रत्येक कोने में दीपक लगाकर आप घर को शुद्ध कर सकते हैं और नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं। विशेष रूप से घर के दक्षिण और पश्चिम दिशा में दीपक लगाना चाहिए क्योंकि इन दिशाओं में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव अधिक होता है।

**कैसे दीपक लगाएं?**

घर के कोनों में दीपक रखने से घर में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। दीपक को घर के सबसे अंधेरे या नकारात्मक महसूस होने वाले स्थानों पर रखें। इससे न केवल घर में शुद्धता आएगी, बल्कि आपके मानसिक शांति और समृद्धि भी बढ़ेगी।

# क्यों सालों-साल नहीं खराब होता गंगा जल?



गंगाजल, जिसे भारत में अत्यधिक पवित्र माना जाता है, उसकी विशेषता यह है कि यह सालों तक खराब नहीं होता और कभी बदबू नहीं आती। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण हैं, जो इसे अन्य नदियों के पानी से अलग बनाते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि गंगाजल में बैक्टीरियोफेज और निंजा वायरस पाए जाते हैं, जो बैक्टीरिया को नष्ट करने का काम करते हैं। यही कारण है कि गंगाजल में कभी बदबू नहीं आती और यह लंबे समय तक शुद्ध रहता है।

**गंगाजल का धार्मिक महत्व**

भारत में गंगा नदी को न केवल एक नदी, बल्कि माता माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगाजल को अमृत के समान माना जाता है और इसका सेवन करने से शरीर निरोगी रहता है और दीर्घायु प्राप्त होती है। गंगाजल का उपयोग पूजा-पाठ, हवन, और अन्य धार्मिक कार्यों में किया जाता है। गंगाजल से स्नान करने से पापों का नाश और मोक्ष की प्राप्ति भी मानी जाती है।

**गंगाजल की वैज्ञानिक विशेषताएं**

गंगाजल कभी खराब क्यों नहीं होता और इसमें कीड़े क्यों नहीं पड़ते? यह सवाल भारतीय वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए हमेशा एक दिलचस्प विषय रहा है। करीब 135 साल पहले, 1890 में भारत में अकाल पड़ा और इसके साथ ही हैजा जैसी महामारी भी फैल गई। इस दौरान कई लोग मरे हुए शवों को गंगा में बहा देते थे, लेकिन हैरानी की बात यह थी कि गंगा के पानी में कोई समस्या नहीं आई। ब्रिटिश वैज्ञानिक अर्नेस्ट हैन्किन ने इस पर शोध किया और पाया कि गंगाजल में बैक्टीरियल प्रदूषण बहुत कम था, जबकि इस नदी में मवेशी, लोग और शव भी बहाए जाते थे।

**गंगाजल में क्या है खास?**

अर्नेस्ट हैन्किन ने पाया कि गंगाजल में एक ऐसा पदार्थ होता है, जो हैजा के बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है। इसके अलावा, गंगाजल में बैक्टीरियोफेज नामक वायरस पाए गए हैं, जो बैक्टीरिया को नष्ट करने में मदद करते हैं। इसके कारण गंगाजल कभी खराब नहीं होता और न ही इसमें बदबू आती है।

**निंजा वायरस और बैक्टीरियोफेज**

एक फ्रेंच वैज्ञानिक ने गंगाजल पर और अधिक शोध किया और पाया कि इसमें निंजा वायरस होते हैं, जो बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं। इन वायरस की वजह से गंगाजल में शुद्धता बनी रहती है और कोई भी बीमारी उत्पन्न नहीं होती। इसके अलावा, गंगाजल में बैक्टीरियोफेज की बड़ी संख्या पाई जाती है, जो अन्य नदियों की तुलना में इसे ज्यादा शुद्ध और सुरक्षित बनाती है।

**गंगाजल की शुद्धता का कारण**

गंगाजल में सल्फर की मात्रा भी अधिक होती है, जो इसे खराब होने से रोकता है। इसके अलावा, गंगा नदी हिमालय से निकलकर विभिन्न जड़ी-बूटियों और खनिजों से होकर गुजरती है, जिससे इसमें प्राकृतिक रूप से शुद्धिकरण की क्षमता होती है। गंगाजल में ऑक्सीजन की उच्च मात्रा भी इसे सड़ने से बचाती है। इसलिए गंगाजल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है। वैज्ञानिक रूप से सिद्ध इन कारणों से गंगाजल की महिमा को और भी बढ़ाया जा सकता है।

# अक्षय तृतीया के दिन करें ये उपाय और पाएं सुख समृद्धि

बैसाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है।इस वर्ष अक्षय तृतीया 29 अप्रैल 2025 को सायंकाल 5 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ होगी और 30 अप्रैल को अपराह्न 2 बजकर 11 मिनट तक रहेगी । उदयातिथि के अनुसार अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन योग शोभन , करण गर तथा रोहिणी नक्षत्र रहेगा । अक्षय तृतीया पर जप, तप , दान , पुण्य , पूजन का विशेष महत्व है।



अक्षय तृतीया के दिन चंद्र और गुरु के संयोग से गजकेसरी योग , वार और तिथि के संयोग से दग्ध योग , वार और नक्षत्र के संयोग से सर्वार्थ सिद्ध योग, बनेंगे । साथ ही इस दिन धनयोग , उभयचरी योग, मालव्य योग भी बनेगा। इस दिन की गोचर कुंडली में गुरु और शुक्र राशि परिवर्तन कर राजयोग का भी निर्माण करेंगे।

इस शुभ दिन में दान पुण्य और पूजन का विशेष महत्व होता है।ग्रहों और उनके कारतत्व के अनुसार दान और पूजन निम्न प्रकार करना चाहिए -

1- ऐसे जातक जो सरकारी नौकरी , राजनीति में उन्नति की आकांक्षा रखते हैं, उच्च पद , प्रतिष्ठा , सरकार से सहयोग , यश , कीर्ति , सम्मान के लिए उन्हें इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए तथा गुड का दान करना चाहिए।

2- आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए , अपनी रुचि के कार्यों को बढ़ाने के लिए , लंबी अवधि की यात्राओं से लाभ के लिए इस दिन मंदिर या पूजन स्थान पर भगवान को जल चढ़ाए और जलदान करे।

3- यदि पढ़ाई में मन नहीं लगता , विचलित रहता है , जातक डिप्रेशन में है , नींद नहीं आती या भावुकता ज्यादा है तो ऐसे व्यक्ति को अक्षय तृतीया के दिन चांदी या चावल का दान अपनी क्षमता के अनुसार करना चाहिए।

4- घर में नेगेटिव एनर्जी को दूर करने के लिए , कठिनाइयों को कम करने के लिए , निराशा का माहौल खत्म करने, अत्यधिक मद्यपान से छुटकारा के लिए अक्षय तृतीया के दिन अपने घर के शौचालय में समुद्री नमक एक कटोरी में रखे और कुछ दिन पश्चात बदल दे । यह प्रक्रिया दोहराते रहें । ऐसा करने से राहु से होने वाली समस्त परेशानियां समाप्त होंगी ।

5- सभी राशि के जातकों को अक्षय तृतीया के दिन विष्णु सहस्त्रनाम पाठ और रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करना चाहिए। इसे करने से सभी प्रकार के शुभ फल प्राप्त होंगे ।



–राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 29 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे द्वितीया तिथौ मंगल वासरे 17/32/ कृतिका नक्षत्रे 18/47/ सौभाग्या योग 15/54/ बालव करणे 07/22/वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- छत्रपति शिवाजी जयंती। भगवान परशुराम जयंती। गुरू अंगदेव जयंती। चंद्रदर्शन मु.साम्यर्घ।

**मेष :** अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। परिजनो से मतभेद होंगे। मानसिक तनाव होगा। पूंजी निवेश से धनागमन होगा।

**तुला :** गृह उपयोगी वस्तुओं पर व्यय होगा। सुसंगति लाभ होगा। लेखक अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। यात्रयओं पर व्यय होगा।

**वृष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

## युवती से छेड़छाड़, तीन पर मुकदमा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 27 अप्रैल की शाम एक युवती जब अपने मवेशियों के लिए खेत से भूसा लेकर लौटते समय जसौली निवासी तीन युवकों ने छेड़छाड़ किया तथा विरोध करने पर मारने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दिए। युवती की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का आरोप है कि वह अपने मवेशियों के लिए भूसा लेकर बीते 27 अप्रैल की शाम घर आ रही थी कि उसी दौरान जसौली निवासी इरशाद ,अनिल राजभर और कुलदीप एक बाइक पर सवार होकर आए । तथा युवती को पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगे तथा जब युवती ने उनका विरोध किया तो उसे गालीगलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। युवती के तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बच्चों को जल स्रोत के पास खेलते समय रखें सावधानी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि ग्रीष्म और वर्षा ऋतु के दौरान नदियों, पोखरों, तालाबों, कुओं इत्यादि में डूबने के कारण अधिक जनहानि देखी जाती है। प्रदेश में डूबने से होने वाली जनहानि के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तदनुसार पाया गया कि लगभग 45.7ब जनहानि 20 वर्ष तक की आयु वर्ग तथा 18.4ब जनहानि 21 से 30 वर्ष की आयु वर्ग में है तथा अधिकतर (529.ब) जन हानियाँ नदियों एवं तालाबों में स्नान करते समय हुई है। उन्होंने बताया कि डूबने के कारण होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के लिए जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से सावधानी एवं बचाव के उपाय दिये गए है- अल्प आयु के बच्चों को जल स्रोत के पास खेलते समय सावधानी पूर्वक निगरानी तथा उन्हें कभी भी अकेले कुआँ, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर नाला, गड्ढा, जलप्रपात या अन्य किसी जल स्रोत के समीप न जाने देना। तैराकी कौशल के अभाव में कुओं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर नाला, गड्ढा, जलप्रपात या अन्य किसी जल स्रोत में नहीं जाना। नदी, नहर, तालाब, पोखर या अन्य किसी जल स्रोत के पास चेतावनी बोर्ड लगाना जिसमें सुरक्षा-बचाव निर्देश एवं संकेत अंकित हो एवं इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डूबने से बचाव हेतु बच्चों की भेद्यता, त्योहारों के सभ्य संवेदनशील स्थानों और घाटों पर जागरूकता एवं निगरानी तन्त्र स्थापित करना तथा क्या करें और क्या न करें का विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाना। संवेदनशील स्थानों पर समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को जागरूकता बढाने में शामिल करें। स्कूली बच्चों को जल सुरक्षा, जोखिम न्यूनीकरण एवं प्राथमिक उपचार के उपाय सिखाए।अतः डूबने के कारण होने वाली जनहानि की रोकथाम एवं जोखिम को न्यूनतम किए जाने हेतु उपाध्यक्ष उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर सावधानी एवं बचाव के उपायों का अनुपालन अवश्य करें।

## नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी, पीड़ित ने दी तहरीर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** नौकरी का झांसा देकर दो लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बड़राव निवासी पीसी राय ने घोसी कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आजमगढ़ के पटवध कौतुक निवासी गौरव कुमार राय ने उनकी बहु को सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में दो लाख रुपये ऐंठ लिए।पीसी राय का कहना है कि गौरव ने उन्हें विश्वास में लेकर कई दस्तावेज भी लिए और लंबे समय तक टालमटोल करता रहा। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो गौरव ने धमकी देना शुरू कर दिया। आखिरकार पीड़ित ने न्याय की उम्मीद में घोसी कोतवाली का रुख किया। घोसी कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम व तहसीलदार पर तानाशाही का आरोप

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी तहसील और तहसीलदार शैलेंद्र चंद्र सिंह के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने गए वकीलों के साथ अभद्रता और तानाशाही रवैया अपनाते हुए एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने पुलिस बुलाकर उन्हें अपने चैंबर से बाहर निकाल दिया। जानकारी के अनुसार तहसील बार एसोसिएशन घोसी और मऊ के अधिवक्ता, तहसील में चल रही दलाली और अवैध वसूली के विरोध में एसडीएम से वार्ता करने पहुंचे थे।वकीलों ने आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय में प्राइवेट व्यक्तियों को रखकर दस्तावेज़ों के नाम पर आम जनता से अवैध वसूली की जा रही है, जिससे पूरा प्रशासनिक तंत्र दलालों के इशारे पर चल रहा है। जब अधिवक्ताओं ने इस मुद्दे पर एसडीएम से सवाल किए, तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए वकीलों से कहा, ÷ज्यादा राष्ट्र भक्त बनने की जरूरत नहीं÷,



और उन्हें पुलिस बुलाकर चैंबर से बाहर निकाल दिया।घटना के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल मिश्र के नेतृत्व में घोसी तहसील और मऊ के वकील एसडीएम चैंबर के बाहर दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि तहसील में चल रहे भ्रष्टाचार पर रोक, और जल्द ही तहसीलदार और एसडीएम का तबादला नहीं हुआ तो वे आंदोलन तेज करेंगे।इस दौरान बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश सोनकर, जयहिंद सिंह, राजेंद्र यादव, जनार्दन यादव, पीसी राय, नदीम अख्तर, संतोष, राम बदन, सतीश पाण्डेय, पूर्व महामंत्री ब्रजेश पाण्डेय, उमाशंकर उपाध्याय, विपुल राय, भुवेश श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय, रफ़ीयुल्लाह खान समेत बड़ी तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

तहसील और तहसीलदार के भ्रष्टाचार का विरोध कर रहे वकीलों को निकाला चैंबर से बाहर÷ आदिवक्ताओ का आरोप तहसील बना दलाली का अड्डा, प्राइवेट आदमी रखकर कर रहे वसूली ।एसडीएम ने वकीलों के साथ गलत शब्दो का प्रयोग कहा ÷ज्यादा राष्ट्र भक्त बनने की जरूरत नहीं÷ ।तहसील बार एसोसिएशन मधुबन द्वारा मांगे गए समर्थन में घोसी और मऊ के अधिवक्ता संगठन ने दिया समर्थन तो घोसी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार के आदिवक्ताओ के साथ अनुचित कृत्य पर जताया विरोध व की कड़ी निंदा।

## खबर एक नज़र

### रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 के ट्रैक पर मिली नवयुवक की लाश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रतनपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 के ट्रैक पर एक नवयुवक की लाश मिली है। रसड़ा स्टेशन के मेमो के अनुसार जीआरपी बलिया को इस हादसे की सूचना दी गई । जीआरपी बलिया ने लाश का पंचनामा बनाकर के उसके परिजनों को सौंप दिया है। घटना दारा से फेफना की तरफ जा रही डाउन मालगाड़ी से रात्रि 1÷55 पर हुई है।

### अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

**खेतासराय जौनपुर।** पुलिस ने सोमवार को टिकरी कला नहर की पुलिया से एक अंतर्जनपदीय शातिर चोर और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक तमंचा मय कारतूस बरामद किया है। मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया गया। थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया कि पकड़े गए शातिर चोर का नाम सुभाष हरिजन पुत्र करिया हरिजन निवासी ग्राम गरोठन है। थाना सरपतहां के चोरी के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस को इसकी काफी दिनो से तलाश थी। स्थानीय थाने का यह हिस्ट्रीशीटर है। इसके विरुद्ध जिले के स्थानीय थाना, कोतवाली, सरायख्वाजा, खुटहन, सरपतहां, गौराबादशाहपुर, मुंगराबादशाहपुर, चंदवक समेत आजमगढ़, अंबेडकरनगर के विभिन्न थानों में कुल चालीस मुकदमे दर्ज हैं।

### प्याऊ लगाने व हैंडपंप मरम्मत के दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना में गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना वलीदपुर एवं चिरैयाकोट में विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था बिगड़े हुए हैंडपंप को सही करने तथा भिन्न-भिन्न स्थानों पर वाटर कूलर लगाने हेतु निर्देशित किया गया है उप जिलाधिकारी सुमित सिंह ने सोमवार को वार्ता के दौरान बताया कि गर्मी को देखते हुए तीनों नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है कि जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ कर लिया जाए जिससे गर्मी के मौसम में पानी के लिए राहगीर रिक्शा चालक तथा अन्य लोगों को भटकना न पड़े इसमें अगर किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो निश्चित रूप से आप लोग इसके लिए दंडित होंगे एसडीएम ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को प्रत्येक दिन मोहल्ले में साफ सफाई मच्छर रोधी दावों का छिड़काव नालियों में ब्लीचिंग पाउडर भी छोड़ने के निर्देश दिए हैं जिससे संक्रामक रोग नहीं फैलेंगे मच्छरों का प्रकोप भी नहीं होगा इसके लिए आप लोग प्रत्येक दिन सफाई कर्मियों को लगाकर इस कार्य को करते रहे

### नगर अध्यक्ष ने अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु किया भूमि पूजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के नगर पंचायत वलीदपुर वार्ड नंबर 2 स्थित रामघाट पर अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु भूमि पूजन सावित्री संजय गुप्ता अध्यक्ष द्वारा किया गया इस अंत्येष्टि स्थल के निर्माण पर लोगों ने कहा कि इसके बन जाने से शमशान घाट पर आने जाने वाले लोगों को बरसात के मौसम में काफी आसानी होगी अंत्येष्टि स्थल के निर्माण हेतु दो बिस्वा भूमि राम प्यारे सेठ द्वारा दान किया गया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अर्जुन कुमार अजय गुप्ता सौरव गुप्ता स्वतंत्र गुप्ता अशोक सेठ विनोद मद्धेशिया केदारनाथ हरिकेश यादव शेरू यादव कन्हैया गुप्ता राजेश कुमार राकेश सोनकर आदि नगर पंचायत के कर्मचारी एवं संप्रांत लोग उपस्थित रहे

### अपर पुलिस अधीक्षक के अध्यक्षता में हुई बैठक व प्रशिक्षण

स्वतंत्रभारत मऊ। पुलिस के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ महेश सिंह अत्रि द्वारा बाल संरक्षण किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में बैठक कर प्रशिक्षित किया गया।ट्ठ जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक, समस्त बाल कल्याण पुलिस अधीकारी, एसजेपीयू, थाना एएचटीयू तथा प्रत्येक थाने से 04-04 म0मु0आ0/म0आ0 प्रशिक्षित किया गया । जिसमें मानव तस्करी, बालातश्रम रोकथाम के बारे में समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को प्रशिक्षित किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बालात श्रम जो 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खतरनाक उद्योगों और कामों में काम करने से रोकता है. इसके अलावा, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना जैसे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और बाल श्रम से मुक्त किए गए बच्चों को बेहतर जीवन प्रदान करते हैं।

### सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा निरीक्षण भवन में जनसुनवाई /समीक्षा बैठक

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपद के राजकीय गेस्ट हाउसों/सभागार कक्षों में माह अप्रैल दिनांक 30.04.2025 को महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त क्रम में माह अप्रैल दिनांक 30.04.2025 को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम की जानी है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर महिला जनसुनवाई हेतु श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, राज्य महिला आयोग, नामित है। श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा दिनांक 30.04.2025 को निरीक्षण भवन/गेस्ट हाउस, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग जनपद गाजीपुर में जनसुनवाई/समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

## जिलाधिकारी ने खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को वितरित की पीओएस (पास)मशीन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** ाद्दह्यठ्ठद्व> जलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निःशुल्क पास मशीन का वितरण किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 563 खुदरा उर्वरक विक्रेता की दुकानें हैं, जिनमें से 255 खुदरा विक्रेताओं के पास पास मशीन थी। अभी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) नामक संस्था द्वारा कुल 171 पास मशीन जनपद को उपलब्ध कराई गई है जिनका वितरण किया जाना है। इसके अलावा अगले चरण में शेष अन्य खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को भी पास मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी।आज जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 7 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को पास मशीनों का वितरण किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खतौनी के हिसाब से किसानों को अंगूठा लगाने के उपरांत ही उर्वरक मिलेगा जिससे उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी तथा उर्वरकों की कालाबाजारी भी रोकने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पास मशीनों के माध्यम से उर्वरक बिक्री करने पर उर्वरक बिक्री से संबंधित स्पष्ट लेखा-जोखा भी उपलब्ध रहेगा। इस दौरान जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्रा ने खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को किसानों को उनकी खतौनी के हिसाब से पास मशीन की सहायता से उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा।

## रतनपुरा में देखे गए तेंदुआ के दो बच्चे

**स्वतंत्र भारत मऊ।** बसनहीं नाले के समीप दो की संख्या तेंदुआ के बच्चे देखे गए हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई है। घटना लगभग 9÷15 बजे प्रातः की है। ग्रामीणों का अनुमान है कि इसकी पूछ लंबी है,जिससे उनके तेंदुआ होने की संभावना है। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राम नारायण साहू पहुंच गए ।रतनपुरा भीमपुरा रोड पर स्थित बसनहीं पुल से तेंदुआ देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। बसनहीं नाले पुल पर तेंदुआ के बच्चों को देखने के लिए सडक पर जाम की स्थिति हो गई ।



## छात्रवृत्ति के लिए त्रुटिपूर्ण आवेदनों को सही किए जाने की तिथि 29 अप्रैल से 06 मई तक

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि जनपद की समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाचार्य छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारी सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तृतीय चरण छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत निम्नानुसार कार्रवाई की जानी है। जिसका विवरण निम्नवत है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्रा द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों को छात्र के लॉगिन में प्रदर्शित किया जाना तथा छात्र द्वारा त्रुटियों को ठीक किए जाने की तिथि 29 अप्रैल 2025 से 06 मई 2025 तक तथा छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किए जाने की तिथि 29 अप्रैल 2025 से 13 मई 2025 तक जिसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी छात्राओं के द्वारा समस्त अभिलेख संलग्न कर शिक्षण संस्था में जमा किया जाना तथा शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र के अभिलेखों से मिलान कर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन पत्र निरस्त करना, तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित करना एवं अग्रसारित किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदनों में त्रुटि हुई है, वे छात्र निर्धारित तिथियों के अंदर सुधार कर लें।

## उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवकताओं ने निकाला मौन जुलूस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता कार्य वहिष्कार कर आंदोलन पर हैं। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवकताओं ने एक मौन जलूस निकाला। मुँह पर मास्क लगाए एवं हाथों में तख्तियां एसडीएम हटाओ मधुबन बचाओ बैनर लिए अपना विरोध जताया। इससे पहले अपनी मांगों के समर्थन में तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। मौन जुलूस तहसील परिसर से निकल मधुबन नगर पंचायत बाजार होता हुआ शहीद स्मारक पहुंचा। वहाँ अधिवक्ताओं ने मधुबन कांड के अमर शहीदों को नमन किया। तहसील बार मधुबन के अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी का कहना था कि बीते शुक्रवार से अधिवक्ता कार्य वहिष्कार कर आंदोलन पर हैं। एसडीएम मधुबन की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। एसडीएम द्वारा न्यायिक कार्य की गरीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। पत्रावालियों को अनियमित ढंग से विधिक प्रक्रियाओं को पालन न करते हुए पारित किया जा रहा है। हमारी मांग है कि एसडीएम मधुबन का यहाँ से स्थानांतरण किया जाये एवं अब तक जारी सभी पत्रावालियों को तलब कर उनकी न्यायिक समीक्षा की जाए। इस अवसर पर जुलूस में मंत्री वीरेंद्र यादव, आशीष तिवारी, धनंजय पाठक, रणधीर यादव, संतोष तिवारी, सतेंद्र पाण्डेय, तारिक़ जमील, बजरंगबली पाण्डेय, मनोज कुमार, प्रदीप मिश्रा, योगेश कुमार चतुर्वेदी, अविनाश कुमार मल्ल, शिवानंद मौर्य, आनंद कुमार त्रिपाठी, सत्यप्रकाश सिंह, आसिफ खान, राजेश कुमार आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## मैजिक और ट्रक की टक्कर, परखचे उड़े

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। नोनहरा थाना क्षेत्र के तालियां में सुबह करीब 5 बजे खीरा से लदी मैजिक और एक ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के मुताबिक, मैजिक मुहम्मदाबाद से गाजीपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान गाजीपुर से मुहम्मदाबाद की तरफ आ रहे ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। मैजिक चालक को झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मैजिक चालक मौके से फरार हो गया। अभी तक किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नवागत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण की

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर - जनपद के नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज पूर्वान्ह कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुँचकर डबल लॉक में जरूरी अभिलेखों पर हस्ताक्षर कर जिलाधिकारी गाज़ीपुर के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपध्याय उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद गाज़ीपुर के नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार 2013 बैंच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह झाँसी, बाराबंकी हरदोई जनपद के जिलाधिकारी, सहित विभिन्न जनपदों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एक-एक कर परिचय जाना कहा कि शासन की नीतियों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करना तथा आम जनता की समस्याओं को सुनना और उसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर मनोज पाठक, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज, परियोजना निदेशक राजेश यादव सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समोसा ठंडा होने को लेकर मारपीट कर रहे चार गिरफ्तार

**जफराबाद जौनपुर।** क्षेत्र के कबूलपुर बाजार में सोमवार को एक दुकान से गर्म ठंडा समोसा के विवाद में मारपीट हो गयी।जिसमे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कन्हैया यादव की कबूलपुर बाजार में नाश्ते की दुकान है । सोमवार की दोपहर नीलकंठपुर गांव निवासी दो युवक उनकी दुकान पर पहुंचे वहां समोसा खरीदा। विनोद चौहान द्वारा समोसा ठंडा होने की बात कही गई। बस इसी ठंडा-गरम समोसे को लेकर बात इतनी आगे बढ़ गई कि दुकानदार और ग्राहक दोनों मारपीट पर उतारू हो गए । इसी बीच किसी ने जफराबाद थाने पर सूचना दे दी । उधर रास्ते से ही गुजर रहे उपनिरीक्षक जयराम यादव तत्काल मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मौके से कन्हैया लाल यादव ,आजाद यादव निवासी बीबीपुर तथा दूसरे पक्ष से विनोद चौहान , दीपक चौहान निवासी नीलकंठपुर जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव का कहना है कि चारों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

## सूचना उपलब्ध कराने में विलंब हुआ तो अधिकारियों की ख़ैर नहीं : स्वतंत्र प्रकाश

**जौनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने रविवार की शाम को जौनपुर पहुँचकर प्रसिद्ध माता चौकिया धाम में दर्शन पूजन कर माँ का आशीर्वाद लिया । यहाँ वानर सेना के प्रदेश अध्यक्ष शरद सिंह ने पदाधिकारियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया । वाराणसी से जनपद पहुँचे राज्य सूचना आयुक्त ने शीतलता माता का दर्शन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सूचना देने में किसी भी दशा में अनावश्यक विलंब क़तई बर्दाश्त नही किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारियों को 30 दिन के भीतर ही सूचना उपलब्ध कराना ही होगा। कहा कि सूचना का अधिकार का मूल उद्देश्य सदभावनापूर्ण और सकारात्मक दृष्टिकोण से सूचना उपलब्ध कराना है। आयोग स्तर पर पुराने मामले का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने चिंता जतायी कि जिले स्तर पर जागरूकता की कमी के चलते कई मामले लंबित रह जाते हैं । उन्होंने वानर सेना द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे सामजिक कार्य और मानवता के लिए किए जा रहे परोपकार के कार्य की प्रशंसा की । स्वागत करने वालों में अमित राय,अतुल सिंह अनुज ,मनोज सिंह ,राजीव रतन सिंह,चंद्रकेश प्रजापति समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

**वैदेही सखी शक्ति समिति ने मनाया सीता नवमी महोत्सव** आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह ने अपने संबोधन में कहा नारी सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। इस तरह के कार्यक्रम से माताओं और बच्चों का हौसला बढ़ता है। महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे दिनेश कांत यादव ने इस तरह के आयोजन करने के लिए समिति के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिभागी बच्चों को सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया। वहीं यूपी बोर्ड परीक्षा में जिला में तीसरे स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रोशन करने वाली रूपांशी अग्रहरि को को भी सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि में कामना सिंह, सीमा सिंह, पिंकी राय ने अपने विचार रखे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड-हलिया, मीरजापुर।

पत्रांक- 110 / सां0स्था0क्षे0वि0नि0 / निविदा / 2025-26 दिनांक- 25.04.2025

**सामग्री आपूर्ति/अधिष्ठापन कार्य हेतु-ई-टेण्डरिंग/अल्पकालीन ई-निविदा की सूचना**

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निम्न परियोजनों पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु वाणिज्य कर कार्यालय में जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मों से www.etender.up.nic.in पर **दिनांक-28.04.2025 से दिनांक-04.05.2025 तक अपराह्न 05:00 बजे तक** निविदा डाला जायेगा। **दिनांक-05.05.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक** कार्यालय में डाली गयी आनलाइन निविदा एवं अन्य समस्त प्रपत्रों की हार्ड कॉपी लिफाफा बन्द उपलब्ध कराया जायेगा, उसी तिथि को **अपराह्न 03:00 बजे** विकास खण्ड स्तरीय गठित निविदा समिति के समक्ष ऑनलाईन ई-निविदा खोले जाने की कार्यवाही सम्पन्न किया जायेगा। ई निविदा की नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

| क्र0 सं0 | परियोजना / कार्य का नाम | सामग्री की प्राक्कलित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम हलिया विकास खण्ड हलिया उच्च प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र पर जन प्रतिक्षालय का निर्माण | 36.28 |
| 2 | ग्राम औरा विकास खण्ड हलिया में आश्रम के पास सार्वजनिक स्थल पर सोलर पंप का निर्माण | 19.64 |
| 3 | ग्राम पंचायत सोनगढ़ा विकास खण्ड हलिया छछुन्दर नाला पर रपटा निर्माण | 39.35 |
| 4 | ग्राम पंचायत बरयॉ विकास खण्ड हलिया में करौंदिया स्थित सार्वजनिक पंचायत भवन निर्माण | 44.45 |
| 5 | ग्राम पंचायत मनिगढ़ा विकास खण्ड हलिया में राम जानकी मन्दिर के पास सार्वजनिक स्थल पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण | 26.29 |
| 6 | ग्राम पंचायत कुशियरा विकास खण्ड हलिया में सार्वजनिक शादी घर उत्सव घर का बाउण्ड्रीवाल निर्माण | 26.37 |
| 7 | ग्राम मनिगढ़ा विकास खण्ड हलिया में मॅगरहवा नाले पर बैगा बस्ती के पास रपटा निर्माण | 26.64 |

**अवर अभियन्ता (ग्रा.अ.वि.) हलिया, मीरजापुर।**

**खण्ड विकास अधिकारी हलिया, मीरजापुर।**

# उद्योग बंधुओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर करें निस्तारित : मंडलायुक्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना और अन्य विषयों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को उद्योग बंधुओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने का निर्देश दिये। उद्योग बन्धु की बैठक के दौरान औद्योगिक आस्थान गद्दौपुर क्षेत्र की साफ सफाई न किये जाने की शिकायत की गयी जिस पर मंडलायुक्त ने नगर निगम को शीघ्र सफाई कराते हुए अवगत कराने के



निर्देश दिये। तहसील रुदौली के अमानीगंज में एक नया विद्युत सब स्टेशन की स्थापना किये जाने का अनुरोध उद्यमियों द्वारा किया गया जिस पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ने बताया कि भूमि का चयन कर लिया गया है और आगामी कार्यवाही की जा रही है, जिस पर मंडलायुक्त ने कहा कि उक्त सब स्टेशन का प्रस्ताव तैयार कर आगामी योजनाओं में सम्मिलित करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान लघु उद्योग भारती के उद्यमियों द्वारा अनुरोध किया गया कि राम सनेही घाट के निकट यूपीसीडा द्वारा स्थापित किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र में भूमि के कर निर्धारण में विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है जिस पर मण्डलायुक्त ने उक्त बिन्दु पर नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक अमेठी, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, सहायक श्रमायुक्त अयोध्या, उद्यमी अजय सिंघल, पी0डी0 गुप्ता, संजीव गोयल सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, विधान मंडल नेता और सांसद का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस्ती में होने वाली संविधान रैली में भाग लेने के लिए लखनऊ से बस्ती जाते समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधान मंडल के नेता आराधना मिश्रा तथा सांसद तनुज पुनिया का देवकाली बाईपास चौराहे के पास जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम की अगवाई में जोरदार स्वागत किया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान बदलने का कुचक्र रच रही है, जिसके तहत वह गरीबों, महिलाओं, नौजवानों का हक छीनना चाहती है, जिसका जवाब देने के लिए कांग्रेस के लोगों को तैयार



रहना होगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा संविधान की रक्षा के लिए चाहे जो करना पड़े कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का काम करने आवाहन किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य महेश वर्मा, उग्रसेन मिश्रा, शैलेंद्र मणि पांडे, विजयपाल सिंह, कर्मराज यादव, राजकुमार सिंह, सेवादल जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा गुप्ता, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, राम किशोर वर्मा, मनोज जायसवाल, सुरेश प्रताप सिंह, आशीष गुप्ता, फ्लावर नकवी, लाल मोहम्मद, विजय यादव, अशोक राय, बजरंग सिंह, रणजीत सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, आशीष दुबे, दीप कृष्ण वर्मा, शैलेंद्र विक्रम सिंह, पंकज सिंह, छविराज यादव, रुद्र प्रताप सिंह रिशु, कविंद्र साहनी आदि मौजूद रहे।

# कनौसा कान्वेंट स्कूल की दो छात्राओं ने प्राप्त की यूसीमास की स्नातक उपाधि

## दीपांशी, अशिता ने पूर्ण किया मैथमेटिक कोर्स

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कनौसा स्कूल की दो छात्राओं दीपांशी सहाय व अशिता सहाय ने यूसीमास के दो वर्षीय मैथमेटिक कोर्स को सफलता पूर्वक पूर्ण कर स्नातक उपाधि प्राप्त की। यूसीमास के अयोध्या कॉर्डिनेटर व संचालक अमित रस्तोगी व उत्कर्ष रस्तोगी के द्वारा आज स्कूल प्रांगण में दोनों बच्चों को 8 लेवल उत्तीर्ण करने के उपरांत स्नातक की डिग्री देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार स्मिता सहाय श्रीवास्तव व दीप सहाय की मेधावी पुत्रियों ने इससे पूर्व भी स्टेट व इंटरनेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपना स्थान बना चुकी हैं।




## जिला सुरक्षा संगठन के पुनर्गठन व विस्तार को लेकर बैठक आयोजित

**सुलतानपुर।** ज़िला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष डॉ.राजीव श्रीवास्तव व महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान नेतृत्व में संगठन के पुनर्गठन व विस्तार को लेकर वार्ड अध्यक्षों के साथ एक बैठक संगठन के अध्यक्ष डॉ.राजीव श्रीवास्तव के निवास बढ़ैयावीर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई कि किस तरह संगठन को और सक्रिय किया जाए। सभी पदाधिकारियों ने एक मत से निर्णय लिया कि जो वार्ड अध्यक्ष निष्क्रिय हो गए हैं, उनके स्थान पर दूसरे सक्रिय सदस्य को वार्ड अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी जाए और कार्यकारिणी में भी जो पदाधिकारी सक्रिय नहीं हैं उनके स्थान पर भी दूसरे को मौका दिया जाए। साथ ही साथ सक्रियता और विस्तार के सम्बन्ध में प्रत्येक शनिवार को क्रमशः वार्ड अध्यक्षों के साथ बैठकें निरन्तर हो रही हैं।

# डाभासेमर स्टेडियम में स्विमिंग पुल का भव्य शुभारंभ, खिलाड़ियों में खुशी की लहर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अंतर्राष्ट्रीय डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर स्थित बहुप्रतीक्षित स्विमिंग पूल का सोमवार शाम 5 बजे भव्य शुभारंभ किया गया। विधि-विधान के साथ इस स्विमिंग पूल का उद्घाटन स्विमिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण अरोड़ा ने किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बोलते हुए अतिथि जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण अरोड़ा ने अयोध्या के खेल प्रेमियों को बधाई दी और कहा कि लंबे समय से जिले में स्विमिंग पूल जैसी सुविधा का अभाव था, जो अब पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से स्वीमिंग पूल शहर के जीआईसी ग्राउंड के बगल में



हुआ करता था। उन्होंने बताया कि वहां के स्वीमिंग पूल में भी खिलाड़ियों का आवागमन बराबर रहता था। अब यहां पर बन जाने से खिलाड़ी काफी उत्सुक हैं। अब खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए विशेष बैच की व्यवस्था की गई है और कुल दो बैचों में नियमित प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इससे जिले की तैराकी प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा अवसर मिलेगा। अयोध्या के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने जानकारी दी कि स्विमिंग पूल की पूरी तरह से सफाई कर उसे खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया गया है। इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय अवधि में चिकित्सकीय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड के साथ पंजीकरण कराकर निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद अभ्यास कर सकते हैं। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, सचिव शिवकरन सिंह, उग्रसेन मिश्रा, पूर्व सैनिक रणविजय सिंह, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला महाविद्यालय गद्दोपुर में हुआ प्रबुद्ध समागम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर महिला महाविद्यालय गद्दोपुर, गोसाईगंज में प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू पाण्डेय में हुआ। आयोजन में छात्राओं, शिक्षकों और क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। अभियान के संयोजक और पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय 'बादल' ने कहा, ''देश में बार-बार चुनाव कराना समय, धन और संसाधनों की बर्बादी है। 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था से न केवल विकास कार्यों को गति मिलेगी, बल्कि लोकतंत्र भी अधिक मजबूत होगा। इससे प्रशासनिक और आर्थिक बोझ कम होगा तथा देश एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा। समागम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी हरिओम पाण्डेय ने कहा कि '' भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में बार-बार चुनावी प्रक्रिया से प्रशासनिक तंत्र बाधित होता है। एक साथ चुनाव होने से न केवल सरकारें स्थिर रहेंगी, बल्कि नीति निर्माण में भी निरंतरता आएगी। यह पहल लोकतंत्र को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष गोसाईगंज डा विजय लक्ष्मी जायसवाल, डा. श्वेताराज सिंह, विद्यावती राजभर ने भी छात्राओं को भी जागरूक किया कि वे इस विषय पर अध्ययन करें और समाज में जनजागरूकता बढ़ाने में योगदान दें। समागम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' जैसे विषयों पर विचार-विमर्श से छात्रों की राजनीतिक समझ और सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ती है। कार्यक्रम में शिक्षक, अधिवक्ता सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।



# लोकतंत्र सेनानी परिषद की नियमित बैठक में हुआ गहन विचार विमर्श

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** लोकतंत्र सेनानी परिषद की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष राम शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोकतंत्र सेनानियों ने विचार रखे। कहा गया कि 25 जून 1975 को अर्धरात्रि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल की घोषणा कर जम्हूरियत का गला घोंटा गया था। 21 मार्च 1977 को इमरजेंसी खत्म हुई थी। लगभग 21 महीने की अवधी में गैर कांग्रेसी राजनेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का जिस प्रकार उत्पीड़न हुआ था उसकी पीणा आज तक बरकरार है। उसी समय से प्रत्येक वर्ष 25 जून को देश भर में लोकतंत्र व संविधान प्रेमियों द्वारा काला दिवस मनाया जाता है। जिलाध्यक्ष राम शंकर गुप्ता ने बताया कि आगामी 25 जून को जनपद मुख्यालय अकबरपुर में मुख्य मार्गों पर जनचेतना रैली निकाल कर आपातकाल के काले चिट्ठे को उजागर किया जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ी उस समय हुए दमनचक्र से अवगत हो सकें। बैठक में लोकतंत्र सेनानी रामप्रकाश यादव, जगदेव वर्मा, बृजेंद्र प्रताप सिंह, मग्घूराम विमल, रामकेवल मौर्य मौजूद थे।

## एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर अयोध्या द्वारा 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर, फतेहगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. व अन्य है, प्रतिभाग कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थी (रोजगार मेला आई0डी0-2963) एवं पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उक्त दिनांक को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर, फतेहगंज, अयोध्या में उपस्थित हों, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल अयोध्या ने दी है।

## माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत सुनहरा अवसर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत माटीकला एवं माटी शिल्पकला के उद्यमियों/शिल्पियों के विकास हेतु 10 लाख रुपये के प्रोजेक्ट पर बैंकों से वित्तपोषण के इच्छुक लाभार्थियों/समूह/ संख्या/समितियों/व्यक्तिगत लाभार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य हो शहरी/ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हो उन्हे 10 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट पर शैक्षिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण हो, सावधि ऋण (पूँजीगत ऋण एवं कार्यशील पूँजी) बैंक ऋण के रूप में 5 वर्ष के लिए पात्र लाभार्थियों की ऋण पत्रावली चयन उपरान्त बैंक में ऑनलाइन प्रेषित कर वित्तपोषण कराया जायेगा, तदोपरान्त परियोजना के पूँजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत धनराशि मार्जिनमनी उपादान (अनुदान) के रूप में दिये जाने का प्राविधान है। मार्जिनमनी उपादान (अनुदान) को छोड़कर शेष ऋण पर ब्याज उद्यमी द्वारा देय होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो विभागीय वेबसाइट पर जमा किये जा सकते हैं।

# नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के आवाहन पर नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन फैजाबाद शाखा द्वारा अपनी चार मांगों को लेकर




विरोध प्रदर्शन किया गया। नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन द्वारा रेल प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों की विरोधी सिफारिशों को लेकर यह आंदोलन किया गया। चार मांगों में एक सौ तीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों पर वर्तमान में लागू छह लोको पायलट को हटाकर केवल सहायक लोको पायलट लगाया गया है। टी.एन.यू. गाड़ियों में सहायक लोको पायलट की कोई व्यवस्था ही नहीं की गयी है। भोजन एवं शौच आदि के लिए समय के प्रावधान को नकार दिया गया है तथा लोको मोटिव कैब में सीबीसीआरएस के प्रावधान को उचित बताते हुए नहीं हटाया गया है। इसके अतिरिक्त रनिंग कर्मचारियों के रनिंग भत्ता की दरों में बढ़ोत्तरी न करना, लोको पायलट की वैकेंसी को पूरा न किया जाना, रनिंग कर्मचारियों को छत्तीस घंटे में मुख्यालय वापस लौटाये जाने आदि की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया है। प्रमुख रूप से मण्डल उपाध्यक्ष ए.के. तिवारी, हीरालाल, एमएन मिश्र, वीबी सिंह, रमाकान्त यादव, अम्बिका प्रसाद मौर्य आदि रहे।

# दिवंगत भाजपा नेता को विनय कटियार ने दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राम लाल यादव का निधन हो गया। राम मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा से जुड़े राम लाल भाजपा के नेता पूर्व सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कटियार के करीबी रहे। पंजाबी के नाम से मशहूर राम लाल का बीती 25 अप्रैल को तबियत बिगड़ने पर रुदौली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अंतिम यात्रा में शामिल होकर शोक जताते हुए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि भाजपा नेता राम लाल यादव का निधन भारतीय जनता पार्टी की अपूर्णनीय क्षति है। कार्यकर्ता का हित के लिए उनका समर्पण सबसे अलग था। बेदाग छवि के भाजपा नेता के रूप में आम जनमानस के बीच लोकप्रिय रहे। वही पूर्व सांसद विनय कटियार ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक राम देव आचार्य, मां कामख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष किशोरी लाल भारती, गन्ना समिति गनौली अध्यक्ष निर्मल शर्मा, राम कैलाश मौर्या, प्रधान ओम प्रकाश यादव, सुशील शर्मा, महाजन शर्मा, राजेश यादव, विकास मिश्रा, पूर्व प्रधान प्रेमनाथ शर्मा, राज किशोर सिंह, आलोक यादव, विनोद मिश्रा, विजय सिंह, दिनेश यादव सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# बाग से आम तोड़ने का विरोध करना पड़ा महंगा



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** युवक को बाग से कच्चे आम तोड़ने का विरोध करना काफी महंगा पड़ गया। जिसपर उद्दंड युवकों ने उस पर धारदार हथियार से हमला करके बुरी तरह घायल कर दिया। नगर के मोहल्ला संघतिया के रहने वाले रिशी कुमार सोनकर पुत्र कन्हैया सोनकर ने वनगांव मार्ग पर स्थित एक आम की बाग अनुबंध पर ले रखा है, जिसकी रखवाली पुरसावां निवासी युवक रमेश कुमार उर्फ गोलू पुत्र हौसिला प्रसाद करता है। रविवार की शाम को पास के ही रहने वाले कुछ मनबढ़ बाग में जबरन घुसकर कच्चे आम तोड़ रहे थे। रमेश कुमार द्वारा मना करने पर रजत पुत्र अवधेश तथा विशाल नामक युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। किसी तरह उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित के सर, गर्दन, नाक व चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आई हैं। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना नहीं है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## आज जनसुनवाई करेंगी राज्य महिला आयोग की सदस्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का 30 अप्रैल को जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सदस्य 30 अप्रैल को प्रातः 11 से जनसुनवाई सर्किट हाउस में करेंगी। तत्पश्चात महिला बंदीगृहों, बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम सदस्य के निर्देशानुसार होंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं/ बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 30 अप्रैल को 11 बजे सर्किट हाउस अयोध्या में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें, जिससे कि उस जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

# मेधावी सम्मान समारोह में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पंडित हृदयराम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा विद्यालय में वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए मेधावी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट की टॉपर छात्रा सुकृति जिसने 89.6 अंक तथा हाई स्कूल की आस्था तिवारी जिसने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। कक्षा 12 व्यावसायिक वर्ग में प्रथम स्थान सुकृति द्वितीय स्थान शालिनी पाल तथा तृतीय स्थान रश्मि को मिला जबकि कक्षा 12 साहित्यिक वर्ग में प्रथम स्थान कमल निषाद द्वितीय स्थान आंचल प्रजापत तथा तृतीय स्थान राधा निषाद को मिला। वहीं कक्षा 10 में प्रथम स्थान आस्था तिवारी द्वितीय स्थान रितिका गुप्ता तथा तृतीय स्थान आशीष निषाद को मिला। संचालन रमेश पाठक ने किया। इस अवसर पर अरविंद वर्मा, अनिल पांडेय, शशिकांत पांडेय, राजकुमार कारूष, विनीत मिश्रा, सच्चिदानंद शुक्ला, अरुण द्विवेदी, रामाशंकर यादव, संत सिंह, प्रभात गुप्ता, डा. मनोज दुबे, अमित तिवारी, निखिलेश पांडे, मिथिलेश पांडेय, सुनील वर्मा, अशोक मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, विजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, प्रधान लिपिक अरविंद कुमार, शुभम पांडेय, रंगनाथ पांडेय, विजय सेन, रघुनाथ निषाद आदि उपस्थित रहे।

# कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में निकाला कैंडिल मार्च




**माहुल(आजमगढ़)।** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में माहुल बाजार में रविवार देर शाम केंडिल मार्च निकाला गया,और हताहत पर्यटकों को स्वस्थ होने की कामना की गई। अम्बेडकर जन जागृति सेवा संस्थान के बैनर तले निकाला गया यह केंडिल मार्च माहुल के पवई रोड स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास से निकला यह कैंडिल मार्च कुरैशी चौक से पुराना गांधी मार्ग होते हुए पवई रोड तिराहे तक गया और पुलिस चौकी के सामने समाप्त हुआ।हाथों में कैंडिल लिए लोगों की आंखों में गम और गुस्सा दिखा।उसके बाद लोगो ने अम्बेडकर प्रतिमा के सामने केंडिल जला कर हताहत पर्यटकों को स्वस्थ्य होने की कामना की गई । वक्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए आतंकियों के इस कायराना कृत्य के लिए भारत सरकार से कठोर कार्यवाही करने की मांग किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार,गुलशन कुमार राहुल गौतम,सुजीत जायसवाल आंसू,बिजली कुरैशी,सलमान कुरैशी ,अखिलेश अग्रहरि आदि सैकड़ों लोग रहे।।

# आज देवरिया आयेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

## 676.32 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देंगे



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिले के देसही देवरिया विकास खण्ड के पंडौली पड़ियापार गांव स्थित नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय के पास कल 29 अप्रैल को 11.30 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ का आगमन होगा। इस दौरान वह 676.32 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 422.67 करोड़ रुपये की 160 नई परियोजनाओं का शिलान्यास और नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय सहित 253.64 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 341 तैयार बड़ी परियोजनों का लोकार्पण शामिल है। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दीं है। डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी विक्रांत वीर सीएम के कार्यक्रम को लेकर मौके पर तैयारियों को अंतिम रूप दिलवाने में लगे। जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी लगाया गया है। नव निर्मित राजकीय महाविद्यालय का लोकार्पण करने आ रहे सीएम योगी आदित्यनाथ शहरवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के कार्यक्रम आयोजन स्थल पड़ियापार में तय होने के बाद प्रशासनिक महकमे ने तैयारियां तेज कर दी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम होने के कारण कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है। डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी मातहतों के साथ सीएम के कार्यक्रम को लेकर लगातार तैयारियों में लगी है। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी विक्रांत वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहे है। महाविद्यालय के बिल्कुल पास में हैलीपेड बनाया गया है। जेसीबी सहित तमाम मशीनों को लगाकर सड़क पर गड्ढे, टूटी सड़कों को मरम्मत करने का कार्य तेज हो गया है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग में लगे हुए हैं।

# डॉ संतोष अध्यक्ष एवं डॉ सिद्धार्थ बने सचिव

## प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न



**बलिया।** बताया जाता है कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चिकित्सकों की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को एक उत्सव वाटिका में संपन्न हुआ। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष चौधरी को अध्यक्ष व जिला महिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ मणि दुबे ने सचिव पद पर शपथ ग्रहण किया। इनके साथ डॉ फैजल यूनुस खान ने उपाध्यक्ष डॉ राकीब अख्तर और डॉ रितेश सोनी ने संयुक्त सचिव और डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने प्रतिनिधि केंद्रीय कार्यकारिणी के रूप में शपथ लिया। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलिया डॉ संजीव बर्मन एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री आनंद दुबे की अध्यक्षता में समस्त पदाधिकारीयों ने शपथ ग्रहण किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव ने चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि संघ उनकी हर समस्या के लिए पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा रहेगा।सचिव डॉ दुबे ने कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसके सदस्यों की संख्या होती है, इसलिए वह चिकित्सक जो अब तक संघ के सदस्य ना बन पाए हो तत्काल सदस्यता ग्रहण कर लें। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री राजशेखर,प्रशासनिक अधिकारी श्री योगेश पांडे सहित जनपद के समस्त चिकित्सक मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

# फर्जी तरीके से नौकरी कर रहा अध्यापक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** खामपार पुलिस ने दूसरे व्यक्ति के नाम पर फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे फर्जी अध्यापक गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिवप्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में मु0अ0सं0- 49/2021 धारा 419,420,467,468,471 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त संजय यादव उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मदेव यादव निवासी ग्राम बरडीहा परशुराम परसन टोला थाना लार जनपद देवरिया को थाना खामपार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बंगरा के पास से गिरफ्तार किया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि अभियुक्त संजय यादव उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मदेव यादव उपरोक्त प्राथमिक विद्यालय विरमापट्टी वि0क्षे0 भाटपार रानी में सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र मानबहादुर सिंह कन्हौली खास देवरिया उ0प्र0 के नाम से फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर जुलाई 2010 से जुलाई 2020 तक नौकरी कर रहा था। 2.04.2021 को वादी मुकदमा शैलेन्द्र कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी भाटपार रानी जिला देवरिया द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराये जाने के बाद से ही अभियुक्त संजय यादव उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मदेव यादव उपरोक्त विद्यालय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, उ.नि. रवीन्द्र नाथ सिंह, उ.नि. प्रियांशु कुमार दूबे, उपेन्द्र यादव थाना और राहुल यादव शामिल है।

# डीएम ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



**बलिया।** बताया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस के प्रत्येक तल के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण एवं लॉग बुक का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल कुमार तथा मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन उपस्थित रहें।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में दो परिवारों के गृहस्थी खाक

**आजमगढ़।** महराजगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के चकनायक गांव में सुबह लगभग 10-00 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में दो परिवारों की रिहायशी मंडई सहित पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई ।उक्त गांव निवासी सुरेंद्र मौर्य सब्जी का कारोबार करते हैं । वह सुबह सब्जी लेने के लिए महराजगंज मंडी गये थे तथा उनकी पत्नी और बच्चे पड़ोस में हो रहे रामायण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गए थे । घर पर केवल एक बच्ची मौजूद थी । इसी बीच मंडई व एसबेस्टस के घर में अचानक आग लग गयी जिसे देख बच्ची ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़े और आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे तभी आग ने पड़ोस में स्थित भाई गौरीशंकर मौर्य की मंडई को भी अपनी चपेट में ले लिया । ग्राम प्रधान साहब यादव ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दिया किंतु जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था । आगलगी की इस घटना में दोनों परिवारों की पूरी गृहस्ती जलकर खाक हो गई तथा लगभग तीन लाख रुपए की क्षति का अनुमान बताए जा रहा है ।

# सफाई कर्मियों के साथ एडीओ पंचायत ने की बैठक

**आजमगढ़।** रसगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड सभागार में सफाई कर्मियों के साथ एडीओ पंचायत ने की बैठक गांव-गांव खराब इंडिया मार्का हैंडपंप को चिन्हित करने के निर्देश। जानकारी के अनुसार सोमवार को दिन में 2-00 बजे से लेकर 4-00 बजे तक अजमतगढ़ खंड सभागार में एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र शर्मा ने सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर गांव गांव सफाई की स्थिति की जानकारी ली वहीं अपने-अपने ग्राम पंचायत में अभियान चलाकर ग्रीष्म ॠतु में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए हैंड पंप की स्थिति की रिपोर्ट मांगी वहीं कहा कि खराब इंडिया मार्का हैंडपंप को चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया इस दौरान बैठक में अजमतगढ़ सफाई कर्मी संघ अध्यक्ष संजय यादव राजेश मानसिंह मंगल पाठक फैजान धर्मेंद्र सहित दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# मकान मालिक की सहमति बगैर बाइक एजेंसी मालिक ने मकान में किया कब्जा

**आजमगढ़।** महराजगंज कस्बे के बिलरियागंज रोड स्थित एक प्रतिष्ठित दो पहिया वाहन के डीलर ने मकान मालिक से बिना किसी सहमति व एग्रीमेंट के निर्माणाधीन मकान में कब्जा कर अपना गोदाम बना लिया।हूंसेपुर कोलहटा कमाल गांव निवासी मकान मालिक सतीश को सोमवार को जब यह जानकारी हुई तो वह एजेंसी मालिक के पास पूछताछ के लिए पहुंचा तो निजामाबाद थाना क्षेत्र निवासी एजेंसी मालिक ने अपने आप को सपा के क्षेत्रीय विधायक का नजदीकी होने का धौंस दिखाते हुए मकान खाली करने से मना कर दिया और मकान मालिक को ही जेल भेजवाने की धमकी देने लगा । दोनों पक्षों में बात बढ़ी तो आसपास के लोग भी काफी संख्या में इकट्ठे हो गए । मौके पर मौजूद लोग एजेंसी मालिक के इस रवैये से काफी नाराज थे और उसकी दबंगई से आक्रोशित थे । बात बढ़ती देख किसी ने स्थानीय पुलिस को फोन से घटना की सूचना दिया तो पुलिस मौके पर पहुंचकर एजेंसी मलिक के छोटे भाई को अपने साथ थाने ले आई । मकान मालिक ने घटना के बावत स्थानीय थाने में प्रार्थनापत्र दिया है ।

# डीएम ने रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण



**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन एवं अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार को डिवाइडर पर लगाए जा रहे रेलिंग एवं चित्रकारी के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सुन्दर लाइटिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित को रेलवे ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर पर फूलों के पौधे लगवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी को कराए गए सौंदर्यीकरण के कार्यों को नियमित रूप से मेंटेनेंस कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बलिया शहर में यातायात की व्यवस्था और सुदृढ़ करने के लिए अधिशासी अधिकारी को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पुनः अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने दुकानदारों से वार्ता कर कहा कि सड़क पर अतिक्रमण न किया जाय। दुकान का सामान दुकान के अंदर ही रखा जाय। उन्होंने कहा कि यातायात में अवरोध उत्पन्न करने वाले विद्युत के खंभों को भी हटवाया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को कटहल नाला के आसपास लगने वाले मछली मार्केट को भी हटवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आज कटहल नाला पर निर्माणाधीन पुल एवं एन.एच.-31के चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने एन.एच.ए.आई. के अधिकारी को पुल का निर्माण कार्य एवं सहायक अभियंता,लोनिवि को एप्रोच मार्ग का कार्य पूर्ण कराकर पुल संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन, प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित एवं अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोवंश का कटा सिर और खाल बरामद, क्षेत्र में फैली सनसनी



**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खोरासो गांव के चकशाह काफी में सोमवार को सुबह गोवंश का कटा सिर और अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सुबह ग्रामीण जब खेत की तरफ गए तो नहर में गोवंश का कटा हुआ सिर एवं अवशेष देखा तो फूलपुर पुलिस को सूचित किया गया।पशु डाक्टर संदीप कुमार ने मौके पर अवशेष का सिंपल लेकर जाँच के लिए भेज दिया।पुलिस ने गड्ढा खुदवा कर गोवंश के कटे हुए भाग को गड़वा दिया।अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाएं अलग अलग थानो में आए दिन देखी जा रही है। कोतवाली प्रभारी गंगा राम बिन्द का कहना है कि गोवंश के मिले अवशेष के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है,जांच पड़ताल जारी है।

# बिजली विभाग : बकाएदारों के खिलाफ अभियान में 17 की कटी लाइट

## एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** बिजली विभाग इन दिनों बकाएदारों और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ जिले भर में अभियान चला रही है। इसी के तहत हाइलास फीडर रेलवे पर अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर उपखंड अधिकारी चंद्रभूषण कुमार, विजिलेंस टीम एवं अवर अभियंता शशांक चौबे के साथ संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में बजाजी गली, आर्यसमाज गली, बरहज गली में किया गया। जिसमें कुल 108 उपभोक्ताओं का परिसर जांच किया गया। जिसमें 17 बकायेदारों की लाइन काटी गई और 1 उपभोक्ताओं के यहां मीटर से छेड़छाड़ कर मीटर में शंट ( प्रतिरोधक) लगा कर विद्युत का उपभोग करते पाए जाने पर धारा 135 के तहत एफ आई आर किया गया तथा 345000 रुपए जमा कराया गया।अभी तक इस तरह का चेकिंग अभियान चला कर कुल 1900 उपभोक्ता के परिसर की जांच कर कुल 33 उपभोक्ता पर रपट दर्ज की गई है। वही 104 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया। साथ ही 915 स्मार्ट मीटर लगाए गए तथा 30 नए कनेक्शन दिए गए है। यही नही लगभग 1.25 करोड़ रुपए जमा कराए गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अमित सिंह ने बताया कि अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा।उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय से विद्युत बिल जमा करे एवं विद्युत की चोरी करने से बचे जिससे ऐसे कारवाही से बचा जा सके।

# दूल्हे के पिता से छिनैती करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## दो अन्य फरार, तमंचा, बाइक व नकदी बरामद




**अतरौलिया आजमगढ़।** अतरौलिया थाना की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के लोहरा स्थित एक मैरेज हाल से दूल्हे के पिता से पैसों से भरे बैग की छिनैती करने के मामले में एक अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा .315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा 15,200 रूपये नगद बरामद किया गया है। बता दें कि दिनांक 20 अप्रैल 2025 को राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व हरिहर प्रसाद, निवासी भगवानपुर मंझारिया, थाना कटका, अम्बेडकरनगर द्वारा तहरीर दिया गया था कि वह अपने पुत्र प्रेमसागर की शादी हेतु बारात लेकर अतरौलिया, लोहरा स्थित उमंग मैरिज हाल आये थे, तभी 02 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा मैरेज हाल के गेट के पास से पीड़ित के पैसों से भरे बैग को छीनकर लेकर भाग गये। पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत करके आगे की कार्रवाई की जा रही थी, कि जांच के दौरान अभियुक्तों कुलदीप उर्फ डूबकी लोना पुत्र मायाराम लोना उर्फ छुन्नीपाल लोना, निवासी शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, अम्बेडकर नगर, उम्र 19 वर्ष, गोलू नोना पुत्र सुक्खू नोना, निवासी ग्राम शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, अम्बेडकरनगर और टाइगर उर्फ जुगनू नोना पुत्र नन्हें नोना, निवासी ग्राम शाहपुर फिरोजपुर, थाना जलालपुर, अम्बेडकरनगर का नाम प्रकाश में आया। उ0नि0 संतोष कुमार व उ0नि0 उमेश चंद्र द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, ग्राम अचलीपुर के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये, जिन्हें रुकने का ईशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार पुलिस टीम पर फायर करते हुये भागने लगे। पुलिस बल द्वारा मौके पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य दो व्यक्ति फायरिंग करते हुये भाग गये। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना नाम कुलदीप उर्फ डूबकी लोना बताया गया। बरामद रूपयों के बारे में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम तीनों साथी मिलकर अतरौलिया थाना क्षेत्र के उमंग मैरिज हाल के पास बारात मालिक के हाथ से रुपयों से भरे हुये बैग को छीनकर भाग गये थे, जिसमें कुल 62,000 रूपये था, जिसको हम लोगों द्वारा आपस में बांट लिया गया, जिसमें मेरे हिस्से में 20,000 रूपया मिला था, जिसमे से कुछ रुपये खर्च भी हो गए , शेष पैसा मेरे पास से जो मिला है उसी छिनैती का 15,200 रूपया है।

# एक देश एक चुनाव को लेकर प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम हुआ आयोजित



**लालगंज आज़ामगढ़।** स्थानीय एक मैरिज हॉल में आयोजित एक देश एक चुनाव के प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में त्र्यंबक त्रिपाठी उपस्थित रहे वर्षों से चले आ रहे चुनाव प्रक्रिया में विसंगतियां एवं आम जनता को होने वाली सुविधाओं को दूर करने के लिए पूरे देश भर में एक देश एक चुनाव की मुहिम सामाजिक संगठनों द्वारा चलाई जा रही है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा पूर्व की सरकारों ने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए आजादी के बाद से चले आ रहे हमारी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर स्वयं का लाभ देखा लेकिन समय आ गया है जब एक देश एक चुनाव की मांग पूरे भारत की मांग हो गई है कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रेमनाथ सिंह एवं संचालन रणविजय राय ने किया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, पूर्व सांसद नीलम सोनकर, पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनोद राय , चंदू सरोज ,कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, दीपक राय, मनोज यादव, राजेंद्र सिंह खन्ना, सत्येंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह ,शिवेंद्र राय ,संतोष राय अधिवक्ता सहित इत्यादि प्रबुद्धगण उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने किया पत्रकार भवन का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत सलेमपुर, देवरिया।** राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की बड़ी भूमिका होती है। इन्हें चौथा स्तंभ कहा जाता है। ऐसे स्तंभ के बैठने के लिए एक भवन की आवश्यकता थी। यह नवनिर्मित भवन पत्रकारों को सुपुर्द कर रही हूं। उन्होंने कहा कि सलेमपुर का ऐतिहासिक विकास होगा। राज्यमंत्री सोमवार को सलेमपुर के हरैया में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नव निर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण एवं पत्रकार गोष्ठी को संबोधित कर रही थी। उन्होंने वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजन अर्चन कर लोकार्पण की। इस दौरान मीरा लॉन में आयोजित ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियां विषयक गोष्ठी को संबोधत करते हुए कहा कि आम लोगों की समस्या को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य मीडिया करता है। ऐसे में पत्रकार भवन हो जाने से अब पत्रकारों को अपना कार्यक्रम या बैठक करने के लिए किसी दूसरे के घर, होटल या मैरेज हाल नहीं मांगनी पड़ेगी। उन्होंने अपने विकास की चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकार भवन का बनना ही ऐतिहासक कार्य नहीं है। सलेमपुर में जो भी कार्य हुए हैं वह सभी ऐतिहासिक ही हुए हैं। सलेमपुर की जनता ने मुझे पहली बार विधायक बनाकर प्रदेश सरकार में पहली बार क्षेत्र के विधायक को मंत्री बनाया गया है।सलेमपुर में जो भी कार्य हो रहे हैं ऐतिहासिक ही हो रहे हैं। सलेमपुर में सीएचसी का उच्चीकृत, बस स्टेशन का निर्माण, तिलौली में प्रस्तावित ब्लाक का जल्द निर्माण, सोहनाग से सोहगरा तक धर्मार्थ सड़क

**सामाजिक सेवा में योगदान करने वालों विभूतियों का हुआ सम्मान**

का निर्माण कराकर सलेमपुर का विकास कराउंगी। उप जिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार व प्रशासन एक दूसरे के पूरक हैं। आप ही के सूचना को प्रशासन संज्ञान में लेकर उस पर पहल करने का कार्य करती है। सीओ दीपक शुक्ला ने कहा कि अपराध को रोकने में भी पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय ने कहा कि कमजोर वर्ग की आवाज आज भी पत्रकार ही हैं। पारदर्शिता, निष्पक्षता ही उसका धर्म हैऔर संगठन ही उसके मान ,सम्मान ,सुरक्षा का सजग प्रहरी है । प्रदेश उपाध्यक्ष केप्टन वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकार शासन व जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। इसके पूर्व राज्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व प्रधानाचार्य नवल किशोर पांडेय, वरिष्ठ कवि गिरधर करुण, स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले डा.आजम खां, वरिष्ठ अधिवक्ता राम नारायण लाल श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ पत्रकार के पी गुप्ता को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस दौरान उन्होंने ग्रापए के सदस्यों को अपने हाथों से परिचय पत्र भी दिया। इस दौरान प्रमुख रुप से सेंट जेवियर्स के प्रधानाचार्य बीके शुक्ला, आरएल एकेडमी के प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, सेंटपाल के निदेशक विनोद मिश्र, जीएम एकेडमी के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी, सेंट्रल एकेडमी के प्रबंधक पंकज पांडेय, सेंटजांस के प्रवंधक रत्नेश मिश्र, ग्रापए के मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, जिला मंत्री प्रेम चंद्र मिश्र,डॉ हरिश्चंद्र मिश्र, आनद मोदनवाल, विनोद सिंह ,विजय सिंह ,सिंहासन यादव, प्रेम कुमार मुफ़लिस,आदित्य मिश्र प्रमोद राय, राम नवल सिंह, अवध नारायण मिश्र, रत्नेश यादव, राकेश यादव आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता श्याम नारायण मिश्र व संचालन डा.धर्मेंद्र पांडेय ने किया।

# हेमंत पटेल की हत्या को लेकर सरदार सेना ने एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

**चुनार मिर्जापुर।** सरदार सेना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल के निर्देश पर जिलाध्यक्ष के अगुवाई में 6 सूत्रीय मांग सौपा। बीते 22 अप्रैल 2025 को 12वीं के छात्र हेमंत पटेल पुत्र कैलाश नाथ वर्मा की हत्या के संबंध में चुनार तहसील प्रांगण में सरदार सेना के कार्यकर्ताओं ने चक्रमण करते हुए हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग करते हुए उप जिलाधिकारी को 6 सूत्री मांग संबोधित राज्यपाल को उप जिलाधिकारी को सौपा जिसमें हत्यारो की गिरफ्तारी कर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर रामलाल पटेल, सुनील पटेल, कृष्ण मुरारी,महेंद्र पटेल,ऋषि सिंह,टांडा पटेल,रवि पटेल,पीयूष पटेल,राम प्रसाद सिंह, जितेंद्र



कुमार,आलोक सिंह, दिवाकर सिंह, संदीप पटेल, रणधीर पटेल, प्रिंस पटेल, आदि उपस्थित रहे।

# छात्र को प्रताड़ित करने के आरोपियों पर हो कार्यवाही : देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर।** सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च कर कलेक्टेऊट पहुँचकर कार्यकर्ताओं व

## डीएम को सौंपा गया समस्याओं का पुलिंदा

पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समस्याओं का पुलिंदा डीएम प्रियंका निरंजन को सौंपा। सौपें गये पत्रक के माध्यम से डीएम को बताया गया कि स्कूल के अध्यापिका द्वारा कक्षा 4 के छात्र शौर्य गुप्ता को प्रताड़ित किया गया है। साथ ही खुलूआ सेमरा स्थित नवीन परती भूमि का निस्तारण करने की मांग की गई। कहा गया कि समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा कराया जाय और इस बात



का ध्यान रखा जाय कि भविष्य में दोबारा इस तरह की पुनरावृत्ति न होने पाये। अन्यथा समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन के लिये बाध्य होगी।

इस मौके पर वन्दना गुप्ता, सत्यप्रकाश यादव, तान्या गुप्ता, राममिलन यादव, अमरेश सोनकर, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, दुर्गा सिंह, शक्ति श्रीवास्तव, घनश्याम गोड़, पतालू यादव आदि मौजूद रहें।

# खेत पर अकेले रह रहे किसान का शव मिलने से सनसनी

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के वनमिलिया ग्राम पंचायत मेंनदी के किनारेसोमवार सुबह अधेड़ का शव मिलनेसेसनसनीफैल गई। मृतक अपनेखेत पर झोपड़ी लगा कर अकेले रहता था। अधेड़ का शव मिलनेअहरौरा पुलिस मौके पर पहुंच मौकामुआयना करनेके बाद मामलेके तहकीकात में जुट गई है। पुलिस के अनुसार शव के पास बाल्टी और लोटा पड़ा था, पास की जमीन भी गिली है। उधर ग्रामीणों का कहना हैकी मृतक एक आंख के पास चोट के निशान हैं। उन्होंनेहत्या की आशंका जताई है। 55 वर्षीय रोशन अली पुत्र हबीब मूलरूप सेचंदौली जिलेके चकरघट्टा थाना क्षेत्र के मझगाई का रहने वाला है। अहरौराथाना क्षेत्र के वनइमिलिया ग्रामसभा अपनेखेत पर रहता था। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ नेबताया कि मृतक के शरीर पर किसीप्रकार का कोई चोट का निशान नहीं है।पास मेंबाल्टी, लोटा रखा है। जमीन गीली हैजैसेपानी गिरा हो। खेत पर झोपड़ी लगाकरअकेलेरहता था। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## तहसील के आकस्मिक स्थानांतरित होने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**लालगंज, मीरजापुर।** विन्ध्य अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष बृजभूषण पांडे के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय तहसील से स्थानांतरित होने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने विरोध किया तथा दिनभर न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए बैठक की कॉपी सभी न्यायालय में भेजा गया। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील परिसर के एक कमरे में उप निबंधक कार्यालय का कार्य संपादित किया जाता है किंतु आकस्मिक तहसील को स्थानांतरित होने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील से उप निबंधक कार्या लय स्थानांतरित होने से अधि वक्ताओं एवं वादकारियो को परेशानी होगी कहा कि तहसील परिसर में ही भूमि उपलब्ध है तहसील परिसर मे ही उपनिबंधक कार्यालय बनाया जाए।

# हीट वेव से सफाई कर्मी गस्त खाकर गिरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गुर्गी में सोमवार कि दोपहर कार्य करते समय हीट वेव गर्मी से एक सफाई कर्मी अचेत हो गया। मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों ने हीट वेव से अचेत सफाई कर्मी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर सफाई कर्मी का चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। हालत सामान्य है। हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत दिघिया गांव निवासी 35 वर्षीय सफाई कर्मी शिव अचल पाल अपने साथियों सफाई कर्मियों के साथ सोमवार कि दोपहर ग्राम पंचायत गुर्गी में सफाई कार्य कर रहा था कि अचनाक हीट वेव गर्मी कि चपेट में आकर अचेत हो गया। सफाई कर्मी को अचेत होने



पर उसके साथियों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया गया।जहां पर मौजूद चिकित्सक द्वारा सफाई कर्मी को उपचार के लिए वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। उपचार के बाद चिकित्सक के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। सफाई कर्मी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में अपने साथियो के साथ सफाई कार्य कर रहा था कि अत्यधिक गर्मी हीट वेव कि चपेट में आकर अचेत हो गया था। उपचार के बाद हालत में सुधार हुआ है।

## खिड़की काट स्कूल का कुकर, थाली उठा ले गए चोर

**जिगना (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बदेवरा गाँव स्थित कंपोजिट विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों नेलगभग एक लाख का सामान पार कर दिया। पुलिस मामलेकी छानबीन मेंजुट गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक लालबहादुर यादव नेबताया कि कार्यालय की खिड़की काट कर अंदर घुसेचोरों नेरसोईघर का सारा सामान उड़ा लिया। चोर 20 लीटर का कूकर, 50थाली, बाल्टी, टब कूलर की मोटर फैन उड़ा लेगए। प्रभारी प्रधानाध्यापक नेबताया कि इससेपहलेभी सिलसिलेवार हुई चोरी कीघटनाओं का पर्दाफाश नहीं हो सका। परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों का मानना हैकि जब घटना की रिपोर्ट ही दर्जनहीं कियाजाता, फिर खुलासा कैसेहो पाएगा। प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह नेबताया कि विद्यालय मेंचोरी हुई है। मामला संज्ञान में है।

# अंधाधुंध हो रही विद्युत कटौती से लोग बेहाल

**हलिया (मिर्जापुर)।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र हलिया से संबंधित फीडरों में अंधाधुंध विद्युत कटौती होने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए है। विद्युत उपकेंद्र पर जानकारी लेने पर बताया जा रहा है कि 132 केवी उपकेंद्र से रोस्टिंग हो रही है। केवल पांच से छह घंटे ही विद्युत आपूर्ति लोगो को मिल पा रही है जिससे लोगो को गर्मी से जीवन बहाल हो गया है। इस प्रचण्ड गर्मी में विद्युत आपूर्ति नहीं होने से लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन विद्युत कटौती होने से लोगो को पेयजल कि समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगो के इन्वर्टर मोबाइल फोन कि बैट्री डिस्चार्ज हो जा रही है। हलिया विद्युत उपकेंद्र से हलिया, अदवा, कोटाघाट, ड्रमण्डगंज फीडर के माध्यम से आपूर्ति किया जाता है लेकिन विद्युत रोस्टिंग के नाम पर आपूर्ति बाधित होने से लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता कृष्णा प्रसाद शर्मा को विद्युत रोस्टिंग कटौती कि कोई जानकारी नहीं है। लापरवाह विद्युत अवर अभियंता के विरुद्ध स्थानीय लोगो ने कार्रवाई कि मांग किया है। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत कृष्णा प्रसाद शर्मा का कहना है कि विद्युत कटौती रोस्टिंग कि कोई जानकारी मुझे नहीं है क्षेत्र में हूँ कितने घंटे कटौती हो रही है जानकारी किया जायेगा।

# ट्रेन में बैंककर्मी की मौत : स्थानांतरण कराने को लेकर था परेशान

**मिर्जापुर।** ट्रेन में यात्री की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी और रेल विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया गया। परिजनों के अनुसार, बैंककर्मी अपने होम टाउन में ट्रांसफर करवाना चाहता था, इसलिए वह परेशान था।

मुंबई मेल में सफर कर रहे यात्री की रविवार की रात भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ गई। रेलवे स्टेशन चुनार पहुंचने पर उसे सीएचसी चुनार ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल से उसकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने भोजन करने के बाद मौत होने की बात बताई। झारखंड के विजौरा चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी सादाब आलम (24) पिछले तीन वर्ष से मुंबई के एचडीएफसी बैंक में बैंक पीओ के पद पर कार्यरत था। वह चार महीने पहले घर आया था। घर के पास की शाखा में स्थानांतरण कराने को लेकर परेशान था। झारखंड के हजारीबाग शाखा में स्थानांतण होने के बाद वह मुंबई में नौकरी छोड़कर मुंबई मेल से घर लौट रहा था।

रविवार रात को मिर्जापुर के पास ट्रेन पहुंचने पर उसने रेलवे से ऑर्डर किया हुआ भोजन किया। चुनार से पहले उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। चुनार स्टेशन पहुंचने पर वह अचेत हो गया। जीआरपी के लोग उसे चुनार चचेरी मोड़ अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जीआरपी ने आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के जरिये परिजनो को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सादाब के मामा मो. आजम और उसके मित्र पहुंचे। मामा ने बताया कि ट्रेन में रेलवे का भोजन करने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उसे कोई बीमारी नहीं थी। मौत की जांच होनी चाहिए।

जीआरपी प्रभारी चुनार रमाशंकर ने बताया कि मुंबई मेल ट्रेन में यात्री अचेत मिला था। उसे सीएचसी में मृत घोषित किया गया। अन्य यात्रियों से पूछने पर पता चला कि भोजन करने के बाद ही तबीयत बिगड़ी और वह अचेत हो गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का पता चलेगा।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर रविवार की रात हुई सड़क दुर्घटना मेंपांच लोग घायल हो गए।सभी घायलों को पुलिस के सहयोग सेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया। जहां दो घायलों की हालत गम्भीर होनेपर उन्हेंट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। पड़री थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर पहाड़ी गांव निवासी 19 वर्षीय अरविंद राजगढ़थाना क्षेत्र के पिपरवार गांव निवासी 18 वर्षीय दिनेश एक ही बाइक सेरविवार की रात लगभग 11 बजेबारात सेवापस लौट रहेथे। तभी लूसा गांव के पास पिकअप चालक नेबाइक मेंटक्कर मार दिया।पिकअप के टक्कर सेबाइक सवार अनियंत्रित होकरमिर्जापुर सोनभद्र मार्गपर गिर पड़े। इसी बीच स पीछे सेपहुंची तेज रफ्तार बोलेरो नेसड़क पर गिरेयुवक के पैर को कुचलतेहुएआगेनिकल गई। गनिमत रही कि युवक की जान बच गई। हादसेमेंदोनों युवक गम्भीर रूप सेघायल हो गए। राहगीरों की सूचनापर पहुंची पुलिस, दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराई। जहां हालत गंभीर देख घायलों को ट्रामा सेंटरवाराणसी रेफर कर दिया।दूसरी घटना मेंराजगढ़ गांव के एक डिग्री कॉलेज मेंपढ़नेवालेछात्र 20 वर्षीय आदित्य निवासी झांसी, 22 वर्षीय लकी मौर्यनिवासी करतारपुर बिहार, 21 वर्षीय महेश सिंह निवासी शाहगंज सोनभद्र एक ही बाइक सेधनसिरिया गांव मेंअपनेमित्र के घरशादी मेंसम्मिलित होनेजा रहेथे। राजगढ़ मधुपुर मार्गपर अमहवा गांव के पास सड़क किनारेलगभग तीन फीट गहरेगढ्ढे मेंबाइकसहित गिरनेसेघायल हो गए। बारात कर लौट रहे, नदीहार ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह सड़क किनारेगढ्ढे गिरेघायल छात्रों कोअपनेसहयोगियों के साथ मिलकर गढ्ढे सेबाहर निकाल, एंबुएंलेंस सेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ भर्ती कराया। जहां उनकाइलाज चल रहा है।

## बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी अनुराग त्रिपाठी ने रविवार कि देर शाम थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध बाइक चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है कि बीते 9 अप्रैल को समय लगभग 8.40 बजे सुसुआड़ नाले के पास ददरी रोड़ पर जामुन के पेड़ के पास अपनी बाइक खडी कि थी कि रात्रि में बाइक को किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा ले गए जब वापस आया तो बाइक नहीं थी।


स्वतंत्र भारत
# वर्गीकृत

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SONIA था जो अब बदलकर SONIA CHAWLA हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचान जाए। SONIA CHAWLA W/O- Vishal Chawla , vv Church Lane, Prayagraj UP.

सी.आर.-187/D-28

## सूचना

मैंने अपने पुत्र मो0 असद व पुत्रवधू उम्मे हरम को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मिस्बाहुर्रहमान पुत्र स्व0 हबीबुर्रहमान मोहल्ला दलालान कस्बा व थाना जैदपुर, परगना सतरिख, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी

सी.आर.-185/D-50

## सूचना

सूचना मैने अपना नाम AYESHA RIHAN AHMAD से बदलकर AYESHA AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-RIHAN AHMAD 7, GULZAR COLONY NEW BERRY ROAD DIST-LUCKNOW-226001(U.P)

सी.आर.-184/L-25

## सूचना

सूचना मैने अपना नाम MOHD ISHAQ से बदलकर MOHAMMAD ISHAHAQ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। R/0-252 KOORA HARBANGANJ DIST-AMETHI-229304(U.P)

सी.आर.-184/L-25

## सूचना

सूचना मेरे पुत्री ANSHIKA PANDEY के मार्कसिट मे पिता का नाम SATYENDR NATH PANDEY दर्ज हो गया है जोकि गलत है वास्तविक नाम SATYENDRA NATH PANDEY सही है। सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय पुत्र श्री दिग्विजय नाथ पाण्डेय निवासी-राज सदन, धानेपुर, जनपद-गोण्डा (उ.प्र.)

सी.आर.-184/L-25

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र शुभम सागर सोनी एवं पुत्र-वधू सुगन्धा मल्ल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नही होगा। राम नारायण सोनी निवासी-49, लाजवंती नगर, सेक्टर-11,इंदिरानगर, लखनऊ.

सी.आर.-183/L-43

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम अजीत त्रिपाठी AJEET TRIPATHI दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजो में अजित कृष्णमोहन त्रिपाठी ( AJEET KRISHNMOHAN TRIPATHI ) पुत्र कृष्ण मोहन त्रिपाठी निवासी ग्राम चकिया घरहरा, महरौड़ा, गोतावां लिंक रोड नियर शिव मंदिर पोस्ट सहसों ,तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज है। AJIT TRIPATHI अजित त्रिपाठी , AJEET KRISHNMOHAN TRIPATHI अजित कृष्णमोहन त्रिपाठी और और Ajeet Tripathi अजीत त्रिपाठी यह सभी नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे है अतः मुझे मेरे सभी नाम से जाना पहचाना जाए ।

सी.आर.-187/ D

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908 ई0)**
**नम्बर.प्रा0 दी0 सं0-613/2020**
**नियत पेशी तिथि. 29.04.2025**
**अदालत-सप्तम् अपर व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ प्रभाग) लखीमपुर खीरी**
**अंजू देवी बनाम श्रीमती मीना देवी आदि**

**बनाम रू-**
श्रीमती शीलू देवी आयु लगभग 38 वर्ष पत्नी श्री सुधीर निवासिनी ग्राम चिरागली पोस्ट व परगना व तहसील महोली, जिला सीतापुर, उ0प्र0, 261141,
वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक वाद बावत् संविदा के विनिर्दिष्ट अनुपालन हेतु वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह अप्रैल, 2025ई0 बवक्त 10:00 बजे प्रातः बमुकाम लखीमपुर असालन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाकई से वाकिफ किया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमों का जवाब दे सके हाजिर हूजिये और जवाबदेही दावा कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाहों की जिनकी शहादत में जमुला दस्तावेजो जिस पर आप बताइए अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उस रोज पेश कीजिए।
और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत व बतारीख 26 माह मार्च सन् 2025 ई0 को जारी किया गया है।
इत्तिला
1. अगर आपको यह अंदेशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिरन होंगे तो आप अदालत हाजा से सम्मन बईमुदराद जारी करा सकते है कि जो वाहन हाजिर हों जबरन हाजिर कराया जाय और जिस पर दस्तावेज को किसी गवाह पेश करने का इस्तदयाल करते हो वह उससे पेश कराई जाय वर्शत कि आप खर्चा जरूरी अदालत दाखिल करके इस उर्ज की दरख्वास्त गुजारें ।
2. अगर आप मुतालिक मुकदमा की तख्सीम करनी हो तो आपको लाजिम है कि रूपया.....मय खर्चे वाजिब अदालत में दाखिल कीजिए ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपका जान माल दोनो पर ही करना पड़े।

न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)
कोर्ट नं0-7
लखीमपुर-खीरी

सी.आर.-186/ D-CN

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| निविदा सं. : 106-Sig-Tender-04-2025-26 |
| कार्य का नाम : "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन दे सेक्शान ऑफ डी. एस. टी. ई./एल. के. ओ. एण्ड डी. एस. टी. ई./I/एल. के. ओ. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत : रु. 1,34,94,367.56 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत : निल |
| धरोहर राशि : रु. 2,17,500.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि : 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 21.05.2025, 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है : वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं.: 106-सिग-टेन्डर-04-2025-26 दिनांक: 28.04.2025 1246/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (इन्दिरा नगर)**
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
आफिस काम्प्लेक्स पंचम तल वृन्दावन योजना लखनऊ

**सर्वसाधारण को सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की इन्दिरा नगर योजना लखनऊ में स्थित आवासीय भूखण्ड सं0 ए-12 श्री रवीन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री आर0एस0 गुप्ता के पक्ष में आवंटित है। भूखण्ड का कब्जा हस्तगत है। परिषद से भूखण्ड का फ्रीहोल्ड दिनांक 21.08.2018 को निष्पादित है जो उप-निबन्धक कार्यालय, लखनऊ में दिनांक 23.08.2018 को पंजीकृत है। श्रीमती कीर्ति गुप्ता पत्नी स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता एवं श्री गौरव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता तथा श्री प्रणव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने अपने आनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 03.02.2024 द्वारा सूचित किया है कि आवंटी श्री रवीन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री आर0एस0 गुप्ता की मृत्यु दिनांक 03.08.2020 को हो गयी है। मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं अन्य नामान्तरण सम्बन्धी प्रप्रत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन को आवंटी की पत्नी श्रीमती कीर्ति गुप्ता पत्नी स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता एवं श्री गौरव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता तथा श्री प्रणव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उक्त भवन को संयुक्त पक्ष में अंतरित किये जाने का अनुरोध किया है।

हितबद्ध पक्ष अथवा अन्य व्यक्ति जिन्हें उक्त अंतरण के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाश की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर कार्यालय में अपना पक्ष आवश्यक साक्ष्यों सहित लिखित रूप में प्राप्त करा सकता है, अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात यह समझा जायेगा कि उक्त अंतरण में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उक्त आवासीय भूखण्ड सं0 ए-12 को श्रीमती कीर्ति गुप्ता पत्नी स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता एवं गौरव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता तथा श्री प्रणव कुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र कुमार गुप्ता के संयुक्त पक्ष में करने की कार्यवाही की जायेगी।

सम्पत्ति प्रबन्धक

सी.आर.-182/L

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)**

पत्रांक- 1020 /1/ जननिर्माण / एम0बी0एल0 / 2025-26 दिनांक : 24-04-2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 सेक्टर-7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के पत्र संख्या - 8 / 5348/320(3) / 15वां वि०आ० / 2024-25, लखनऊ दिनॉक 26 नवम्बर, निदेशक, द्वारा 15वें वित्त आयोग की (टाइड ग्रान्ट) की द्वितीय किशत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से **ई-टेण्डरिंग** के माध्यम से निर्माण / विकास कार्यों हेतु दिनांक 28.04.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 19.05.2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदादाता बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।
1. बेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि – 28.04.2025 सायं 05:00 बजे से
2. ई - निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि - 19.05.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि - 19.05.2025 अपरान्ह 03:00 बजे से
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

संजय कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर ।

डा० इरा श्रीवास्तव
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबाग / 195 / 2025-26 |
| क | कार्य का विवरण | 25000 गैर वातानुकूलित कोचों में अग्नि शमन प्रणाली के प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 2,55,52,900 / – |
| ग | धरोहर राशि | रू0 2,77,800 / – |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड़ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 19.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 19.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्या:– विद्युत / डब्ल्यू0 / आलमबा / 195 / 2025–26 दिनांक: 26.04.2025** 1242/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–6–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ के उत्तरेटिया में 132 केवी भूमिगत केबल (132 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन (TSS) की इनकमिंग पावर केबल) की मरम्मत का कार्य । |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 49,41,840/- |
| 4. | बयाना राशि | रू. 98,800/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 21.05.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

**सं०: टीआरडी–6–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 दिनांक: 25.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1243/25

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## भारत की सख्ती के बीच पाक पीएम शहबाज शरीफ को बड़े भाई की सलाह

# कूटनीतिक ढंग से कम करो तनाव : नवाज



**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के रुख को लेकर पाकिस्तान डरा हुआ है। पाकिस्तान लगातार युद्ध की गीदड़भभकी तो दे रहा लेकिन मन ही मन वहां भारत की कार्रवाई को लेकर दहशत है। अब पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को नसीहत दी है। पूर्व पीएम नवाज ने शहबाज शरीफ से कहा है कि वे कूटनीतिक तरीके से तनाव को कम करने पर जोर दें। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने बड़े भाई और पूर्व पीएम नवाज शरीफ से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। शहबाज ने नवाज शरीफ को भारत की ओर से लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की दी जानकारी दी। साथ ही पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में भी बताया। इस दौरान पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी मौजूद थीं। शहबाज ने अपने बड़े भाई को किसी भी आक्रमण का जवाब देने की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। शहबाज ने कहा कि पहलगाम क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए आतंकी हमला भारतीयों ने किया है। वहीं सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के एकतरफा फैसले ने क्षेत्र में युद्ध के खतरे को बढ़ा दिया है। पाकिस्तान शांति के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इस पर नवाज शरीफ ने कहा कि सरकार शांति बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध राजनयिक संसाधनों का इस्तेमाल करे। कूटनीतिक तरीके से तनाव कम करने पर जोर दिया जाए। इससे पहले पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय दल को इस बात का पता लगाने दें।

# खुद को बचाने के लिए चीन-रूस के कदमों में गिरा पाक

**मॉस्को।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आतंकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की वैश्विक स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। तमाम देशों के नेताओं ने आतंक से निपटने के लिए भारत के प्रति अपना समर्थन जताया है। वहीं इस हमले के बाद भारत के कड़े रुख और जवाबी एक्शन से पड़ोसी देश की नींद उड़ गई है। आतंकवाद के मुद्दे पर फंसे पाकिस्तान ने हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने जांच के लिए अपने पुराने दोस्त चीन

### भारत की कार्रवाई से पाक की उड़ी नींद

का नाम लिया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय दल को इस बात का पता लगाने दें।




# इजरायल के खिलाफ आईसीजे पहुंचे 40 देश

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) में आज से 40 देशों की सुनवाई शुरू हो रही है। ये देश गाजा पर भीषण नरसंहार के चलते इजरायल के खिलाफ अपनी फरियाद लेकर आईसीजे पहुंचे हैं। ये अपनी दलीलें देंगे कि इजरायल को गाजा और वेस्ट बैंक में फंसे फिलीस्तीनियों को जरूरी मानवीय मदद कैसे और क्यों मुहैया करानी चाहिए।

यह मामला उस समय उठा जब पिछले साल इजरायल ने गाजा में सहायता पहुंचाने वाले मुख्य संगठन यूएनआरडब्ल्यूए पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आईसीजे से सलाहकार राय मांगी थी। अमेरिका, जो इजरायल का सबसे करीबी सहयोगी है, ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया था।

इजरायल ने एक बार फिर गाजा में सारी मानवीय सहायता पर रोक लगा दी है। हालांकि, इजरायल का दावा है कि गाजा में सहायता की कोई कमी नहीं है और वह सहायता रोकने का अधिकार रखता है, क्योंकि हमास उस सहायता को जब्त कर लेता है। आईसीजे का फैसला सलाहकार होगा, यानी कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होगा, लेकिन इसका वैश्विक स्तर पर भारी प्रभाव पड़ेगा। निर्णय आने में कई महीने लग सकते हैं।

### क्या है इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस?

आईसीजे संयुक्त राष्ट्र का न्यायिक अंग है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित हुआ था। यह देश और देश के बीच कानूनी विवादों को हल करता है। सभी 193 यूएन सदस्य देश इसके सदस्य हैं, लेकिन इसकी न्यायिक शक्ति को सभी देश स्वतः नहीं मानते। पिछले साल आईसीजे ने इजरायल के कब्जे को अवैध करार देते हुए कहा था कि वह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है और फिलीस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार में बाधा डाल रहा है।

## उत्तर कोरिया ने स्वीकारी रूस को सैनिक भेजने की बात

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को पहली बार ये स्वीकारा कि उसने यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजे थे। यूक्रेन, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने ये दावा किया था कि उत्तर कोरिया ने रूस की मदद के लिए अपने करीब 10 हजार सैनिक भेजे हैं, जिन्होंने मोर्चे पर रूस की तरफ से लड़ाई लड़ी थी। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ, लेकिन उत्तर कोरिया की तरफ से अभी तक ये बात स्वीकार नहीं की गई थी। अब पहली बार उत्तर कोरिया ने यह स्वीकार किया है।

## अब चीन और फिलीपींस में बढ़ रहा तनाव

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन और फिलीपींस में तनाव गहराता ही जा रहा है। चीन ने फिलीपीन के छह नागरिकों के दक्षिण चीन सागर में एक छोटे टीले में उतरने का दावा किया है। इस क्षेत्र पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। इससे कुछ ही दिन पहले सामने आई तस्वीरों में चीनी तट रक्षक अधिकारी उसी रेत के टीले 'सैंडी केय' पर चीनी झंडा फहराते दिखे थे। दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। चीन लगभग संपूर्ण दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। चीनी तट रक्षक बल ने एक बयान जारी कर फिलीपीन के नागरिकों के टीले पर उतरने को 'अवैध' करार देते हुए कहा कि चीनी अधिकारी ''मौके पर सत्यापन और प्रवर्तन संबंधी कदम उठाने'' के लिए तट पर गए।

## ईरान में आग बुझाने को रूस भेजेगा विमान

**मॉस्को/मस्कट।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी बंदरगाह बंदर अब्बास पर रसायन में हुए विस्फोट के बाद राहत व बचाव कार्य के लिए अपने जहाज भेजने का फैसला किया है। इस बीच, विस्फोट के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है, जबकि 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रूस के आपातकाल मंत्रालय ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने हताहतों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान की मदद के लिए अग्निशमन में विशेषज्ञता रखने वाला बेरीव बी-200 उभयचर विमान व इल्युशिन आईएल-76 सैन्य परिवहन विमान को भेजा जाएगा। इस बीच, विस्फोट के कारण मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। घायलों की संख्या 800 से अधिक बताई जा रही है। विस्फोट के कुछ घंटों बाद हेलिकॉप्टर आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार करते नजर आए। यह विस्फोट ऐसे समय हुआ है, जब ईरान व अमेरिका ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर तीसरे दौर की वार्ता के लिए ओमान में शनिवार को मुलाकात की थी। ईरान में किसी ने भी यह नहीं कहा कि यह विस्फोट किसी हमले के परिणामस्वरूप हुआ है। एक सुरक्षा कंपनी ने बताया कि बंदरगाह पर कथित तौर पर मिसाइल ईंधन के लिए रसायन लाया गया था। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने कहा कि बंदरगाह पर मार्च में सोडियम परक्लोरेट रॉकेट ईंधन की खेप आई थी। यह ईंधन चीन से दो जहाजों द्वारा ईरान भेजी गई खेप का हिस्सा है। इस ईंधन का उपयोग ईरान में मिसाइल भंडार को पुनः स्थापित करने के लिए किया जाना था, जो गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध के दौरान इस्राइल पर सीधे हमलों के कारण समाप्त हो गया था।

## इजरायल के ताजा हमलों में मारे गए 43 फिलिस्तीनी

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 43 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने रविवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के उत्तर-पश्चिम में हमाद शहर के पास विस्थापित व्यक्तियों के एक तंबू पर इजरायली विमान के हमले में तीन बच्चों और एक महिला सहित आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में मध्य गाजा के डेर-अल-बलाह में पांच फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## वापस लौट रहे हैं श्रद्धा आर्य और शक्ति आनंद



भारतीय टेलीविज़न के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है, जिसे कोई भी दर्शक मिस नहीं करना चाहेगा। श्रद्धा आर्य और शक्ति आनंद फिर लौट रहे हैं प्रीता और करण के रूप में, इस बार कुमकुम भाग्य के साथ! ज़ी टीवी एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है, जिसमें दो आइकॉनिक शोज़ कुंडली भाग्य और कुमकुम भाग्य को एक हाई-वोल्टेज क्रॉसओवर के ज़रिए जोड़ा जा रहा है। पहली बार ऐसा होगा, जब एक ऐसे डेली सोप के किरदार, जो अब ऑफ-एयर हो चुका है, एक दूसरे चल रहे शो में एंट्री करेंगे। इससे 'भाग्य यूनिवर्स' के तमाम फैंस को एक रोमांचक मोड़ पर एक साथ लाया जाएगा। जहां कुमकुम भाग्य में प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) और रौनक (अक्षय देव बिंद्रा) की प्यार भरी कहानी आगे बढ़ रही है, वहीं अब दो बेहद पॉपुलर किरदार शो में एंट्री लेने जा रहे हैं - करण लूथरा (शक्ति आनंद) और प्रीता लूथरा (श्रद्धा आर्य)। करण एक अस्पताल के उद्घाटन समारोह के लिए पहुंचता है, लेकिन उसे ये पता नहीं होता कि उसी अस्पताल में, उसकी बिछड़ी मोहब्बत प्रीता, कोमा में बेहोश पड़ी है। जब करण अस्पताल के गलियारों में चल रहा होता है, वो अनजाने में प्रार्थना से टकरा जाता है। ठीक उसी वक्त, उनके पीछे से एक स्ट्रेचर गुजरता है - जिस पर प्रीता लेटी होती है। करण के दिल में एक अजीब-सी बेचैनी होती है, जैसे कोई पुरानी पहचान उसे पुकार रही हो, कोई जज़्बात हो जो कह रहा हो कि वो यहीं कहीं है। इस इमोशनल क्रॉसओवर को लेकर फैंस की उत्सुकता अपने चरम पर है। श्रद्धा और शक्ति की वापसी ने सोशल मीडिया पर पहले ही हलचल मचा दी है। एक बात तो तय है कि कुमकुम भाग्य के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोमांचक होने वाले हैं। मालूम हो कि 'कुमकुम भाग्य' रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बनारसी व्यंजनों की बात ही कुछ और-विदिशा



गर्मियों का मौसम ठंडी चीज़ों से लेकर स्वादिष्ट पेय तक, यह मौसम ऐसी चीज़ों का है जो हमें बचपन के मज़ेदार दिन याद दिलाती हैं। एण्डटीवी के चर्चित शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''बनारस में गर्मी की वजह से दोपहर बड़ी सुस्त हो जाती थी, लेकिन शाम होते ही शहर में रौनक आ जाती थी, खासकर गलियों में ठंडाई की खुशबू आने से। दूध, सूखे मेवे, केसर और कुछ खास मसालों से बनी ठंडाई सिर्फ एक ड्रिंक नहीं थी, यह एक अलग ही मज़ा था। मेरे पापा हमारी पसंदीदा दुकान से इसे घर लाते थे, और इससे हमारा दिन बन जाता था। एक और गर्मी की पसंदीदा चीज़ कच्चे केले की टिक्की थी, जो हल्के मसाले वाली और पुदीने की चटनी के साथ परोसी जाती थी। मेरी नानी ये सबसे अच्छा बनाती थीं। और हाँ, चना चाट के बिना तो गर्मी पूरी ही नहीं होती थी, इसमें कटे हुए कच्चे आम, नींबू का रस और मसाले डाले जाते थे। यह हमारे छत पर खेलने जाने से पहले का एकदम परफेक्ट स्नैक होता था। आज भी, जब भी मैं घर पर होती हूँ, मैं उन खास शामों को दोबारा जीने की कोशिश जरूर करती हूँ। बनारस में गर्मियों के मौसम में बनाये जाने वाले व्यंजनों की का कोई मुकाबला नहीं है। क्या स्वाद और खुशबू सब कुछ बेजोड़।''

